



THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-27 अंक : 264 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) मार्गशीर्ष पूर्णिमा 2079 गुरुवार, 8 दिसंबर 2022

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये


## महाराष्ट्र में कर्नाटक की बसों पर कालिख पोती

मुंबई, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा विवाद हिंसक होता जा रहा है। बुधवार को नवी मुंबई में मनसे कार्यकर्ताओं ने कर्नाटक की बसों पर ब्लैक पेंट स्प्रे कर विरोध किया।

वहीं सोलापुर में भी स्थानीय संगठनों ने कर्नाटक की बस पर कर्नाटक सीएम बोम्मई की फोटो लगाकर ब्लैक पेंट स्प्रे किया। उधर लोकसभा में एनसीपी की सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि पिछले 10 दिनों से महाराष्ट्र में एक मुद्दा चल रहा है। हमारे पड़ोसी राज्य कर्नाटक के सीएम् नांनसेंस बोल रहे हैं। वे महाराष्ट्र को अलग करने की बात कर रहे हैं। दोनों ही राज्य भाजपा शासित हैं। महाराष्ट्र के लोगों को कल कर्नाटक में जाने पर पीटा भी गया। यह एक देश है। >14

## दिल्ली वालों ने सुनाया फैसला

# एमसीडी भी आप ही संभालो

*✻ 15 साल बाद एमसीडी की सत्ता से भाजपा आउट ✻ बीजेपी को 104-आप को 134 सीटें ✻ केजरीवाल बोले-पीएम मोदी के आशीर्वाद से विकास करेंगे*



नई दिल्ली, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में पिछले 15 साल से काबिज भाजपा का पत्ता साफ हो गया है। आम आदमी पार्टी (आप) ने यहां बहुमत से जीत दर्ज की है। स्टेट इलेक्शन कमीशन के मुताबिक 250 सीटों वाले एमसीडी में आप को 134 सीटें मिली हैं, जो बहुमत से 8 ज्यादा हैं। वहीं भाजपा को 104, कांग्रेस को 9 और 3 सीटों पर निर्दलीय प्रत्याशियों की जीत हुई है।

एमसीडी में आप की जीत पर सीएम अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की जनता को बधाई दी। पार्टी ऑफिस में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा- दिल्ली की जनता ने अपने बेटे और भाई को दिल्ली की सफाई और भ्रष्टाचार खत्म करने की जिम्मेदारी दी है। हमें केंद्र सरकार का भी सहयोग चाहिए। प्रधानमंत्री जी का भी आशीर्वाद चाहिए।

**संजय सिंह बोले-लोगों ने कट्टर ईमानदार को जिताया**

पार्टी के सांसद संजय सिंह ने भाजपा पर हमला बोला है। सिंह ने कहा- अरविंद केजरीवाल कट्टर ईमानदार हैं, लोगों ने ईमानदार को जिताया है। भाजपा के किले को ध्वस्त करने का काम केजरीवाल ने किया। भाजपा अभी भी कह रही है मेयर हमारा होगा, जबकि उनकी 20-25 सीटें कम हैं। भाजपा खोखा पार्टी है। दिल्ली का मेयर भी हमारा होगा। मैं भाजपा को कहना चाहता हूं कि दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी वालों 17 केंद्रीय मंत्री और 8 मुख्यमंत्री दिल्ली में लगाए, फिर भी जनता ने केजरीवाल को जिताया है।

वहीं, केजरीवाल सरकार के मंत्री गोपाल राय ने कहा कि आज दिल्ली के लोगों ने इतिहास रचा है। दिल्ली से नई शुरुआत हुई है। बात निकलेगी तो दूर तलक जाएगी। अब तक भाजपा कहती रही है कि केजरीवाल तो कांग्रेस को हराते हैं, लेकिन दिल्ली ने दिखा दिया कि भ्रष्टाचार का एक ही काल है। वह है केजरीवाल।

### दिग्गजों के क्षेत्र में आप पिछड़ी

मनीष सिसोदिया के विधानसभा क्षेत्र में 4 सीटें हैं। भाजपा ने 3 पर जीत दर्ज की। आप के खाते में एक ही सीट आई। जेल में बंद सत्येंद्र जैन के विधानसभा क्षेत्र में 3 वार्ड हैं। पार्टी तीनों पर भाजपा से हार गई। केजरीवाल के वार्ड नंबर 74 चांदनी चौक से पार्टी के उम्मीदवार पुनर्दीप सिंह ने भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशी को हराया। उधर, आप विधायक अमानतुल्लाह के वार्ड नंबर 189 जाकिर नगर से कांग्रेस विजयी हुई।

बता दें कि दिल्ली नगर निगम के 250 वार्डों के लिए 4 दिसंबर को मतदान हुआ था। चुनाव आयोग के मुताबिक इस बार करीब 50% मतदान हुआ है। 2017 में 53.55% मतदान हुआ था। यानी अब तक के आंकड़ों की तुलना करें तो इस बार 3% तक कम वोटिंग हुई थी।

## मंत्री का महिला के साथ आपत्तिजनक वीडियो

जोधपुर, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक अश्लील वीडियो ने सनसनी फैला दी है। भाजपा का दावा है कि वीडियो राजस्थान के अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री शाले मोहम्मद का है और उनके साथ नजर आ रही महिला जोधपुर की है। बीजेपी ने वीडियो अपने ट्विटर अकाउंट पर शेयर किया है और शाले को कांग्रेस से बर्खास्त करने की मांग की है। जोधपुर की एक महिला ने दो दिन पहले पुलिस को वीडियो लीक होने की शिकायत की थी। महिला की शिकायत पर पुलिस ने जांच की तो वीडियो शेयर करने वाले पांच लड़कों तक पहुंची। जोधपुर के शेरगढ़ थाना अधिकारी देवेन्द्र सिंह ने बताया कि पीड़िता ने 5 दिसंबर को एफआईआर दर्ज करवाई है। पीड़िता ने कहा है कि गलती से उसका अश्लील वीडियो बन गया था। इसे उसकी 7 साल की बच्ची ने फोन पर गेम खेलते वक्त गलती से किसी और को फॉरवर्ड कर दिया। उस समय उसे पता नहीं चला। >14

# पीएम की अपील-सदन चलने दें

## युवा सांसदों के भविष्य के लिए उन्हें बहस में भाग लेने का मौका मिले



नई दिल्ली, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। संसद के शीतकालीन सत्र के पहले बुधवार को पीएम मोदी ने मीडिया से बात की। उन्होंने सभी दलों के नेताओं से अपील की कि वे सदन की कार्रवाई को चलने दें। बिना शोरगुल और व्यवधान के चर्चाओं को आगे बढ़ाएं। 15 दिवंगतों को श्रद्धांजलि देने के बाद लोकसभा 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

सत्र की शुरुआत से पहले पीएम ने कहा, 'पहली बार सदन में आए युवा सांसदों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए हम ज्यादा से ज्यादा अवसर दें। चर्चाओं में भागीदार बनाएं। चर्चा न होने के कारण हम जो सीखना चाहते हैं समझना चाहते हैं, उससे अछूते रह जाते हैं। इसलिए सदन का चलना बहुत जरूरी है। ये सभी युवा सांसदों की मांग है। विपक्ष की भी मांग है कि डिबेट में हमें बोलने का मौका नहीं मिलता है। हमारा बहुत नुकसान होता है।' मोदी ने कहा- सभी नेता हमारे सांसदों की वेदना समझें। देश के विकास में उनका योगदान लोकतंत्र के लिए जरूरी है। मैं सभी दलों के सभी सांसदों से सत्र को प्रोडक्टिव बनाने की अपील करता हूं। आज पहली बार हमारे उपराष्ट्रपति राज्यसभा के सभापति के रूप में पहला सत्र और पहला दिन होगा। राष्ट्रपति ने भारत की आदिवासी परंपरा के गौरव को बढ़ाया है। उसी तरह किसान पुत्र वाइस प्रेसिडेंट देश का गौरव बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा, विश्व समुदाय में भारत का स्थान बढ़ा है। G-20 की मेजबानी मिलना भारत के लिए बड़ा अवसर है। यह समिट सिर्फ एक कूटनीतिक कार्यक्रम नहीं है। बल्कि दुनिया के सामने भारत की क्षमता को दिखाने का मौका है।

**उप राष्ट्रपति का स्वागत**

पीएम मोदी ने कहा- आज आर्म्ड फोर्सेस फ्लैग डे भी है। झुंझुनु वीरों की भूमि है, शायद ही कोई परिवार हो जिसने देश सेवा न की हो। ये सोने पे सुहागा है कि आप सैन्य स्कूल के स्टूडेंट रहे। आप में किसान और जवान दोनों समाहित हैं। सदन ऐसे समय में आपका स्वागत कर रहा है जब देश दो अवसरों का साक्षी बना है। >14

# आतिशी, निर्मला या शालिनी बन सकती हैं मेयर

## जीत से सिसोदिया का कद बढ़ा, मुस्लिमों ने बढ़ाई चिंता

नई दिल्ली, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। गुजरात और हिमाचल विधानसभा चुनाव के नतीजों से एक दिन पहले आप की ये जीत राष्ट्रीय राजनीति के लिए भी कई संदेश लेकर आई है। आप के कई बड़े नेता शराब घोटाले और हवाला कारोबार के आरोपों से घिरे हैं। स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन जेल में हैं और डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया पर भी लगातार सवाल उठ रहे हैं। ऐसे में इस जीत ने पार्टी में मनीष सिसोदिया के कद को और मजबूत किया है। आम आदमी पार्टी के सूत्रों के मुताबिक इस जीत के बाद मनीष सिसोदिया को दिल्ली में बड़ी भूमिका मिल सकती है और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ने के लिए मुक्त हो सकते हैं। सिसोदिया के लिए ये भूमिका सीएम की भी हो सकती है। एमसीडी की तैयारी मनीष सिसोदिया के अलावा राघव चड्ढा, आतिशी, संजय सिंह, सौरभ भारद्वाज जैसे नेताओं के कंधों पर थी। एमसीडी की जीत ने इन नेताओं को पहली श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया है। पार्टी के लिए इन नेताओं के रूप में नया नेतृत्व खड़ा होगा और देशभर में पार्टी के प्रसार में ये फायदा पहुंचाएगा। आने वाले दिनों में हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में भी विधानसभा चुनाव हैं। एमसीडी में बहुमत पाते ही सबसे पहला सवाल उठ रहा है कि अब मेयर कौन होगा? विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक इसके लिए भी पार्टी ने पहले ही तैयारी कर रखी है। आतिशी मर्लेना का नाम इस रेस में फिलहाल सबसे आगे है। हालांकि उन्हें इसके लिए विधायक का पद छोड़ना पड़ेगा। आतिशी के अलावा निर्मला देवी को भी मेयर बनाया जा सकता है। निर्मला देवी पार्टी की महिला इकाई की प्रदेश संयोजक हैं।

# चेन्नई में वैन-कलबुर्गी में कार कंटेनर से भिड़ी

## आठ की मौत, स्टालिन ने जताया दुख



चेन्नई/कलबुर्गी, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। तमिलनाडु व कर्नाटक में हुए दो सड़क हादसों में आज आठ लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। चेन्नई के समीप बुधवार को एक वैन कंटेनर ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। सीएम एम के स्टालिन ने हादसे पर दुख प्रकट किया है। उधर, कर्नाटक के कलबुर्गी में एक कार कंटेनर में पीछे से जा घुसी। इससे कार में सवार दो लोगों की मौत हो गई।

तमिलनाडु के सीएम स्टालिन ने प्रत्येक मृतक के आश्रितों को एक एक लाख की सहायता देने की घोषणा की है। हादसे की सूचना मिलते ही स्टालिन ने एमएसएमई मंत्री अनबरसन को मौके पर जाने और पीड़ितों को सभी प्रकार की सहायता मुहैया कराने का निर्देश दिया। सीएम ने घायलों के बेहतर इलाज का आदेश दिया। स्टालिन ने मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

तमिलनाडु में हादसा आज सुबह चेंगलपेट जिले में हुआ। वैन सवार यात्री तिरुवन्नामलाई से चेन्नई लौट रहे थे। चार घायलों का इलाज चेंगलपेट के सरकारी मेडिकल कॉलेज में किया जा रहा है।

उधर, कर्नाटक के कलबुर्गी जिले के सोनना क्रॉस के पास तेज रफ्तार एक कार कंटेनर ट्रक में पीछे से घुस गई। हादसे में कार सवार दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान सिंडगी थाने के सर्कल इंस्पेक्टर रवि और उनकी पत्नी मधु के रूप में हुई है। नेलोगी थाने में मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

## कांग्रेस की अगुआई वाली बैठक में पहुंचे आप और तृणमूल के नेता

नई दिल्ली, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। संसद का शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले 7 दिसंबर की सुबह कांग्रेस अध्यक्ष मल्लकिार्जुन खड़गे ने विपक्षी नेताओं के साथ बैठक की। यह बैठक सदन में सरकार को घेरने की रणनीति बनाने के लिए थी। बैठक में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के नेता भी पहुंचे। इन नेताओं की बैठक में मौजूदगी हैरान करने वाली थी, क्योंकि ऐसे संकेत थे कि कांग्रेस की किसी पहल में आप या तृणमूल कांग्रेस सहयोगी बनने की इच्छा नहीं रखतीं। खड़गे के कांग्रेस अध्यक्ष बनने के बाद यह संसद का पहला सत्र है। ऐसे में जाहिर है, उनकी अगुआई में मंत्रणा बैठक में आप और तृणमूल जैसे विपक्षी दलों की मौजूदगी उनका उत्साह बढ़ाने वाला रहा।

## पांच साल में सीबीआई ने 56 'माननीयों' पर दर्ज किए केस, 22 के खिलाफ आरोप पत्र दायर

नई दि, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। पिछले पांच सालों में देश के 56 सांसदों व विधायकों के खिलाफ सीबीआई ने केस दर्ज किए हैं। इनमें से 22 के खिलाफ आरोप पत्र दायर कर दिए गए हैं।

लोकसभा में आज केंद्रीय कार्मिक व प्रशिक्षण मंत्रालय ने बताया कि 2017 से लेकर 31 अक्तूबर 2022 तक सीबीआई ने माननीयों के खिलाफ ये केस दर्ज किए गए। माननीयों के खिलाफ सबसे ज्यादा 10 केस आंध्र प्रदेश में दर्ज हुए। वहीं, यूपी व केरल दूसरे नंबर पर रहे। यहां 6-6 केस दर्ज किए गए।

# दक्षिण के 3 राज्यों में चक्रवात मंडौस की चेतावनी

## *तमिलनाडु में भारी बारिश, उत्तर भारत में सर्दी बढ़ी*



चेन्नई/नई दिल्ली, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। देश के कई राज्यों में मौसम ने करवट बदल ली है। एक तरफ उत्तर भारत में सर्दी बढ़ने लगी है तो वहीं, दक्षिण के राज्यों में बारिश का दौर शुरू हो गया है। मौसम विभाग में दक्षिण के तीन राज्यों में चक्रवाती तूफान मंडौस को लेकर अलर्ट जारी किया है। इस तूफान से तमिलनाडु के तटीय इलाकों में बारिश शुरू हो गई है।

वहीं, दक्षिण में बारिश की वजह से उत्तर भारत में ठंड बढ़ने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक, पश्चिमी विक्षोभ के जम्मू-कश्मीर और आसपास के इलाकों को प्रभावित करने की संभावना है। इससे पहाड़ों पर हल्की बर्फबारी हो सकती है। राजस्थान, पजांब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश समेत उत्तर भारत के राज्यों में बुधवार से अगले तीन दिन तक बादल छाने और बारिश के आसार हैं। इससे उत्तर भारत में सर्दी का नया दौर शुरू होने की संभावना है।

**दक्षिण के तीन राज्यों में अगले दो दिन में भारी बारिश की चेतावनी**

मौसम विभाग ने बुधवार से शुक्रवार तक भारी बारिश की चेतावनी दी है। विभाग के मुताबिक अगले दो दिन बाद यानी गुरुवार को उत्तर तमिलनाडु, पुद्दुचेरी और दक्षिण आंध्र प्रदेश में तेज तूफान के साथ भारी बारिश होने की संभावना है। साउथ के 13 जिलों में रेड अलर्ट है। एनडीआरएफ की 6 टीमों को लगाया गया है।

# ट्रेन-प्लेटफॉर्म के बीच फंसी इंजीनियरिंग की छात्रा

## गुंटूर एक्सप्रेस से उतरते वक्त फिसली, दर्द से कराहती रही; प्लेटफॉर्म तोड़कर निकाला



विशाखापट्टनम, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में दुव्वाडा स्टेशन पर एक कॉलेज स्टूडेंट ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच फस गई। घटना बुधवार की है। गुंटूर रायगढ़ एक्सप्रेस से उतरते समय एक लड़की का पैर फिसल गया। वह गिरी और ट्रेन के बीच बुरी तरह फंस गई।

लड़की को गिरते देखकर लोगों ने ट्रेन रुकवाई। इसके बाद प्लेटफॉर्म तोड़कर लड़की को बाहर निकाला गया। लड़की जब ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच फंसी थी, तब वह दर्द से कराह रही थी। उसका ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

**घायल लड़की हॉस्पिटल में भर्ती**

इस काम के लिए जीआरपी, आरपीएफ और रेलवे के इंजीनियर्स मौके पर पहुंच गए। उन्होंने ट्रेन में फंसा हुआ बैग निकालकर लड़की को थोड़ी राहत दी। उसके बाद प्लेटफॉर्म के किनारे तोड़कर उसे बाहर निकाला। इस हादसे में लड़की को कुछ चोटें भी आई थीं, इसलिए उसे पास के हॉस्पिटल में एडमिट किया गया।

**रोजाना अप-डाउन करती थी शशिकला**

रिपोर्ट्स के मुताबिक 23 साल की शशिकला अन्नावरम की रहने वाली है।

वह इंजीनियरिंग की स्टूडेंट है और रोजाना ट्रेन से ही विशाखापट्टनम अपने कॉलेज जाती है। आज भी वह कॉलेज के लिए निकली थी, लेकिन फिर ये हादसा हो गया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला गया।

## नौकरी में क्या रिजर्वेशन से आए थे

**कर्मचारी ने हां में जवाब दिया; जज बोले- नाम से ही समझ गए थे**

पटना, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। सोशल मीडिया पर पटना हाईकोर्ट का वीडियो वायरल है। यह वीडियो जस्टिस संदीप कुमार के कोर्ट का है। वीडियो में जस्टिस संदीप कुमार एक सरकारी कर्मचारी से यह पूछते हुए दिख रहे हैं कि भारती जी रिजर्वेशन पर आए थे नौकरी में क्या? कर्मचारी ने हां में जवाब दिया।

इसके बाद जस्टिस कुमार उन्हें जाने के लिए कहते हैं। कर्मचारी के जाते ही जस्टिस यह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि समझ गए थे नाम से ही। इसके बाद कोर्ट में मौजूद एक वकील हंसते हुए ये कह रहा है कि आप तो हुजूर समझ गए। आगे वो कहते हैं कि दो नौकरी के बराबर हुजूर हो गया होगा। इस बीच जज टोकते हैं कि नहीं-नहीं कुछ नहीं होता है इन लोगों का। बेचारा जो पैसा कमाया होगा, खत्म भी हो गया होगा। हालांकि वीडियो से स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि ये किस मामले से जुड़ा वीडियो है? कब इसकी सुनवाई हुई थी? इससे पहले कोर्ट में क्या कार्यवाही हो रही थी या उसके बाद क्या हुआ।

हालांकि अंग्रेजी वेबसाइट एनडीटीवी ने लीगल न्यूज वेबसाइट लाइव लॉ के हवाले से लिखा है कि ये 23 नवंबर का मामला है। जिसका वीडियो अभी वायरल हो रहा है। कोर्ट में जिला भू अर्जन पदाधिकारी अरविंद कुमार भारती से संबंधित मामले की सुनवाई हो रही थी। लाइव लॉ के हवाले से ही बताया गया है कि भारती पर आरोप है कि विवादित जमीन पर भी उन्होंने बिना किसी जांच-पड़ताल के किसी व्यक्ति के नाम मुआवजा जारी कर दिया।

## मालाबार ज्वैलरी के दफ्तर के गुप्त चैंबर में छिपा रखा था 2.51 करोड़ का 'अवैध सोना', ईडी ने किया जब्त

मलप्पुरम, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को कहा कि उसने मलप्पुरम स्थित एक ज्वेलरी हाउस के प्रमोटर के परिसर में स्थित एक ''गुप्त'' चैंबर से 2.51 करोड़ रुपये का सोना जब्त किया है। ईडी ने यह कार्रवाई एक राजनयिक बैग के माध्यम से तस्करी मामले में की है। संघीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि मालाबार ज्वेलरी और फाइन गोल्ड ज्वैलरी के प्रमोटर अबूबकर पाजेदाथ के खिलाफ कार्रवाई की गई है, दोनों केरल के मलप्पुरम में स्थित हैं और एटलस गोल्ड सुपर मार्केट्स प्राइवेट लिमिटेड, कोझिकोड के शेयरधारकों में से एक हैं।

सोने की जब्ती से जिस रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है उसकी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), एनआईए और सीमा शुल्क विभाग अलग-अलग जांच कर रही है। बता दें कि 5 जुलाई 2020 को तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे के यूएई वाणिज्य दूतावास के एक राजनयिक के सामान से 15 करोड़ रुपये मूल्य का जब्त किया था। >14

# अग्नि-5 टेस्ट से ठीक पहले फिर आया चीनी खुफिया जहाज

## 750 किमी दूर की बातचीत सुन सकता है वांग-5, क्या रोकनी पड़ेगी टेस्टिंग

नई दिल्ली, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। भारत की टोह लेने इस साल तीसरी बार चीन ने अपने खुफिया जहाज को भेजा है। 15-16 दिसंबर को भारत अग्नि-5 मिसाइल का टेस्ट करने जा रहा है। इसके लिए 30 नवंबर को नोटिस टू एयरमेन जारी किया था। इसके मुताबिक बंगाल की खाड़ी के 5,400 किमी. की रेंज को नो फ्लाई जोन बनाया गया है। नोटम जारी होने के सिर्फ 5 दिन बाद ही चीन ने अपना जासूसी जहाज युआन वांग-5 हिंद महासागर के क्षेत्र में भेज दिया। चीन का ये जहाज सोमवार से इंडोनेशिया के जावा द्वीप के आस-पास चक्कर लगा रहा है। इससे पहले अगस्त और नवंबर में भी चीन के खुफिया जहाज आ चुके हैं।

डिफेंस एक्सपर्ट रिटायर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल जेएस सोढ़ी का कहना है कि भारत अपनी डिफेंस क्षमता लगातार बढ़ा है, ये चीन को रास नहीं आ रहा। अग्नि-5 मिसाइल की जद में पूरा चीन आएगा, जो चीन आर्मी के अधिकारियों के बीच इस वक्त हॉट टॉपिक होगा। ऐसे में चीन की कोशिश है कि वो इस मिसाइल से जुड़ी अधिक से अधिक खुफिया जानकारी जुटा सके। रिटायर्ड मेजर जनरल पीके सहगल के मुताबिक, "चीन, भारत के लगातार मिसाइल टेस्टिंग से परेशान है। अग्नि-5 के सफल परीक्षण के बाद भारत एयर, लैंड और वाटर तीनों ही जगहों से चीन को निशाना बना सकेगा। इससे चीन परेशान है। वो मिसाइल की वास्तविक क्षमता परखना चाहता है। इसलिए ऐसी जगह पर अपने जहाज को खड़ा कर रखा है जहां से आसानी से परीक्षण के दौरान वो मिसाइल के प्रोजेक्टरी और उसके रडार एरिया को ट्रेस कर सके।' जेएस सोढ़ी के मुताबिक, "भारत ने पहले ही खुले तौर पर अनाउंस कर रखा है कि वो अगले हफ्ते अग्नि-5 मिसाइल का टेस्ट करेगा। ऐसे में चीन अपनी पूरी सेना भी लाकर खड़ा कर दे, तो भी भारत को इस मिसाइल परीक्षण से रोक नहीं सकता। चीन सिर्फ भारत पर दबाव बनाना चाहता है, ये एक बेहद आम कूटनीति है। इस बीच वो चाहेगा कि किसी तरह मिसाइल की खुफिया जानकारी पता लगाए, ताकि इसका काउंटर तैयार किया जा सके।'

पीके सहगल का कहना है कि चीन इस बार हमारे डिफेंस सिस्टम का तोड़ निकालने की कोशिश करेगा। उसकी मंशा मिसाइल परीक्षण को प्रभावित करने की नहीं, बल्कि मिसाइल की खुफिया जानकारी निकालने की है। भारत भी इस बात से वाकिफ है, लेकिन वो अपना परीक्षण सिर्फ इस डर से नहीं रोकेगा कि कोई चीनी जहाज उसके मिसाइल की जासूसी करने के लिए खड़ा हुआ है।

जेएस सोढ़ी ने कहा, इंटरनेशनल वाटर क्षेत्र में किसी भी देश का समुद्री जहाज आ-जा सकता है, इस पर कोई रोक-टोक नहीं होती। भारत के खुफिया एजेंसी की इस वक्त चीन के स्पाई जहाज के हर मूवमेंट पर नजर होगी। भारत अपनी ओर से काउंटर सर्विलांस एक्शन ले सकता है, पर चीनी जहाज को हिंद महासागर के क्षेत्र में आने से नहीं रोक सकता।' >14

# 'उठो मराठा उठो, हिंसा के लिए दिल्ली जिम्मेदार'

## महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा विवाद पर बोले संजय राउत

मुंबई, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र और कर्नाटक के बीच बढ़ते सीमा विवाद को लेकर उद्धव ठाकरे गुट के नेता संजय राउत ने आज केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला है। राउत ने कहा कि सीमा पर हिंसा की घटनाएं दिल्ली के समर्थन के बिना नहीं हो सकती हैं। राउत ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर भी निशाना साधा और कहा कि राज्य इस तरह के हमलों का मुकाबला करने में कमजोर दिखाई देता है।

**राउत ने 'उठो मराठा उठो' के नारे लगाए**

राज्यसभा सदस्य राउत ने ट्वीट में केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि महाराष्ट्र के मराठी लोगों और वाहनों पर



दिल्ली के समर्थन के बिना बेलगावी में हमला नहीं किया जा सकता है। महाराष्ट्र एकीकरण समिति के कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है। मराठी स्वाभिमान की रीढ़ तोड़कर उसे खत्म करने का खेल शुरू हो गया है। बेलगावी में हुआ हमला उसी साजिश का हिस्सा है। उठो मराठा उठो!

**बेलगावी को केंद्र शासित प्रदेश घोषित करें: राउत**

बाद में पत्रकारों से बात करते हुए राउत ने कहा बेलगावी को केंद्र शासित प्रदेश घोषित करें। उन्होंने कहा कि लोग राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष शरद पवार के नेतृत्व में बेलगावी जाने के लिए तैयार हैं। राकांपा शिवसेना (यूबीटी) की सहयोगी है और शिंदे के नेतृत्व में विद्रोह के बाद इस साल जून में उनकी सरकार गिरने से पहले कांग्रेस के साथ दोनों दल महाराष्ट्र में सत्ता में थे। शिंदे ने बाद में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के समर्थन से सरकार बनाई।

**राउत ने सीएम शिंदे पर बोला हमला**

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे कहते हैं कि उन्होंने एक क्रांति पैदा की है। यह किस तरह की क्रांति है, इसे इस बात से देखा जा सकता है कि इन हमलों का मुकाबला करने के लिए राज्य किस तरह कमजोर दिख रहा है। उन्होंने आगे कहा कि जिन लोगों ने यह कहकर शिवसेना छोड़ी कि उनमें स्वाभिमान है, उन्होंने अब चुप रहने का फैसला किया है।

# पूर्व पार्षद का टिकट काट आप ने

## ट्रांसजेंडर बॉबी किन्नर पर लगाया था दांव

### सुल्तानपुरी-ए से बॉबी किन्नर ने दर्ज की जीत

**सुल्तानपुर माजरा विधानसभा में मौजूद सुल्तानपुरी-ए वार्ड से आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी बॉबी किन्नर ने जीत दर्ज की है और भारतीय जनता पार्टी की एकता जाटव को मात दिया है.**



नई दिल्ली, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। दिल्ली नगर निगम चुनाव के वोटों की गिनती के शुरुआती नतीजों नें आम आदमी पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी को पछाड़ दिया है. इस बीच सबसे ज्यादा चर्चा में सुल्तानपुरी-ए सीट है, जहां से आप ने ट्रांसजेंडर उम्मीदवार बॉबी किन्नर को टिकट दिया था.

**पूर्व पार्षद का टिकट काट आप ने बॉबी को दिया था टिकट**

आम आदमी पार्टी ने सुल्तानपुरी-ए वार्ड से पूर्व पार्षद संजय का टिकट काटकर ट्रांसजेंडर बॉबी किन्नर को टिकट दिया था. इसके बाद बॉबी चर्चा में आई थीं और दिल्ली में यह पहला मौका था जब किसी राजनीतिक दल ने किन्नर समुदाय से उम्मीदवार को टिकट दिया था.

**2017 में बॉबी ने निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर लड़ा था चुनाव**

बॉबी किन्नर राजनीति में पहले से एक्टिव हैं और अन्ना आंदोलन के समय से सक्रिय हैं. साल 2017 में हुए दिल्ली नगर निगम चुनाव में लड़ चुकी है और तब उन्होंने निर्दलीय उम्मीदवार को तौर पर चुनाव लड़ा था.

# वाममोर्चा अध्यक्ष का ममता पर हमला

**बोले- पाप धुलने के लिए उन्हें पुष्कर सरोवर में नहाना चाहिए**



कोलकाता, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। दिल्ली में सर्वदलीय बैठक में शामिल होने के बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अजमेर शरीफ और पुष्कर मंदिर का भी दौरा किया। उन्होंने जहां अजमेर शरीफ जाकर चादर चढ़ाई तो वहीं पुष्कर मंदिर में पूजा-अर्चना भी की। अब वाममोर्चा अध्यक्ष बिमान बसु ने उन पर जुबानी हमला किया है। उन्होंने कहा, ममता बनर्जी ने अजमेर जाकर चादर चढ़ाई, यह एक नेक काम था। फिर उन्होंने पुष्कर मंदिर में पूजा की, लेकिन उन्हें पुष्कर सरोवर में भी नहाना चाहिए था। बिमान बसु ने कहा, ममता बनर्जी ने इतने पाप किए हैं कि उन्हें धुलने के लिए उन्हें पुष्कर सरोवर में नहाना चाहिए।

# सिद्दड़ा पुल के पास देर रात धमाका

## ग्रेनेड हमले की आशंका, सर्च ऑपरेशन जारी

जम्मू, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। जम्मू के सिद्दड़ा पुल और इसके आसपास के इलाके में बुधवार को तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस, एसओजी और सुरक्षाबलों की टीम मौके पर पहुंची हुई हैं। मंगलवार देर यहां धमाका होने के बाद से सुरक्षाबल अलर्ट हैं। सूत्रों के अनुसार, यहां आतंकियों ने ग्रेनेड से हमला करने की नापाक कोशिश की है। बताया जा रहा है कि मौके से ग्रेनेड का पिन और छर्रे मिले हैं। फिलहाल पुलिस और सुरक्षाबलों की जांच जारी है। जानकारी के अनुसार, मंगलवार देर रात करीब 11 बजे जम्मू- श्रीनगर सिद्दड़ा पुल पर नाके के पास एक संदिग्ध धमाका हुआ। नाके पर तैनात जवान सतर्क हो गए और उन्होंने किसी अनहोनी की आशंका में मोर्चा संभाल लिया। हालांकि, इसमें किसी प्रकार का नुकसान नहीं हुआ। तत्काल उन्होंने उच्चाधिकारियों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद मौके पर पहुंचे अफसरों ने घटना के बारे में जानकारी लेने के बाद आसपास के इलाकों में तलाशी अभियान शुरू किया। देर रात तक तलाशी चलता रहा। बुधवार सुबह एक बार फिर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। एसएसपी चंदन कुमार कोहली ने बताया कि सिद्दड़ा पुल स्थित नाका के पास देर शाम धमाके की तरह आवाज सुनी गई। पूरे इलाके की तलाशी ली गई ताकि वस्तुस्थिति का पता लगाया जा सके।

# ग्वालियर में 11 नामचीन कारोबारी जुआ खेलते पकड़ाए

ग्वालियर, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। ग्वालियर शहर में धनाढ्यों की संस्था जीवाजी क्लब से पुलिस ने 11 जुआरियों को दबोचा है। पकड़े गए जुआरियों से पुलिस ने लगभग तीन लाख रुपये और ताश की गड्डियां बरामद की हैं। सभी जुआरी शहर के नामचीन कारोबारी बताए जा रहे हैं। देर रात पुलिस को सूचना मिली कि झांसी रोड थाना क्षेत्र स्थित जीवाजी क्लब में जुआरियों का जमघट लगा है। सूचना पर सबंधित थाना पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम ने संयुक्त रूप से क्लब के कमरा नंबर चार में दबिश दी तो कमरे के अंदर जुआ खेलते कुछ लोग मिले। जुआ खेलने वाले आरोपियों की संख्या ग्यारह बताई जा रही है। साथ ही पुलिस ने मौके से तीन लाख तीस हज़ार पंद्रह रुपये और ताश की गड्डियां बरामद की हैं। पकड़े गए आरोपी शहर के नामचीन कारोबारी बताए जा रहे हैं।

# हिमाचल में रिवाज बदलेगा या राज

## कड़े मुकाबले के बीच फैसला आज



शिमला, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश विधानसभा के चुनावी नतीजे गुरुवार 8 दिसंबर को आएंगे। इसके लिए भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों की धुकधुकी बढ़ गई है। कड़े मुकाबले के बीच तय होगा कि राज्य में पांच साल के शासन के बाद भाजपा सरकार बदलने के रिवाज को बदलेगी या फिर कांग्रेस राज बदलकर सत्ता में लौटेगी। गुरुवार को मतगणना में चुनाव लड़ने वाले 412 प्रत्याशियों के भविष्य पर निर्णय होगा। इसके लिए ईवीएम का पिटारा खुलेगा। राज्य की चौदहवीं विधानसभा के लिए 12 नवंबर को मतदान हुआ था। 8 दिसंबर सुबह 8:00 बजे 68 केंद्रों पर मतगणना शुरू हो जाएगी। स्थान और सुविधा देखते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी इस बात को खुद तय करेंगे कि इसके लिए कितने टेबल लगाने हैं। एक टेबल पर भारतीय निर्वाचन आयोग की ओर से दो-दो कर्मचारी नियुक्त किए जाएंगे। हर मतदान केंद्र पर लगभग 50 कर्मचारियों की नियुक्ति होगी।

**388 पुरुषों और 24 महिलाओं ने लड़ा चुनाव हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव लड़ने वाले 412 में से 388 पुरुष और 24 महिला प्रत्याशी हैं। 7881 मतदान केंद्रों पर हुआ था मतदान**

12 नवंबर को 7,881 मतदान केंद्रों पर मतदान हुआ था। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों ने सभी 68-68 सीटों पर उम्मीदवार खडे. किए, जबकि आम आदमी पार्टी ने द्रंग विधानसभा क्षेत्र को छोड़कर बाकी 67 सीटों पर प्रत्याशी उतारे थे। वाम दलों ने 12 सीटों पर लड़ी। बसपा, देवभूमि पार्टी समेत कई दलों ने भी उम्मीदवार दिए। बड़ी संख्या में निर्दलियों ने भी भाग्य आजमाया है।

**चुनाव आयोग ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर 1950**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में मतगणना संबंधी सूचना एवं शिकायतें प्राप्त करने के लिए एक प्रणाली स्थापित कर दी है। साथ ही मतगणना शुरू होने से पहले हेल्पलाइन नंबर 1950 शुरू किया है। यह जानकारी सीईओ मनीष गर्ग ने दी। आयोग सूचना के सुचारू प्रवाह को सुनिश्चित करेगा, जिसके लिए प्रत्येक मतगणना केंद्र पर एक संचार कक्ष स्थापित किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) सूचना के प्रसार के लिए विभिन्न जिलों में स्थापित मतगणना केंद्रों पर सुचारू संचार सुविधा सुनिश्चित करेंगे।

**इस बार मतदान के टूटे रिकॉर्ड**

बता दें इस बार प्रदेश के मतदाताओं ने अब तक हुए विधानसभा चुनाव के सभी मतदान के रिकॉर्ड इस बार तोड़ दिए। 12 नवंबर को रिकॉर्ड 75.6 फीसदी वोट पड़े हैं। सर्विस वोटर जुड़ने के बाद मतदान का आंकड़ा 76 फीसदी तक पहुंच सकता है। इससे पहले पिछले 2017 के विधानसभा चुनाव में सबसे ज्यादा 75.57 फीसदी वोट पड़े थे।

# छतरपुर के जंगल में बाघ ने लगा ली फांसी! फंदे पर लटका मिला शव

छतरपुर, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के छतरपुर में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। पन्ना टाइगर रिजर्व से सटे छतरपुर जिले की विक्रमपुर नर्सरी के पास एक वयस्क बाघ लोहे के मजबूर तार पर झूलता मिला है। वन विभाग को शिकार किए जाने की आशंका है और उसने जांच शुरू कर दी है। यह मामला बुधवार का है। छतरपुर के उत्तरवन मंडल में पेड़ से फंदे पर लटका बाघ का शव मिला है। वन विभाग ने विशेषज्ञ टीमों को मौके पर भेज दिया है। वह जांच-पड़ताल कर रही हैं। वन विभाग में सीसीएफ संजीव झा के हवाले से आई खबरों में बताया गया है कि विशेषज्ञों और डॉक्टरों की टीमें पड़ताल कर रही हैं। यह शिकार है या दुर्घटना, इसका पता लगाया जा रहा है। बाघ की मौजूदगी को लेकर भी जानकारी जुटाई जा रही है। छतरपुर जिले से सटा हुआ है पन्ना और उसका विश्वविख्यात टाइगर रिजर्व। पन्ना टाइगर रिजर्व में बाघों की मौत ने वन विभाग की पेशानी में चिंता की लकीरें खिंच दी है। यह मामला भी ऐसा है कि क्लच वायर पर बाघ लटका मिला है। सूत्रों का कहना है कि विक्रमपुर में नर्सरी के पास पेड़ पर वायर पर यह बाघ झूलता मिला है।

# 'खुले मैनहोल से हादसा हुआ तो बीएमसी को ठहराएंगे जिम्मेदार': बॉम्बे हाईकोर्ट

मुंबई, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। बॉम्बे हाईकोर्ट ने मुंबई में खुले मैनहोल्स और उनके कारण होने वाले हादसों को लेकर कड़ा रुख अपनाया। हाईकोर्ट ने बृहन्मुंबई नगर पालिका (बीएमसी) द्वारा इन ड्रेनेज चेंबरों को ढंकने के लिए किए जा रहे इंतजामों की तारीफ भी की। इसके साथ ही चेताया कि यदि इनकी वजह से कोई हादसा हुआ तो उसे जिम्मेदार ठहराया जाएगा। मुख्य न्यायाधीश दीपंकर दत्ता व जस्टिस अभय आहूजा की पीठ ने कहा कि वह पूरी मुंबई में खुले ड्रेनेज मैनहोल्स की समस्या से चिंतित है। हाईकोर्ट ने बीएमसी से कहा कि वह इस समस्या का स्थाई समाधान निकाले। हाईकोर्ट ने पूरे महाराष्ट्र में गड्ढों की बढ़ती संख्या और खुले मैनहोल पर चिंता जताने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह बात कही। बीएमसी के वकील अनिल सखारे ने बुधवार को हाईकोर्ट को बताया कि नगर निगम खुले मैनहोल की समस्या से युद्ध स्तर पर निपट रहा है। सभी खुले मैनहोल को बंद करने का काम चल रहा है। इस पर पीठ ने कहा कि बीएमसी के प्रयासों की सराहना की जाती है, लेकिन अगर तब तक कोई अप्रिय घटना होती है तो इसके लिए उसे जिम्मेदार माना जाएगा।



**बीएमसी के अधिकारियों को मानेंगे जिम्मेदार**

सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश दत्ता ने बीएमसी के वकील से कहा, 'आप अच्छा काम कर रहे हैं, लेकिन तब तक अगर किसी को नुकसान होता है, तो हम आपको जिम्मेदार ठहराएंगे। हम बीएमसी की सराहना कर रहे हैं, लेकिन अगर मैनहोल खुला हो और कोई नीचे गिर जाए तो क्या होगा? ऐसी स्थिति में हम पीड़ित को मुआवजे के लिए दीवानी मुकदमा दायर करने को नहीं कहेंगे...हम कहेंगे कि आपके अधिकारी जिम्मेदार हैं।' इसके साथ ही हाईकोर्ट ने सुझाव दिया कि बीएमसी को आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी की मदद से कुछ ऐसा तंत्र तैयार करना चाहिए, जिससे मैनहोल का ढक्कन हटते ही संबंधित अधिकारी अलर्ट हो जाएं। पीठ ने बीएमसी से कहा कि उसे कुछ प्रगतिशील तरीके से सोचना चाहिए। यह आपका काम है। हम हमेशा यह नहीं कह सकते कि क्या किया जाना चाहिए। खुले मैनहोल्स की समस्या से निपटने का कोई मानक तरीका खोजा जाना चाहिए। बीएमसी बताए क्या तरीका हो सकता है? हम इसका स्थाई हल चाहते हैं।

# ढाबे में गैस सिलिंडर फटने से मची अफरा-तफरी

हरिद्वार, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। हरिद्वार रानीपुर कोतवाली क्षेत्र में ढाबे के पीछे कमरे में गैस सिलिंडर लीक होने के बाद आग लगने से सिलिंडर फट गया। जिससे चार ढाबा कर्मचारी घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल में भिजवाया। जहां घायलों का उपचार चल रहा है। घटना मध्यरात्रि की है। गैस प्लांट चौकी से आगे बैरियर नंबर छह के पास, निकट प्रमिला गेस्ट हाउस गढ़वाली ढाबा के कर्मचारी ढाबे के पीछे ही अपने कमरे में सो रहे थे।

# डीएसपी ने किए दो निकाह

## सरकार ने दो वर्ष तक पदोन्नित और वेतन वृद्धि पर रोक लगाई

जम्मू, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक उपाधीक्षक को सरकार से पूछे बिना दो निकाह करना भारी पड़ गया है। सरकार ने उसकी दो साल की अवधि के लिए पदोन्नति व वेतन वृद्धि रोक दी है। गृह सचिव आरके गोयल ने यह आदेश जारी किया है। इस मामले में विभागीय जांच जांच के बाद डीएसपी बशारत हुसैन डार की दो वेतन वृद्धि को रोकने और नियमानुसार दो साल की अवधि के लिए पदोन्नति पर रोक लगाने का निर्णय लिया। यह कार्रवाई जम्मू-कश्मीर सरकारी कर्मचारी (आचरण) नियम, 1971 के नियम 22 (1) का और जम्मू-कश्मीर सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम, 1956 के 30 का उल्लंघन करने पर की गई है। आदेश में कहा गया है कि सरकार की अनुमति के बिना दूसरी शादी करने के लिए पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) की अनुशंसा के आधार पर डीएसपी के खिलाफ विभागीय कार्यवाही शुरू की गई थी। हालांकि डार ने इन आरोपों का खंडन किया था। उसका कहना था कि वह पहली बीबी को तलाक दे चुका है।

**पहली शादी के रहते दूसरा निकाह किया**

विभाग ने मामले की जांच के लिए एक अधिकारी नियुक्त किया गया था और जांच अधिकारी ने इस निष्कर्ष के साथ जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की कि डार ने सरकार से पूर्व अनुमति प्राप्त किए बिना अपनी पहली शादी के रहते दूसरी शादी की।

# अगहन पूर्णिमा पर पैदल यात्री नहीं कर सकेंगे कबीर गुफा के दर्शन

**जंगली हाथियों के मूवमेंट के चलते लगी रोक**

उमरिया, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में लगातार जंगली हाथियों का मूवमेंट बना हुआ है। जंगली हाथी लगातार कोर एरिया में विचरण करते देखे जा रहे हैं। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में सात दिसंबर को अगहन की पूर्णिमा के दिन किले के नजदीक बनी कबीर गुफा में दर्शन के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की पैदल यात्रा पर रोक लगा दी गई है। यहां दूर-दूर से श्रद्धालु कबीर गुफा में दर्शन के लिए पहुंचते हैं। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन कबीर गुफा दर्शन के लिए व्यवस्थाओं में जुटा हुआ है, लेकिन बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के शेष शैया सिद्ध बाबा और कबीर गुफा जाने वाले रास्तों में लगातार जंगली हाथियों का मूवमेंट बना हुआ है। इस वजह से पैदल यात्रा पर रोक लगाई गई है और जंगली हाथियों के द्वारा पैदल यात्रा में श्रद्धालुओं पर हमले की आशंका को लेकर अलर्ट भी जारी किया है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि जिप्सी से जो यात्री जा रहे हैं उन्हीं यात्रियों को दर्शन कराया जाएगा।

# औरंगाबाद में इंसानियत शर्मसार

### एक्सीडेंट के बाद सड़क पर तड़पता रहा शख्स, गाड़ियां लेकर निकलते रहे लोग, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

औरंगाबाद, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के औरंगाबाद में इंसानियत को शर्मशार करने वाली घटना हुई है। जो सीसीटीवी में कैद हो गई है। घटना का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें देखा जा सकता है कि एक शख्स सड़क पार करते हुए दुर्घटना का शिकार हो जाता है। लेकिन इस दौरान कोई उसे बचाने के लिए नहीं आता। वहीं उस शख्स को टक्कर मारने वाला वाहन आसानी से निकल जाता है। इसके अलावा वहां चल रहे अन्य वाहन भी घायल के आसपास से निकलते हुए देखे जा सकते हैं। जानकारी के मुताबिक, दुर्घटना में घायल शख्स काफी देर तक सड़क पर पड़ा रहा, लेकिन युवक को किसी तरह की मदद नहीं मिल पाई, जिसके चलते उसकी मौत हो गई। चाय मंगवाने गए इस युवक की हादसे में मौत हैरान करने वाली है। अगर वक्त पर लोग उसकी मदद कर देते तो वो जिंदा होता। कारों को किसी ने नहीं रोका पास से गुजर रहे लोग तमाशा देखते रहे। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की अभी कोई खबर सामने नहीं आई है।

**किसी ने मदद की कोशिश नहीं की**

हालांकि सीसीटीवी में कैद हुई घटना मानवता को शर्मशार जरूर कर रही है। बहुत से लोग सड़क किनारे खड़े होकर उस शख्स को तड़पता हुआ देख रहे थे। इस दौरान वहां से बस, कार और अन्य सभी तरह के वाहन गुजरे। लेकिन कोई भी मदद करने के लिए नहीं रुका।

# सीएपीएफ: सीआईएसएफ व एसएसबी के मुकाबले पदोन्नति में पिछड़ रहे सीआईएसएफ /बीएसएफ के कैडर अधिकारी

**वित्तीय लाभ से भी चूके**

नई दिल्ली, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। देश के दो बड़े केंद्रीय अर्धसैनिक बलों में कैडर अधिकारी, पदोन्नति के मोर्चे पर पिछड़ रहे हैं। खासतौर पर, सीआईएसएफ व एसएसबी के मुकाबले इन दोनों बलों में बतौर सहायक कमांडेंट भर्ती हुए अधिकारियों को पदोन्नति के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। सीआईएसएफ में 2008 बैच वाले अधिकारी अब 'पे-बैंड 4' में सीनियर कमांडेंट का वेतन पा गए हैं। दूसरी ओर सीआरपीएफ और बीएसएफ में 2008 बैच वाले अभी तक डिप्टी कमांडेंट हैं। एसएसबी में 2007 से लेकर 2010 के बीच सेवा में आए सहायक कमांडेंट, अब डिप्टी कमांडेंट के पद पर काम कर रहे हैं। सीआरपीएफ में सहायक कमांडेंट को कमांडेंट के पद तक पहुंचने में लगभग 25 वर्ष लग जाते हैं। पदों की मौजूदा स्थिति बताती है कि सहायक कमांडेंट से डिप्टी कमांडेंट बनने के लिए 14-15 साल लग सकते हैं। सीआईएसएफ में 2003-2004 में बतौर सहायक कमांडेंट, सेवा में आए अधिकारी अब कमांडेंट बन चुके हैं। पांच दिसंबर को जारी एक आदेश में उन्हें गैर कार्यात्मक प्रवर कोटि 'एनएफएसजी' प्रदान किया गया है। इन अधिकारियों के लिए वेतन लेवल 13 (123100-215900 रुपये) को स्वीकृति प्रदान की गई है। जिन्हें यह वेतनमान मिला है, उनमें कमांडेंट सुनील कुमार सिंह, अमरेंदू माना, रविश कुमार सिंह, रवि कुमार शर्मा, बिधान, राजीव, विकास कुमार, सेन्थिल राजन, शक्तिपाल शेखावत, विवेक आर्य, विशाल शर्मा, दीपक मणी तिवारी, कुमार अभिषेक, अमित कुमार, कुंदन कुमार, अक्षत पटेल, अंसारी मजनुद्दीन, राकेश चौधरी, हरिश कुमार, राज प्रताप, चंचल सरकार और अन्य को गैर कार्यात्मक प्रवर कोटि 'एनएफएसजी' प्रदान किया गया है। सबसे बड़े केंद्रीय अर्धसैनिक बल, सीआरपीएफ में कैडर अधिकारियों की पदोन्नति का केस सर्वोच्च अदालत में विचाराधीन है। सीआरपीएफ में 2003-2005 के बीच सीधी भर्ती के जरिए बतौर 'सहायक कमांडेंट' सेवा में आने वाले अधिकारी अभी तक टूआईसी यानी 'सेकंड इन कमांड' तक पहुंचे हैं। कुछ अफसर डिप्टी कमांडेंट के पद तक ही पहुंच सके हैं। 2008 तक के अधिकारी (38वें बैच से लेकर 42वें बैच तक) अभी तक डिप्टी कमांडेंट हैं। इसके बाद के सभी अधिकारी सहायक कमांडेंट के पद पर काम कर रहे हैं। सीमा सुरक्षा बल 'बीएसएफ' में भी कुछ यही हाल है। पदोन्नति को लेकर इस बल में भी कैडर अधिकारियों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। एसएसबी में 2003 बैच के सहायक कमांडेंट, अब कमांडेंट बन चुके हैं। 2004-2006 के दौरान एसएसबी में आए अधिकारी टूआईसी बने हैं। 2007 से लेकर 2010 के बीच सेवा में आए सहायक कमांडेंट, अब डिप्टी कमांडेंट के पद पर काम कर रहे हैं। आईटीबीपी में 2003-2004 के दौरान सेवा में आए अधिकारी अभी टूआईसी तक पहुंचे हैं। 2005-2010 के बीच वाले सहायक कमांडेंट, अब डिप्टी कमांडेंट बन चुके हैं। इसके बाद सेवा में आए अधिकारी, सहायक कमांडेंट ही हैं। यहां पर सीआईएसएफ की बात करें तो 2003-2004 में बतौर सहायक कमांडेंट, सेवा में आए अधिकारी अब कमांडेंट बन चुके हैं। 2006-2007 व 2008 वाले अधिकारी टूआईसी बन गए हैं। 2009 और 2010 के दौरान सेवा में आए अधिकारी अब डिप्टी कमांडेंट बन चुके हैं। सीआईएसएफ में 2008 बैच वाले अधिकारी अब 'पे-बैंड 4' सीनियर कमांडेंट का वेतन पा गए हैं। दूसरी ओर सीआरपीएफ और बीएसएफ में 2008 बैच वाले अभी तक डिप्टी कमांडेंट हैं। सीआईएसएफ में 40/41 बैच के अधिकारियों को गैर कार्यात्मक प्रवर कोटि 'एनएफएसजी' मिल गया है। 'पे-बैंड 4' में कमांडेंट की सेलरी मिल रही है। साथ ही एक रैंक या दो रैंक का फायदा हो जाता है। सेलरी में लगभग 50 हजार रुपये प्रति माह का इजाफा होता है।

सुविचार: लोगों के कार्य ही उनके विचारों के सर्वोत्तम व्याख्याता होते हैं।

## माधापुर में ट्रैफिक डायवर्जन कल

हैदराबाद, 7 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। 9 दिसंबर को सुबह 9 बजे रायदुर्गम से शमशाबाद तक मेट्रो रेल परियोजना के विस्तार के लिए माधापुर के रहेजा माइंडस्पेस जंक्शन में आधारशिला रखने के मद्देनजर, माधापुर यातायात थाने की सीमा के अंतर्गत प्रातः 7.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजन स्थल एवं आसपास के क्षेत्र की आसपास की सड़कों पर भारी यातायात की आवाजाही की उम्मीद है। (टीएसपीए) तेलंगाना राज्य पुलिस अकादमी, हिमायतसागर में भी एक सार्वजनिक बैठक निर्धारित की गई है, क्योंकि नरसिंगी ट्रैफिक पीएस की सीमा के तहत सुबह 8.30 बजे से 3 बजे के बीच कार्यक्रम स्थल और आसपास के इलाकों की सड़कों पर इस तरह के भारी ट्रैफिक की आवाजाही की उम्मीद है। साइबराबाद ट्रैफिक पुलिस ने निम्नलिखित मार्गों पर दो कार्यक्रमों के लिए यातायात के सुचारू प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए व्यापक व्यवस्था की है।

## ईडी ने पीएमएलए मामले में एनआरआई अकादमी के सदस्यों के खिलाफ छापेमारी की

हैदराबाद, 7 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पीएमएलए, 2002 के तहत चल रही जांच में 2 और 3 दिसंबर को मेसर्स एनआरआई एकेडमी ऑफ साइंसेज के कुछ सदस्यों/पदाधिकारियों के खिलाफ हैदराबाद के विभिन्न स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया है। विजयवाड़ा, काकीनाडा, गुंटूर और हैदराबाद और नकदी, आपत्तिजनक दस्तावेज भी जब्त किए और मामले में शामिल विभिन्न व्यक्तियों की संपत्तियों को सील कर दिया। पीएमएलए के तहत जांच एपी पुलिस द्वारा दर्ज की गई प्राथमिकी के आधार पर शुरू की गई थी, जिसमें कुछ सदस्यों द्वारा भवनों के निर्माण के नाम पर समाज के धन के कथित रूप से डायवर्जन की जांच करने, संग्रह करने और कोविड रोगियों से भारी मात्रा में धन की हेराफेरी करने की जांच की गई थी। लेखा पुस्तकों में उल्लिखित आंकड़ों के ऊपर, एमबीबीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए मेडिकल छात्रों से बड़ी मात्रा में धन का संग्रह और हेराफेरी, खातों की किताबों में उल्लिखित आंकड़ों के ऊपर, एक कंपनी बनाकर एनआरआई सोसाइटी को देय धन का डायवर्जन समान नाम जैसे एनआरआईएएस प्राइवेट लिमिटेड है। ईडी ने कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग में शामिल संदिग्ध अचल संपत्तियों के 53 दस्तावेज जब्त किए गए हैं और कई अन्य आपत्तिजनक दस्तावेजों को जब्त कर लिया गया है और धन के कथित डायवर्जन से जुड़े इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को भी जब्त कर लिया गया है।

## आभूषण की दुकान लूटने वाले 6 आरोपी गिरफ्तार, लूट का सामान बरामद






हैदराबाद, 7 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आभूषण की दुकान को लूटने के 6 आरोपियों को राचकोंडा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने बीते 1 दिसंबर को चैतन्यपुरी थाना अंतर्गत स्नेहापुरी कॉलोनी में हथियारों के साथ महादेव ज्वैलर्स की दुकान को लूटा था। पुलिस ने लूट के आभूषण, आग्नेयास्त्रों और वाहनों को बरामद किया था। अभी भी चार अन्य फरार डकैतों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। राचकोंडा के पुलिस ऑयुक्त महेश एम. भागवत ने बताया कि 1 दिसंबर को दोपहर 2.15 बजे सिकंदराबाद के मोंडा मार्केट के पॉट मार्केट में गणपति ज्वेलर्स चलाने वाले व्यवसायी राजकुमार सुराणा अपने सहायक सुखा राम उर्फ सुखदेव देवासी के साथ लगभग तीन किलो रेडीमेड सोने के गहने लेकर अपने घर से मोटरसाइकिल पर निकले। गहनों को शहर की विभिन्न गहनों की दुकानों में बेचा जाना था। प्रत्येक गुरुवार की तरह अपने साप्ताहिक कार्यक्रम के अनुसार, दोनों बोडुप्पल, पीरज़ादिगुडा कमान, वनस्थलीपुरम आदि में स्थित दुकानों में सामान देते हुए आखिरकार वे रात करीब 8 बजे स्नेहपुरी कॉलोनी स्थित महादेव ज्वेलर्स पहुंचे और इंतजार किया क्योंकि दुकान के मालिक कल्याण चौधरी ग्राहकों के साथ व्यस्त थे। ग्राहकों के जाने के बाद वे दुकान के मालिक को गहने दिखा रहे थे। इसी बीच दो अज्ञात व्यक्ति दुकान में घुस गए और तीसरे व्यक्ति ने बाहर से शटर नीचे कर दिया। हमलावरों में से एक ने उन्हें पिस्तौल दिखाकर धमकाया और जेवरात का बैग सौंपने को कहा। विरोध करने पर लुटेरे ने पिस्टल से फायर कर दिया, जिससे कल्याण चौधरी व सुखदेव घायल हो गए। हमलावरों ने जबरन उनका जेवर बैग छीन लिया, शटर खोलकर बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। सूचना मिलने के बाद राचकोंडा सीपी ने एलबी नगर जोन लॉ एंड ऑर्डर पुलिस को अलर्ट किया। तुरंत वरिष्ठ अधिकारी मौके र पहुंकर छानबीन की। तकनीकी और प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष प्रत्यक्षदर्शी साक्ष्य एकत्र करने के लिए पंद्रह टीमों को तैनात किया गया था। सीपी ने बताया कि मामले में सफलता एक अपराध वाहन संख्या में से एक के माध्यम से मिली जो आंशिक रूप से सीसीटीवी द्वारा कैद की गई थी और अथक प्रयासों के बाद, पुलिस ने आज छह अंतरराज्यीय अपराधियों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से चोरी किए गए आभूषणों के साथ-साथ हथियारों और अपराध करने के लिए उपयोग किए गए वाहनों को बरामद किया। गिरोह का प्रमुख राजस्थान के पाली जिले के मूल निवासी गजवेल में एक आभूषण की दुकान चलाने वाले महेंद्र चौधरी के रूप में पाया। जिसने अपराध को अंजाम देने के लिए हरियाणा और दिल्ली के पेशेवर अपराधियों को काम पर रखा था। चैतन्यपुरी पुलिस ने मामला दर्ज किया। पुलिस ने इस मामले में वंशीराम उर्फ मनीष देवासी, मोहम्मद फिरोज, सुमेर चौधरी, गुडिया जाट, मनीष वैष्णव, रितेश वैष्णव को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि फरार मुख्य आरोपी महेन्द्र चौधरी, सुमित डागर, मनीष, मनिया की पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से तीन देशी पिस्टल, नकदी, लूटा गया सोना आदि बरामद किया है।

**CLASSIFIEDS**

**LOSS DOCUMENTS**

I, Ruchi Modi, W/o. Rupesh Kumar Modi, R/o. H.No.21-1-392, Rikab Gunj, Charminar, Hyd while travelling from Gulzar House to Madina with my Husband on Scooter lost the link documents No.509/1984, 650/1984 of my house. If anybody found Plz Contact: 9246341696.

**सावधान**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन का प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

## पार्टी की जीत के लिए कड़ी मेहनत करें नेता : संजय



हैदराबाद, 7 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बंडी संजय कुमार ने बुधवार को अपने पार्टी नेताओं को सलाह दी कि वे राज्य में अगला विधानसभा और आम चुनाव लड़ने के लिए पार्टी के टिकटों की लाबिंग में अपना समय बर्बाद न करें, बल्कि पार्टी को मजबूत करने पर ध्यान दें। विधानसभा और लोकसभा चुनावों के लिए उम्मीदवारों का चयन भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व और संसदीय बोर्ड द्वारा किया जाएगा। जो लोग कड़ी मेहनत करते हैं, पार्टी लाइन और अनुशासन का पालन करते हैं और पार्टी के प्रति वफादार रहते हैं, उन्हें टिकट मिलेगा।' भाजपा में व्यक्ति केंद्रित राजनीति के लिए कोई जगह नहीं है। पार्टी निश्चित रूप से उन नेताओं को स्वीकार करेगी, जिन्होंने पार्टी की जीत के लिए ईमानदारी से काम किया। पार्टी का राष्ट्रीय नेतृत्व किसी भी दबाव की रणनीति या पैरवी के आगे नहीं झुकेगा। यह आपकी कार्यशैली को ध्यान में रखेगा। खानापुर कस्बे में एक सभा को संबोधित करते हुए, संजय ने कथित विधायकों की खरीद-फरोख्त के मामले में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) बी एल संतोष को निशाना बनाने के लिए मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव पर जमकर निशाना साधा। केसीआर उनके खिलाफ झूठे मामले लाद रहे हैं।संजय ने कहा कि मुख्यमंत्री ने केंद्र के खिलाफ युद्ध की घोषणा कर दी है। "हम लड़ाई के लिए तैयार हैं। मुकदमों और हमलों के आगे घुटने टेकने का सवाल ही नहीं उठता। हम अपनी लड़ाई तब तक जारी रखेंगे जब तक हम तेलंगाना की धरती पर भगवा झंडा नहीं फहरा देते। संजय ने कहा कि पदयात्रा का समापन 15 दिसंबर को करीमनगर में एक जनसभा के साथ होगा। इसमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा शामिल होंगे।

## पहली स्थायी समिति की बैठक में 8 में से 7 मदों को मंजूरी



हैदराबाद ,7 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। महापौर गदवाल विजयलक्ष्मी ने बुधवार को जीएचएमसी मुख्यालय में स्थायी समिति की बैठक की अध्यक्षता की। इस अवसर पर स्थायी समिति की पहली बैठक नवनिर्वाचित सदस्यों के साथ की गई और उन्हें आमंत्रित कर बधाई दी गई। इस अवसर पर बोलते हुए महापौर ने कहा कि अधिकारियों की उपस्थिति में चर्चा के बाद जीएचएमसी के तहत विकास कार्यों के लिए प्रस्तावों को मंजूरी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पार्षद सीधे अधिकारियों से कोई भी जानकारी ले सकते हैं। महापौर ने कहा कि यदि अविवादित रिक्त सरकारी स्थलों की पहचान की जाती है, तो बस्ती अस्पतालों और बहुउद्देशीय समारोह हॉल का निर्माण सार्वजनिक उपयोग के लिए किया जाएगा।

आयुक्त लोकेश कुमार ने सदस्यों को समझाते हुए कहा कि सरकार ने इस संबंध में उचित आदेश भी जारी कर दिए हैं। बैठक में सदस्य आर. सुनीता, रागम नागेंद्र यादव, अब्दुल वाहेब, सैयद सोहेल कादरी, मोहम्मद राशिद फराजुद्दीन, मोहम्मद अब्दुल मुक्तदार, सैयद मिन्हा जुद्दीन, समीना बेगम, ईएस जितेंद्र नाथ, टी. माहेश्वरी, बांदरी राज कुमार, वनम संगीत यादव, शांति साईं जेन शेखर, मोहम्मद मजीद हुसैन, पंडाला सतीश बाबू ने भाग लिया। इसके साथ ही बैठक में आयुक्त डीएस लोकेश कुमार, ईएनसी जियाउद्दीन, हाउसिंग ओएसडी सुरेश कुमार, अतिरिक्त आयुक्त प्रियंका अला, संतोष, ईवीडीएम विश्वजीत कंपाटी, जयराज कैनेडी, अंचल आयुक्त, ममता, रवि किरण, सम्राट अशोक, श्रीनिवास रेड्डी, पंकजा, शंकरैया, मुख्य पशु चिकित्सक अब्दुल वकील, मुख्य एंटरोलॉजिस्ट डॉ रामबाबू, मुख्य परीक्षक वेंकटेश्वर रेड्डी, बिजली ईई ममता, सचिव लक्ष्मी और अन्य ने भाग लिया।

**दक्षिण मध्य रेलवे**

हमें @SCRailwayindia पर फॉलो करें
द.म. रेलवे की निविदा सूचनाओं के विवरणों को हमारी वेबसाइट : www.scr.indianrailways.gov.in पर देखा जा सकता है

**निविदा सूचना. सी _एसजी _36 _412 दि.06.12.2022**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडलीय सिग्नल व दूरसंचार अभियंता, सिकंदराबाद डिवीजन, दमरे, सिकंदराबाद व्दारा निम्न कार्यों हेतु ई-प्रोक्यूरमेंट के माध्यम से दि. 28.12.2022 के 15.00 बजे तक, खुली निविदाएं आमंत्रित हैं।

क्रम सं. 01 निविदा सं. सी _एसजी _36 _412 दि.06.12.2022, कार्य विवरण: एलपी जेएल-एनजेडबी सेक्शन: एलसी व इ सी कम्युनिकेशन रिलायबिलीटी में सुधार हेतु एलपी जेएल-एनजेडबी सेक्शन:एससी डिवीजन के मध्य मौजूदा कैड केबल का संशोधन करना तथा मैन्ड एलसी गेट्स पर एलसी गेट कम्युनिकेशन रिलायबिलीटी में सुधार हेतु कम्युनिकेशन के लिए डेडिकेटेड कैड केबल की व्यवस्था। अनुमानित मूल्य (रु.) 1,34,31,904.62, बोली सुरक्षा/पूधरा(रु.) 2,17,200/- निविदा पुस्तक मूल्य(रु.) शून्य ।

अधिक जानकारी हेतु कृपया वेबसाइट: www.ireps.gov.in देखें। जीसीसी नुसार बोली सुरक्षा राशि/पूधरा का भुगतान करना होगा।
आयआरएसजीसीसी-2022 नुसार सभी निविदादाताओं को निःशुल्क रुप में ई-निविदा प्रपत्र जारी किए जायेंगे। (संदर्भः आयआरएसजीसीसी-2022, हिस्सा- I, खंड-3)

**वरिष्ठ मंडलीय सिग्नल व दूरसंचार अभियंता, सिकंदराबाद**

PUB/1082

**निविदा सूचना सं.06/डीवाय.सीएसटीइ/सी-I/एससी/2022-23 दि.07.12.2022**

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से, उप मुख्य सिग्नल व दूरसंचार अभियंता(निर्माण-I), दमरे सिकंदराबाद, सक्षम अधिकारी से अनुमोदन सहित निम्न कार्यों हेतु 29.12.2022 के 15.00 बजे तक ई-निविदा (खुली) आमंत्रित की जाती हैं।

क्रम सं. 01 निविदा सं. सी-एसजी -सी-36 -5-185-2022-23, कार्य विवरणः दमरे के नांदेड डिवीजन के रतलाम हिस्सा-मो-खंडवा-अकोला गेज कनवर्शन परियोजना के अमलाखुर्द-खंडवा स्टेशन्स ( कुल 54.50 किमी) सेक्शन में एचडीपीई डक्ट की ट्रेंचिंग, लेयिंग या बिछाना तथा केबुल्स, ब्लोइंग, बैक फिल्लिंग, जायंटिंग स्प्लाइसिंग व 6 क्वैड केबुल, ओफसी का टर्मिनेशन करना तथा इंडूर टेलिकाम एक्विपमेंट्स की स्थापना करना। अनुमानित मूल्य (रु.) 5,66,86,411.90, बोली सुरक्षा(रु.) 4,33,400/- पूरा करने की अवधिः 12 महिने ।

बोली दस्तावेज व अन्य जानकारी हेतु कृपया वेबसाइट:https: //ireps.gov.in पर लागिन करें।
बोली सुरक्षा राशि का भुगतान ई-पेमेंट गेटवे द्वारा करना चाहिए या भारत के शेड्युल्ड कमर्शियल बैंक से बैंक गारंटी बांड के रूप में जमा करना चाहिए।
निविदादाताओं व्दारा अपने प्रस्तावों को, निविदा प्रस्तुति की अवधि के दौरान आनलाईन रुप में प्रस्तुत करना चाहिए, जो इस निविदा की बंद करने की तिथि से पंद्रह दिन पहले हो ।
निविदादाताओं व्दारा किसी भी शुद्धिपत्रों( केवल आनलाईन मे जारी) को निविदा प्रस्तुति की अवधि के प्रारंभिक तिथि तक देखना होगा या अवलोकन करना होगा।

A1439 **उप मुख्य सिग्नल व दूरसंचार अभियंता(निर्माण-I), सिकंदराबाद**

PUB/1087

निविदा शर्तों/अधिक जानकारी तथा निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिंग के लिए कृपया http://www.ireps.gov.in या www.scr.indianrailways.gov.in देखें।

## दत्तात्रेय सशस्त्र सेना झंडा दिवस समारोह में शामिल हुए



हैदराबाद, 7 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने यहां राजभवन गेस्ट हाउस में बुधवार को सशस्त्र सेना झंडा दिवस समारोह में कर्नल पी रमेश कुमार, निदेशक, सैनिक कल्याण बोर्ड, नरोत्तम रेड्डी, असलम, इशाक और अन्य वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों के साथ भाग लिया। दत्तात्रेय ने शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए और सशस्त्र बलों के नायकों, उनके परिवारों और दिग्गजों की वीरता को सलाम करते हुए कहा, "देश के सम्मान की रक्षा में उनका समर्पण अतुलनीय है।" उन्होंने सभी से सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में उदारतापूर्वक योगदान देने का भी आग्रह किया।

## वन विकास कार्य जोरों पर हों : डीआईजी वन मंजूनाथन




आसिफाबाद 7 दिसम्बर ( स्वतंत्र वार्ता)। केंद्र सरकार के प्रतिनिधि डीआईजी मंजूनाथन ने कहा कि वन डायवर्जन के तहत हो रहे विकास कार्यों को पूरी ताकत से किया जाए। दो दिवसीय दौरे के तहत दूसरे दिन उन्होंने जिला वन पदाधिकारी दिनेश कुमार के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कार्यों के अंतर्गत किये जा रहे विभिन्न प्रकार के कार्यों का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि तक्कला पेल्ली में बन रहे अंडर पास और वांकिडी में बन रहे ईको ब्रिज का काम पूरी तरह से किया जाए। विभिन्न क्षेत्रों में लुप्त हो रहे वनों के संबंध में वे गिन्नेदरी की राजस्व भूमि से दी गई सीए भूमि को विकसित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि राजमार्ग के कार्यों से जंगल के जानवर परेशान न हों। हाईवे के अधिकारियों ने उनका फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। इस कार्यक्रम में आसिफाबाद एफआरओ अप्पलाकोंडा, गिन्नदारी प्रभारी एफआरओ रामबाबू व वन विभाग के अधिकारी शामिल हुए।

## पोन्नाला लक्ष्मय्या ने सीएम केसीआर पर निशाना साधा



हैदराबाद, 7 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। एपीसीसी के पूर्व अध्यक्ष पोन्नाला लक्ष्मैया ने आज मुख्यमंत्री केसीआर के खिलाफ जोरदार हमला बोला और आरोप लगाया कि वह राज्य के सभी लोगों को धोखा दे रहे हैं। सिद्दीपेटा जिले में एक रमेश की आत्महत्या की ओर इशारा करते हुए, कांग्रेस नेता ने मांग की कि राज्य सरकार एक डबल बेड रूम घर प्राप्त करके उसके साथ न्याय करे। यह कहते हुए कि रमेश एक आदिवासी था, उसने कहा कि पीड़िता ने तुच्छ कारणों से आत्महत्या नहीं की होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री राज्य के बेघर परिवारों को दो बेडरूम का घर देने का वादा कर लोगों को धोखा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर मुख्यमंत्री के पैतृक जिले में स्थिति निराशाजनक है, तो राज्य के अन्य स्थानों पर यह गंभीर होगी। पोन्नाला ने आरोप लगाया कि सीएम खाली पड़ी जमीन वालों को पैसा देने का वादा कर लोगों को ठगने जा रहे।




**हिंदी महाविद्यालय नल्लाकुंटा में बुधवार को हिंदी महाविद्यालय एवं जीएचएमसी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मतदाता पंजीकरण अभियान में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए जीएचएमसी डिप्टी कमिश्नर के. वेणुगोपाल, साथ में प्राचार्य डॉ अविनाश जायसवाल, टैक्स इंस्पेक्टर लक्ष्मी,असिस्टेंट कमिश्नर प्रवीण चंद्रा व अन्य।**

## रोटरी इंटरनेशनल के अध्यक्ष ने डायग्नोस्टिक सेवाओं की शुरुआत की

हैदराबाद, 7 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। रोटरी इंटरनेशनल क्लब की अध्यक्ष डॉ. स्टेफनी ए उर्चिक ने आज शहर में क्लब की डायग्नोस्टिक सेंटर सेवाओं का शुभारंभ किया। सेवाओं को सीआर फाउंडेशन के सहयोग से संयुक्त रूप से लॉन्च किया गया था। फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. के. नारायण ने बैठक की अध्यक्षता की। इस अवसर पर बोलते हुए, डॉ स्टेफनी ने कहा कि क्लब सामाजिक विकास सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सेवाएं दे रहा है। राष्ट्रपति ने भी फाउंडेशन के कार्यों की सराहना की। फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ नारायण ने कहा कि फाउंडेशन पिछले 25 वर्षों से महिलाओं के कल्याण के लिए एक वृद्धाश्रम और एक स्वास्थ्य केंद्र चला रहा है। उन्होंने डायग्नोस्टिक सेंटर की सेवाएं शुरू करने के लिए रोटरी क्लब डेक्कन के प्रतिनिधियों को धन्यवाद दिया। रोटरी क्लब डेक्कन के अध्यक्ष वंदिन्थ रेड्डी और संयुक्त सचिव निशीथ नाइक ने उनके द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के बारे में बताया। फाउंडेशन के निदेशक डॉ कुनमनेनी रजनी ने वृद्ध लोगों और गर्भवती महिलाओं के लिए फाउंडेशन द्वारा दी जा रही सेवाओं के बारे में बताया।

## केंद्र द्वारा एससीसीएल का कोई निजीकरण नहीं: प्रहलाद जोशी

हैदराबाद, 7 दिसम्बर (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय कोयला और खान मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बुधवार को कहा कि तेलंगाना के एक सांसद द्वारा लगाए गए आरोप बिल्कुल गलत और निराधार हैं क्योंकि सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड (एससीसीएल) और 51:49 इक्विटी के आधार पर भारत सरकार और तेलंगाना सरकार का संयुक्त स्वामित्व है चूंकि तेलंगाना सरकार 51 के साथ प्रमुख हितधारक है, इसलिए भारत सरकार के लिए का निजीकरण करना संभव नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि नीलामी शुरू होने के बाद से कोई भी नीलामी की पारदर्शी प्रणाली के खिलाफ आपत्ति नहीं उठा रहा है क्योंकि केंद्र सरकार ने सबसे पारदर्शी प्रणाली अपनाई है।

यह उन राज्यों के लिए भी फायदेमंद है, जो नीलामी अपना रहे हैं। राज्य चाहें तो इसमें भाग ले सकते हैं। कई राज्य सरकारें नीलामी के लिए सहयोग कर रही हैं। छत्तीसगढ़, झारखंड जैसे राज्यों ने भी नीलामी को अपनाया है, भले ही उन राज्यों में भाजपा सत्ताधारी पार्टी नहीं थी। नीलामियों से प्राप्त होने वाला पूरा राजस्व राज्य सरकारों को जा रहा था।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कोयला घोटाले में शामिल लोग नीलामी की पारदर्शी व्यवस्था नहीं चाहते हैं। केंद्रीय कोयला और खान मंत्री प्रह्लाद जोशी संसद के शीतकालीन सत्र में तेलंगाना में सिंगरेनी कोलियरीज लिमिटेड के कथित निजीकरण और तेलंगाना में कोयला ब्लॉकों की नीलामी पर सांसद उत्तम कुमार रेड्डी को जवाब दे रहे थे।

# उपचुनाव के परिणामों से तय होंगे नेताओं के सियासी कद

मैनपुरी, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। मैनपुरी में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव समेत पूरा यादव खेमा डिंपल यादव के पक्ष में प्रचार करने के लिए पड़ाव डाले हुए है। अखिलेश यादव बीते पखवारे से मैनपुरी में जबरदस्त जनसंपर्क कर चुके हैं। उधर द्वेषपूर्ण भाषण की वजह से छह साल तक चुनाव न लड़ पाने का प्रतिबंध झेल रहे समाजवादी पार्टी के आजम खां की प्रतिष्ठा रामपुर की दो विधानसभा सीटों पर दांव पर है। सोमवार को मैनपुरी की लोकसभा सीट और रामपुर-खतौली विधानसभा सीटों पर मतदात के बाद कई नेता दम साधे चुनाव परिणाम के आने का इंतजार कर रहे हैं। मैनपुरी में मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद हुए उप चुनाव में उनकी पुत्रवधू और अखिलेश यादव की पत्नी डिपंल यादव चुनावी मैदान में हैं। हालांकि डिपंल यादव फिरोजाबाद और कन्नौज में पूर्व में हुए



लोकसभा के उप चुनाव में हार का सामना कर चुकी हैं।

मुलायम सिंह यादव का कभी गढ़ रही मैनपुरी सीट को सुरक्षित रखना अखिलेश यादव के लिए बड़ी चुनौती बन गई है। यही वजह है कि बीते पन्द्रह दिनों से अखिलेश यादव मैनपुरी में मोर्चा संभाले हुए हैं। उनके साथ उनके चाचा शिवपाल यादव, रामगोपाल यादव समेत पूरा यादव कुनबा मैनपुरी के कमर तोड़ जनसंपर्क कर चुका है।

उधर रामपुर से लगातार दस बार विधायक रहे आजम खां के लिए इस बार रामपुर और खतौली विधानसभा सीटों को बचाना अब नाक का सवाल बन गया है। यही वजह है कि उन्होंने अपनी चुनावी तकरीरों में रामपुर की जनता से विनती तक कर डाली है कि वो उनकी प्रतिष्ठा को ध्यान में रख कर मतदान करें। जबकि भाजपा ने इन तीनों सीटों को हासिल करने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। मैनपुरी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार कई चुनावी सभाओं को संबोधित कर वहां की जनता को विकास के नाम पर मतदान करने की अपील कर चुके हैं।

दरअसल 2017 के विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री बनने के बाद गोरखपुर लोकसभा सीट पर हुए उप चुनाव में उस समय समाजवादी पार्टी की सहयोगी रही निषाद पार्टी के हाथों गोरखपुर गंवा चुके योगी को वह टीस आज भी कहीं साल रही है। यही हाल उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का भी है। फूलपुर की सीट को समाजवादी पार्टी के हाथों गंवाने वाले केशव भी मैनपुरी और रामपुर की दोनों विधानसभा सीटों को जीतने के लिए पूरा दम लगा चुके हैं। उन्होंने भी मैनपुरी में कई सभाएं की हैं, जिसके बाद अखिलेश यादव को चुनावी सभा में कहना पड़ा कि यदि वो सौ विधायक ले कर आ जाएं तो सपा उन्हें समर्थन देकर मुख्यमंत्री बनाने में कोई गुरेज नहीं करेगी। मैनपुरी और रामपुर की सीटों पर हुए उप चुनाव के मतदान के बाद समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेन्द्र चौधरी अपनी जीत के प्रति आश्वस्त नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैनपुरी और रामपुर की जनता ने मतदान कर पार्टी के पक्ष में अपना फैसला सुरक्षित कर दिया है। हम तीनों सीटों पर जीत का परचम फहरानें में कामयाब होंगे।

जबकि उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह का कहना है कि मैनपुरी और रामपुर की जनता समाजवादी पार्टी के विकास के सच से आजिज आ चुकी है। वो परिवर्तन की तरफ देख रही है और इस बार योगी आदित्यनाथ की अगुआई में भाजपा इन तीनों सीटों पर जीत का परचम फहराकर एक ऐसी मिसाल पेश करने जा रही है, जिसका असर प्रदेश की राजनीति पर काफी समय तक महसूस किया जाएगा।

# सुधाकर सिंह ने फिर खोला मोर्चा

पटना, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। बिहार की सियासत कब क्या हो जाए, कहा नहीं जा सकता। दोस्त कब दुश्मन बन जाए, ये भी कहना मुश्किल है। कल तक शांत दिखने वाले बिहार के पूर्व कृषि मंत्री सुधाकर सिंह फिर से तेवर में आ गए हैं। या यूं कहे पापा जगदानंद सिंह ने जिस तरह 60 दिन के बाद कमबैक किया है, शायद उसी के चलते सुधाकर सिंह भी पुराने तेवर में आ गए और सीएम नीतीश के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। अगर ऐसा नहीं होता तो इतने दिनों तक शांत रहने वाले आरजेडी विधायक सुधाकर सिंह अपनी ही सरकार के खिलाफ मोर्चा नहीं खोलते। अब सवाल उठता है कि मंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद शांत रहने वाले सुधाकर सिंह को पावर कहां से मिल रहा है? क्या पापा जगदानंद सिंह बैक से पावर दे रहे हैं? क्या पार्टी ने भी मौन सहमति दे दी है या लालू यादव की रणनीति के तहत ही सुधाकर सिंह महागठबंधन सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला है?

## मंडी कानून को लेकर सदन में लाएंगे प्राइवेट मेंबर बिल

दरअसल, लालू यादव सिंगापुर जाने से पहले दिल्ली में जगदानंद सिंह से मुलाकात की थी और दोनों के बीच लगभग 90 मिनट तक बात हुई थी। इस दौरान बिहार के डेप्युटी सीएम तेजस्वी यादव भी मौजूद रहे। इसके बाद जगदानंद सिंह फुल पावर के साथ कमबैक किए थे। अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि नाराजगी के बाद जब पहली बार जगदा बाबू ऑफिस आए, तो उनको तेजस्वी यादव ने अपनी गाड़ी से लेकर आए और हाथ पकड़कर ऑफिस के अंदर ले गए थे।

बताया जाता है कि 90 मिनट की मीटिंग में लालू यादव ने साफ-साफ कहा था कि बिहार आरजेडी का कमान जगदा बाबू ही देखेंगे। इस दौरान दोनों नेताओं में कई मुद्दों पर भी बात हुई थी। यही नहीं, दिल्ली से लौटने के बाद पटना में भी जगदा बाबू और तेजस्वी यादव के बीच दो दिनों तक कई मुद्दों पर बात हुई थी। उसके बाद ही जगदा बाबू आरजेडी ऑफिस आए थे। तब ही साफ हो गया था कि जगदा बाबू फुल पावर के साथ कम बैक किए हैं। दरअसल, बिहार आरजेडी के अध्यक्ष जगदानंद सिंह काफी लंबे समय तक पार्टी प्रदेश कार्यालय नहीं आए थे। बताया जा रहा था कि पार्टी से नाराजगी के कारण वे कार्यालय नहीं आ रहे थे। सियासी हलकों में ये भी चर्चा थी कि जगदानंद सिंह अपने बेटे सुधाकर सिंह के मंत्री पद से इस्तीफे के बाद नाराज थे। यही कारण है कि काफी दिनों से पार्टी की गतिविधियों से दूर रहे। हालांकि सिंगापुर जाने से पहले जगदानंद सिंह आरजेडी प्रमुख लालू प्रसाद यादव से दिल्ली में जाकर मुलाकात की।

लालू यादव ने लंबे समय से नाराज चल रहे जगदानंद सिंह की नाराजगी दूर की, तब जाकर वे माने और प्रदेश अध्यक्ष के पद पर बने रहने को तैयार हुए।

## बिल गेट्स फाउंडेशन की सह अध्यक्ष मेलिंडा फ्रेंच ने यूपी विधानसभा का किया दौरा



लखनऊ, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। बिल गेट्स फाउंडेशन की सह अध्यक्ष मेलिंडा फ्रेंच गेट्स ने बुधवार को लखनऊ विधानसभा का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना मौजूद रहे। मेलिंडा ने विधानभवन की व्यवस्था व यहां लगी तस्वीरों को देखा और जानकारी ली।

## पीलीभीत और चित्रकूट के एसपी बदले, छह आईपीएस अफसरों को नई तैनाती

लखनऊ, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। यूपी में बुधवार को छह आईपीएस अफसरों के तबादले कर दिए गए हैं। दो जिलों पीलीभीत और चित्रकूट के पुलिस अधीक्षकों के तबादले हुए हैं। आईपीएस अतुल शर्मा एसपी चित्रकूट को पीलीभीत का नया एसपी बनाया गया जबकि आईपीएस वृंदा शुक्ला को चित्रकूट की नई पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है।

आईपीएस आकाश कुलहरी डीआईजी फायर सर्विस से अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर प्रयागराज बने। आईपीएस जुगल किशोर डीआईजी टेलीकॉम से डीआईजी फायर सर्विस बनाए गए। आईपीएस दिनेश कुमार पी को एसपी पीलीभीत से डीसीपी गाजियाबाद बनाया गया। आईपीएस अष्टभुजा प्रसाद सिंह एसपी जीआरपी प्रयागराज बनाए गए हैं।

## युवक की बेरहमी से हत्या

### पॉलीथीन में बांध फेंका शव खंगाले जा रहे सीसीटीवी फुटेज

हमीरपुर, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। हमीरपुर जिले में एक युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई। घटना सदर कोतवाली क्षेत्र के पुराना बेतवा घाट के पास की है। यहां युवक की हत्याकर शव को पॉलिथीन में बांधकर फेंक दिया गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को निकाला, तो उसमें लगभग 35 साल के युवक की बॉडी निकली। मृतक युवक के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान है। पुलिस शहर के सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर हत्यारों का तलाश में जुटी है। एसपी शुभम पटेल ने बताया कि बुधवार सुबह डायल-112 पर सूचना दी गई कि बेतवा घाट रोड कोतवाली सदर पर एक बोरी पड़ी है। उसमें खून निकल रहा है।

सूचना पर थाना कोतवाली पुलिस द्वारा मौके पर पहुंच कर बोरी खुलवाई, तो उसमें लगभग 35 वर्षीय युवक का शव मिला हैं। फील्ड यूनिट और डॉग स्क्वायड मौके पर मौजूद है। घटनास्थल का निरीक्षण किया जा रहा है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

## 1.25 करोड़ की धोखाधड़ी कर भागा था दादरी में पकड़ा गया चीनी नागरिक

नोएडा, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के दादरी क्षेत्र में 1.25 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में फरार एक चीनी नागरिक को मंगलवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। थाना दादरी के प्रभारी निरीक्षक उमेश बहादुर सिंह ने बताया कि वर्ष 2021 में एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी कि चीनी नागरिक ही हाओमीन और अन्य लोगों ने उससे करीब 1.25 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की थी।

शिकायतकर्ता मोहम्मद अनस के अनुसार, उसे हाओमीन और अन्य चार आरोपियों ने अप्रैल 2020 में उन्हें काम पर रखा था, जिन्होंने बताया था कि वे एक निर्माण और इंजीनियरिंग कंपनी का काम करते हैं। अनस ने आरोप लगाया, मुझे ग्रेटर नोएडा में उनकी कंपनी साइट पर 2020 में वाटर पंप प्लांट लगाने के लिए काम पर रखा गया था। जबकि कुल बिल राशि लगभग 1.40 करोड़ रुपये तय की गई थी, भुगतान शुरू में किस्त में किया गया था।

# बिहार में निकाय चुनाव पर 'सुप्रीम' सस्पेंस के मायने

## तिथि घोषित होने के बाद भी बैकफुट आ सकती है नीतीश सरकार

पटना, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। बिहार राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से नगर निकाय चुनाव की नई तारीखों का ऐलान कर दिया गया है। निर्वाचन आयोग की ओर से बकायदा चिट्ठी भी जारी कर दी गई है। पहले ये चुनाव 10 और 20 अक्टूबर को होने वाले थे। उसके बाद पटना हाई कोर्ट ने इस पर रोक लगा दी। उसके बाद बिहार सरकार फिर से हाई कोर्ट गई और ये जानकारी दी कि आरक्षण को लेकर उसने कमेटी का गठन कर दिया है। इसके बाद 30 नवंबर की रात को राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से नगर निकाय चुनाव की नई तारीखों का ऐलान कर दिया। आयोग ने इसके लिए 18 दिसंबर 2022 और 28 दिसंबर की तारीखों का चुनाव किया। आयोग ने ये भी घोषित कर दिया कि इसका रिजल्ट 30 दिसंबर तक आ जाएगा। सबसे बड़ा सवाल ये है कि इस मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में भी चल रही है।

**आयोग की योग्यता पर सवाल**

हुआ यूं कि राज्य सरकार की ओर से गठित अति पिछड़ा आयोग की योग्यता पर सवाल खड़े हो गए हैं। उसे लेकर सुप्रीम कोर्ट इस मामले की 20 जनवरी 2023 को सुनवाई करेगा। यानि कुल मिलाकर इस पूरे मामले में 'सुप्रीम' सस्पेंस बरकरार रहेगा। क्योंकि सुप्रीम कोर्ट बिहार सरकार की ओर से गठित कथित पिछड़ा आयोग की योग्यता पर अपना फैसला देगा। नगर निकाय चुनाव इस तरह एक बार फिर विवादों में घिर




सकता है। चुनावी मामलों के जानकार कहते हैं कि यदि सुप्रीम कोर्ट का फैसला पक्ष में नहीं आया, तो चुनाव फिर से स्थगित हो सकते हैं। साथ ही ये भी कहा जा रहा है कि यदि घोषित तिथि पर चुनाव संपन्न हो जाते हैं और उसके बाद कोई अलग फैसला सुप्रीम कोर्ट की ओर आता है, तो इसमें बदलाव हो सकता है। पटना हाई कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता संजय पांडेय कहते हैं कि हो सकता है कि बिहार सरकार को जिद का परिणाम भुगतान पड़े।

**महाराष्ट्र की तर्ज पर आ सकता है फैसला**

कानून जानकार इसे लेकर महाराष्ट्र के मामले का हवाला देते हैं। हुआ यूं था कि यदि महाराष्ट्र की तरह बिहार को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने फैसला दे दिया, तो बिहार सरकार को बैकफुट पर आना पड़ेगा। महाराष्ट्र प्रकरण ये था कि 2021 में शिवसेना और एनसीपी, कांग्रेस वाली संयुक्त सरकार ने आंध्र प्रदेश और तेलंगाना की तरह अध्यादेश लाकर अति-पिछड़ा आरक्षण लालू करने की कोशिश की। मामला जब सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, उसके बाद कोर्ट ने आरक्षण के प्रतिशत को उचित ठहराये जाने के आंकड़े को पर्याप्त नहीं माना। उसके बाद राज्य सरकार को स्थानीय निकायों में जहां अति-पिछड़ा को आरक्षण दिया गया था, उस पर रोक लगाना पड़ा। बाद में राज्य सरकार को अति-पिछड़ा के लिए आरक्षित सीटों को सामान्य सीट में तब्दील करना पड़ा, उसके बाद चुनाव कराना संभव हुआ।

**आनन-फानन में बना आयोग**

नगर निकाय चुनाव पर हो रहे इस विवाद को समझने के लिए थोड़ा पीछे चलना होगा। आपको बता दें कि पटना हाईकोर्ट की तरफ से निकाय चुनाव पर रोक लगाये जाने के बाद बिहार सरकार ने अपनी ही पार्टी के कुछ नेताओं और बुद्धिजीवियों को शामिल कर आनन-फानन में पिछड़ा आयोग का गठन कर दिया। उसके बाद आयोग ने दो महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट को बिहार सरकार को सौंपा। इसी दौरान ये मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंच गया। सुप्रीम कोर्ट ने नीतीश कुमार की सरकार की ओर से गठित की गई कमेटी को निकाय चुनाव के लिए समर्पित कमेटी मानने से इनकार कर दिया। सरकार को सुप्रीम फैसले का इंतजार करना उचित नहीं लगा। बिहार राज्य निर्वाचन आयोग ने तुरंत चुनाव की नई तिथियों का ऐलान कर दिया।

# अपनी सीट महिला के लिए आरक्षित हुई तो नेताजी ने कोर्ट मैरिज करके पत्नी को बना दिया प्रत्याशी

अयोध्या, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। चुनाव लड़ने के लिए लोग न जाने कितने जतन करते हैं, कभी टिकट नहीं मिलता है तो कभी मनचाहा सीट नहीं मिलती है। कभी सीट मिल गई तो पार्टी के अंदर आपसी मतभेद मुसीबत बन जाते हैं। ऐसे में जोड़तोड़ के साथ कुशल रणनीति की जरूरत होती है। निकाय चुनाव में इस तरह की स्थिति ज्यादा ही रहती है।

**जिस वार्ड से पिछली बार जीते थे, वह वार्ड भी दूसरे में समायोजित हो गया**

यूपी में कुछ दिनों बाद नगर निकाय चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में अयोध्या में एक मजेदार मामला सामने आया है। वहां के स्वर्गद्वार वार्ड से पिछली बार पार्षद रहे महेंद्र शुक्ला इस बार फिर से प्रत्याशी बनना चाह रहे थे, लेकिन यह वार्ड अब लक्ष्मण घाट वार्ड में समायोजित हो गया है। साथ ही यह वार्ड महिला सीट हो गया है। इसके चलते उनके हाथ से इस बार चुनाव निकल जा रहा था।

**जीतने के बाद फिर से समारोहपूर्वक करेंगे विवाह**

महेंद्र शुक्ला ने हार नहीं मानी। उन्होंने उस सीट पर अपनी मौजूदगी दर्ज करने के लिए आनन-फानन में दो दिसंबर को



अयोध्या के स्वर्गद्वार वार्ड से पार्षद रहे महेंद्र शुक्ला ने दो दिसंबर को प्रिया शुक्ला से शादी कर ली

प्रिया शुक्ला से कोर्ट मैरिज कर ली और अपने पत्नी को वहां से प्रत्याशी बना दिया। हालांकि जिनसे उन्होंने कोर्ट मैरिज की है, उनसे ही उनकी शादी घर वालों की सहमति से कुछ दिनों बाद होने वाली थी, लेकिन उन्होंने चुनाव को देखते हुए पहले कोर्ट मैरिज करके वहां से अपनी पत्नी को उम्मीदवार बनाने की रणनीति बना ली। बाद में चुनाव जीतने पर फिर से धूमधाम से वैवाहिक समारोह आयोजित करने का फैसला किया है। पिछले 12 अक्टूबर को उन्होंने सगाई की थी और जनवरी में शादी होने वाली थी।

**घर आते ही नई बहू जनता से समर्थन मांगने निकल पड़ी**

महेंद्र शुक्ला के मुताबिक पिछले चुनाव में जनता ने उन्हें पार्षद बनाया था और उन्होंने अपनी क्षमता के मुताबिक जनता से किए गये वादों को पूरा किया है। ऐसे में वह चाहते है कि जनता के बीच एक बार फिर जाकर उनकी सेवा करने का अवसर मांगे। महिला सीट होने की वजह से वह इससे इस बार वंचित हो रहे थे, इसलिए उन्होंने यह योजना बनाई कि जनवरी में होने वाली शादी को थोड़ा पहले कर लिया जाए और घर में आईं नई-नई बहू प्रिया शुक्ला को ही प्रत्याशी बना दिया जाए।

इसी योजना पर काम करते हुए उन्होंने 2 दिसंबर को कोर्ट मैरिज कर ली और घर आई बहू को तुरंत जनता के बीच समर्थन मांगने के लिए मैदान में उतार दिया।

# बैंक में डाका, 6 अपराधी 10 लाख ही लूट सके

बेतिया, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। बेतिया में बैरिया थाना क्षेत्र के संत घाट मलाही टोला स्थित स्टेट बैंक की शाखा में बुधवार को दिनदहाड़े अपराधियों ने डाका डाला। छह हथियारबंद अपराधियों ने बैंक के कर्मचारियों और ग्राहकों को गन प्वाइंट पर लेकर लूटपाट की भरसक कोशिश की, लेकिन 10 लाख रुपए ही ले जा सके। लॉकर और कैश के स्ट्रांग रूम की चाबी देने में कर्मियों ने आनाकानी की तो उनसे मारपीट भी की और महिला कर्मियों के दुपट्टे भी खींचे। जो भी राशि हाथ लगी, उसे लेकर अपराधी पटजीरवा की तरफ फरार हो गए हैं। डाके की सूचना के बाद एसपी उपेंद्रनाथ वर्मा, डीएसपी मुकुल परिमल पांडे समेत आधा दर्जन थाने की पुलिस बैंक शाखा में जांच और पूछताछ में जुटी हुई है।

बैंक के सर्विस मैनेजर शशिकांत झा ने बताया कि बैंक प्रतिदिन की तरह समय से खुला हुआ था। बैंक के सभी कर्मचारी अपनी अपनी सीट पर बैठ कर काम कर रहे थे। चार-पांच ग्राहक भी बैंक में मौजूद थे। करीब 11 बजे आधा दर्जन हथियारबंद अपराधी बैंक के अंदर घुस गए। बैंक के कर्मचारियों और ग्राहकों को गन पॉइंट पर ले लिया और पैसे की मांग करने लगे। लॉकर खुलवाने के लिए चाबी मांगने लगे। चाबियां नहीं देने पर अपराधी मारपीट करने लगे। अपराधियों ने बैंक मैनेजर को भी जमकर पीटा। महिला कर्मचारी से अपराधियों ने दुपट्टे छीनने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि अपराधी प्लास्टिक के तीन झोले और एक बैग लेकर आए हुए थे। उसी में पैसे भर कर ले गए हैं। अपराधियों का एक खाली झोला छूट भी गया। घटनास्थल पर पहुंचे बेतिया एसपी उपेंद्र नाथ वर्मा ने बताया कि आसपास से सीसीटीवी फुटेज को खंगालने की कोशिश की जा रही है। बैंक मैनेजर ने प्रथम दृष्ट्या 10 लाख के करीब लूट की बात बताई है। रकम कम या ज्यादा हो सकती है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से पुलिस ने चार खोखे भी बरामद किए हैं।

# सिरकटी लाश मिलने से दिल्ली में हंगामा

## दिल्ली से अगवा कर मेरठ लाकर की गई बच्चे की हत्या, तंत्र साधना का संदेह

मेरठ, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। मेरठ के इंचौली इलाके के नंगलीईशा में सिर और हाथ कटी लाश दिल्ली के बच्चे मानव की निकली। उसको पड़ोसी दीपक अगवा करके मेरठ लाया था। फिर हत्या करके शव को खेत में फेंक दिया था। मेरठ में मंगलवार को उसकी अधजली लाश मिली थी। 4 घंटे में शिनाख्त होने के बाद दिल्ली में परिजनों ने हंगामा कर दिया। मेरठ में अधजली और सिरकटी लाश की जांच में जुटी पुलिस को हत्या का कनेक्शन दिल्ली प्रीति विहार में मिला था।

मेरठ में मंगलवार को खेत में एक बच्चे की लाश मिलती है। लाश का सिर और एक हाथ गायब था। लाश आधी जली थी। लाश को कुत्ते नोंच रहे थे। ग्रामीणों ने लाश देखी पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस लाश की शिनाख्त करती है। पुलिस इंक्वायरी में पता चला लाश प्रीत विहार दिल्ली में रहने वाले 10 वर्षीय मानव की है। दिल्ली पुलिस से संपर्क होता है। दिल्ली पुलिस मेरठ पहुंचकर लाश की शिनाख्त आरोपी दीपक से कराती है। 30 नवंबर को दिल्ली प्रीत विहार निवासी दीपक अपने पड़ोसी हीरालाल के 19 साल के बेटे मानव को घर के बाहर खेलते समय अगवा कर ले जाता है। अगवा करके अपने साथ मेरठ रिश्तेदार के यहां लाता है। दिन भर बेटे के घर न आने पर पिता हीरालाल दिल्ली प्रीतविहार थाने में बेटे के अपहरण का मुकदमा दर्ज कराता है। उस मुकदमे के आधार पर दिल्ली पुलिस सोमवार को हीरालाल के पड़ोसी दीपक को गिरफ्तार कर पूछताछ करती है। जिसमें दीपक बताता है कि उसने बच्चे की हत्या कर शव फेंक दिया है। पुलिस के अनुसार मानव की दो बहनें है। पिता रिक्शा चालक, मां सफाई का काम करती है।

मेरठ में सिरकटी लाश मिलने की सूचना मेरठ पुलिस द्वारा फ्लेश कराई जाती है। तो दिल्ली पुलिस को शक होता है कि कहीं यह दिल्ली का मानव तो नहीं। पुलिस अपहरणकर्ता दीपक से पूछताछ करती है। पूछताछ में दीपक कुबूलता है कि उसने मेरठ में ले जाकर बच्चे की हत्या की थी। निशानदेही पर दिल्ली पुलिस दीपक को मेरठ लाकर लाश की शिनाख्त कराती है। जिसमें दीपक बताता है कि यही मानव है। 30 नवंबर को ही उसने मानव को मेरठ लाकर मार दिया था। शव फेंक दिया था। पुलिस ने बताया कि दीपक शराबी है। पुलिस का मानना है कि तंत्र क्रिया के चक्कर में हत्या कर थी।

दीपक बिहार का मूल निवासी है। लंबे समय से दिल्ली में रहता है। उसके रिश्तेदार यहां मेरठ मवाना में रहकर मजदूरी करते हैं। दीपक ने 30 नवंबर को मानव को यहां लाकर उसकी हत्या करके शव फेंक दिया था। ट्रेन से दिल्ली से मेरठ आया।

30 नवंबर से ही मानव के परिजनों ने दिल्ली में बेटे के अपहरण का मुकदमा कराया है।

# सपा एमएलए इरफान के खिलाफ 2 और एफआईआर

## इरफान ने गुंडा टैक्स मांगा और प्लॉट पर कब्जा किए, अब गैंगस्टर की तैयारी

कानपुर, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। कानपुर में सपा विधायक इरफान सोलंकी और उनके भाई रिजवान के खिलाफ दो और एफआईआर दर्ज की गई हैं। एक एफआईआर में जमीन पर कब्जा करने और दूसरी रंगदारी मांगने की है। अभी इरफान के खिलाफ पहुंची 15 शिकायतों की जांच चल रही है। इसमें 2 मामले सही पाए गए थे। इन्हीं मामलों में एफआईआर हुई है। इरफान के खिलाफ पुलिस अब गैंगस्टर लगाने की तैयारी कर रही है। कंघी मोहाल निवासी चप्पल कारोबारी मोहम्मद नसीम आरिफ की तहरीर के अनुसार, 2010 में उन्होंने वाजिदपुर में पांच सौ वर्ग गज प्लॉट एक किसान से लिया था। इसमें से 300 वर्ग गज जमीन बिक गई। बचे हिस्से पर 16 मार्च 2018 को विधायक इरफान सोलंकी, भाई रिजवान सोलंकी समेत




अन्य सहयोगियों ने कब्जा कर लिया। सूचना पर वह मौके पर पहुंचे तो उनके साथ मारपीट और गालीगलौज की गई। उन्होंने मामले की शिकायत की, लेकिन विधायक के रसूख के चलते कहीं सुनवाई नहीं हुई थी। अब पुलिस का शिकंजा कसा तो उन्होंने चार साल बाद फिर से शिकायत की और जांच में आरोप सही पाए जाने पर अब मोहम्मद नसीम आरिफ की तहरीर पर जाजमऊ थाने में विधायक इरफान सोलंकी, भाई रिजवान सोलंकी, चाचा इश्तियाक सोलंकी, आसिफ दलाल, शब्बर हुसैन, अब्दुल मोईद व 16 अज्ञात के खिलाफ बलवा, मारपीट, संपत्ति या मूल्यवान प्रतिभूति उद्दापित करने के लिए या अवैध कार्य करना, जान से मारने की धमकी देना, गृह अतिचार करने की धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। फूलवाली गली अनवरगंज निवासी समाजसेवी अकील अहमद खां के अनुसार उन्होंने विधायक द्वारा नसीम आरिफ व नजीर फातिमा की जमीन पर कब्जा पर आवाज उठाई थी। आगजनी की एफआईआर के बाद विधायक जेल चले गए तो उनके गुर्गों पार्षद मुरसलीन खां उर्फ भोलू समेत अन्य ने उनसे गुंडा टैक्स वसूला।

# पूर्व मंत्री का बिहार सरकार पर हमला

## कहा- शराबबंदी पर नीतीश जिद छोड़ें

पटना, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। पूर्व मंत्री आरसीपी सिंह ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री को शराबबंदी खत्म कर देना चाहिए। शराबबंदी की वजह से राजस्व का भी काफी नुकसान हो रहा है लेकिन नीतीश कुमार अपनी जिद पर अड़े हुए हैं। शराबबंदी की वजह से बिहार के पर्यटन पर भी असर हो रहा है।जो लोग वाराणसी झारखंड से बिहार आ रहे हैं वह नाइट हाल्ट नहीं करते हैं। वह वापस अपने राज्य लौट जाते हैं।

आरसीपी सिंह के अलावा बिहार की सरकार में शामिल कांग्रेस और हम ने भी शराबबंदी को लेकर सवाल खड़े किए हैं। हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीतन राम मांझी ने शराबबंदी को लेकर कई बार



मांग उठाई है मांझी के साथ-साथ जदयू संसदीय बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने भी बिहार में शराबबंदी को विफल बताया है। शराबबंदी को लेकर सरकार का दावा है कि शराबबंदी की वजह से बिहार में अपराध में कमी आई है।

शराब की वजह से आए दिन मारपीट होते रहते थे उसमें काफी कमी आई है। बिहार की महिलाएं अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रही हैं। शराबबंदी की वजह से महिलाओं पर घरेलू अत्याचार में भी कमी आई है। जिस समय शराब चालू था उन दिनों बहुत से घरों में शराब की वजह से कलह बढ़ गया था। आए दिन घरों में मारपीट की घटनाएं हो रही थी। जिस पर अंकुश लगा है सरकार का दावा है कि शराबबंदी पूरी तरह से सफल है।

वहीं विपक्ष का कहना है कि यदि बिहार में पूर्ण रूप से शराब बंदी है तो कैसे शराब बिक रही है और आए दिन बड़ी मात्रा में शराब की जब्ती हो रही है।

# उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में योगदान देने की अपील की

जम्मू, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। राजभवन में बुधवार को सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया गया। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने इस अवसर पर सशस्त्र बलों के सभी सदस्यों और उनके परिवारों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं। राजभवन में आयोजित समारोह में सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) गुरमीत सिंह शान ने एलजी मनोज सिन्हा और मुख्य सचिव डॉ. अरुण कुमार मेहता की जैकेट पर सशस्त्र सेना का झंडा लगाया। उपराज्यपाल ने सशस्त्र बलों के बहादुरों बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिवारों की बहादुरी और निस्वार्थ सेवा की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि



झंडा दिवस हम सभी के लिए वीर जवानों के प्रति आभार और एकजुटता व्यक्त करने का एक अवसर है। उपराज्यपाल ने कहा, मैं हमारे सैनिकों के साहस और समर्पण को सलाम करता हूं और उनकी वीरता और हमारे देश की सेवा के लिए आभार व्यक्त करता हूं।' साथ ही एलजी मनोज सिन्हा ने सभी नागरिकों से सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में उदारता से योगदान देने की अपील की। वहीं, सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक ने उपराज्यपाल को पूर्व सैनिकों, वीर नारियों, उनके आश्रितों और सेवारत सशस्त्र बल कर्मियों के कल्याण के लिए विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों और नई पहलों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर कर्नल (सेवानिवृत्त) जेएस रंधावा, कर्नल (सेवानिवृत्त) बीएस संब्याल, कर्नल (सेवानिवृत्त) जे एस जम्वाल, कर्नल (सेवानिवृत्त) एमएस भाऊ, कर्नल (सेवानिवृत्त) एसएस असला, तरसेम चंद, रजनी, ज्योति मगोत्रा, निशा, अल्पी महाजन उपस्थित रहीं।

# यूट्यूबर नामरा कादिर : हसीन चेहरे के पीछे छिपी है साजिश

## हनीट्रैप के जरिए व्यापारी से ऐंठे 80 लाख, पुलिस ने किया गिरफ्तार



गुरुग्राम, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। शातिर यू-ट्यूबर नामरा कादिर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. नामरा कादिर पर एक व्यापारी से 80 लाख रुपये ऐंठने का आरोप है. एक बिजनेसमैन की शिकायत के बाद पुलिस ने नामरा को सोमवार की देर रात दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया. नामरा कादिर को फिलहाल 4 दिन की पुलिस रिमांड में भेज दिया गया है. वो अपने पति के साथ मिलकर ये हनीट्रैप का काला धंधा करती थी. यूट्यूबर नामरा कादिर की असलियत उस वक्त सामने आई जब 24 नवंबर को एक व्यापारी ने गुरुग्राम के सेक्टर-50 थाने में उसके खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज करवाई. कादिर ने व्यापारी को रेप के झूठे केस में फंसाने की धमकी दी थी.

**हनीट्रैप में फंसाकर 80 लाख रुपये की वसूली**

यूट्यूबर नामरा कादिर पर आरोप है कि उसने बिजनेसमैन को हनीट्रैप में फंसाकर उससे 80 लाख रुपये की वसूली की थी. इस काम में कादिर का पति भी शामिल था. नामरा कादिर के यूट्यूब पर 6 लाख से अधिक फॉलोअर्स हैं. बादशाहपुर निवासी व्यापारी ने अगस्त महीने में पुलिस को दी गई शिकायत में कहा था कि वह काम के सिलसिले से 22 वर्षीया नामरा कादिर नाम की युवती से सोहना रोड पर स्थित एक होटल में मिला था. उसके बाद दोनों के बीच दोस्ती हो गई थी.

**हुश्न के जाल में कैसे फंसाया?**

व्यापारी ने पुलिस को बताया कि कादिर ने उसे विराट बैनीवाल से भी मिलवाया और परिचय करवाया कि वो भी एक यू ट्यूबर है और उसका साथी है. उन्होंने मुझसे मेरी फर्म में काम करने के लिए दो लाख एडवांस की मांग की. नामरा से पहले से परिचित होने की वजह से मैंने दो लाख रुपये दे दिए. जब ऐड का काम लाया तो उन्होंने 50 हजार की और मांग की. वो भी पैसे दे दिए लेकिन उन्होंने मेरा काम नहीं किया. नामरा ने साजिश रचते हुए कहा कि वो उसे पसंद करती है और शादी के बंधन में बंधना चाहती है.

**कादिर का पति फरार**

व्यापारी ने पुलिस को बताया कि एक दिन क्लब में पार्टी के दौरान नामरा और बैनीवाल ने उन्हें शराब पिलाई. होटल बुक करने के बाद तीनों एक कमरे में सो गए. सुबह उठने पर नामरा ब्लैकमेल करने लगी. रेप केस में फंसाने की धमकी दी. व्यापारी ने पुलिस को बताया को अबतक कुल करीब 80 लाख रुपये की उनसे वसूली की गई. इस मामले में कादिर का पति और सह-आरोपी मनीष उर्फ विराट बेनीवाल अभी फरार चल रहा है.

# बेटी ने जुटाए सबूत

## तो पता चला प्रोफेसर मां की मौत हार्टअटैक से नहीं जहर से हुई, केस दर्ज



इंदौर, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। 18 सितंबर को प्रोफेसर गौरी सोलंकी को गंभीर हालत में उसके पति विजय सिंह सोलंकी चोइथराम लेकर गए थे। उन्होंने डॉक्टर को बताया कि पत्नी को हार्टअटैक आया है। उपचार के दौरान उसी रात को प्रोफेसर पत्नी की मौत हो गई। इसके बाद पति शव को घर ले आए। मां की मौत की सूचना मिलने पर दिल्ली में पीएससी परीक्षा की तैयारी कर रही बड़ी बेटी निकिता दिल्ली से इंदौर पहुँची। उसने पिता से कहा कि वे लेने के लिए उसे एयरपोर्ट क्यों नहीं आए तो पिता ने कहा था कि कार के टायर पंचर हो गए थे। निकिता को शक हुआ तो पता चला कि पिता ने पूरी कार धुलवाई,क्योकि अस्पताल ले जाते समय मां ने कार में उलटी की थी। इससे जुड़े सबूत बेटी ने पुलिस अफसरों को दिए। निकिता के आरोप के बाद शव का पोस्टमार्टम हुआ तो शार्ट पीएम रिपोर्ट में जहर की आशंका बताई गई। एफएसल टीम ने विसरा को जांच के लिए लैब में भेजा था। वहां से मंगलवार को जहर के कारण मौत की वजह स्पष्ट हो गई। मंगलवार रात को राजेंद्र नगर पुलिस ने पति विजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। विजय महिला व बाल विकास अधिकारी है और एक घोटाले के मामले में निलंबित चल रहे हैं।

**बेटी ने कहा- बेहोश होने पर पिता देरी से ले गए अस्पताल**

बड़ी बेटी निकिता ने कहा कि जिस दिन मां की मौत हुई थी। उस दिन पिता ने घर पर खाना बनाया था,लेकिन 8 और 15 साल की दोनो बेटियों को खाना नहीं खाने दिया। मां काफी देर तक घर पर बेहोश रही, लेकिन आधे घंटे तक पिता अस्पताल नहीं ले गए,जबकि अस्पताल पास में ही था। बेटी ने कहा कि पिता अक्सर मां को परेशान करते रहते थे। उसकी शिकायत मां ने कुक्षी थाने में भी दर्ज कराई थी।

# सीएम के गांव निंदाना में अधेड़ की हत्या

## अर्धनग्न हालत में मिला शव; शरीर पर चोट-घसीटने के निशान, नाक से बहा खून

रोहतक, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। हरियाणा के रोहतक के गांव निंदाना में बुधवार को एक अधेड़ का शव अर्ध नग्न हालत में मिला। मृतक अधेड़ की पहचान मुख्यमंत्री मनोहर लाल के पैतृक गांव निंदाना के ही रहने वाले अनिल के तौर पर हुई है। खून से लथपथ शव मिलने के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। वहीं पुलिस ने मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। घटनास्थल पर मिले साक्ष्यों के अनुसार हत्या की आशंका जताई जा रही है। क्योंकि अधेड़ के नीचे वाले आधे शरीर पर कपड़े नहीं हैं। वहीं घटनास्थल पर घसीटने के निशान भी मिले हैं। नाक से खून निकला था और जूते भी दूर पड़े हुए मिले। जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि उसकी हत्या की गई है। मृतक अनिल के शरीर पर चोट के निशान साफ दिखाई दे रहे हैं। जो कह रहे हैं कि उसे बुरी तरह से घसीटा गया है। वहीं उसके शरीर से खून भी निकला हुआ है। जिससे लग रहा है कि उसकी हत्या की गई है। जहां पर अनिल का शव मिला उससे कुछ दूरी पर उसके कपड़े भी पड़े हुए मिले। वहीं पास में ही जूते भी पड़े थे। मामले का पता लगते ही ग्रामीण भी घटनास्थल पर जुट गए। हर कोई इस घटना के बारे में पता लगाना चाह रहा था। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल टीम को भी बुलाया।

# सड़क हादसे में भाई-बहन की मौत

## छोटे भाई की हालत गंभीर, बाइक पर स्कूल जा रहे थे तीनों

मुक्तसर, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। पंजाब के मुक्तसर शहर में बुधवार की सुबह जलालाबाद रोड पर सड़क हादसे में गांव कबरवाला के दो भाई बहनों की मौत हो गई, जबकि छोटा भाई भी गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसे भुच्चो के निजी अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। तीनों भाई बहन नाबालिग थे और सुबह घर से मोटरसाइकिल से अकाल अकेडमी स्कूल जा रहे थे। अचानक रास्ते में ट्रक चालक द्वारा ओवरटेक करते हुए फेंट मारने से हादसा हो गया। बताते हैं कि ट्रक भी ओवरलोड था। धुंध के कारण ये हादसा घटित हो गया। जानकारी अनुसार मुक्तसर की अकाल अकेडमी में पढ़ने वाले तीनों विद्यार्थी मोटरसाइकिल से स्कूल जा रहे थे। तीनों गांव से निकलकर जलालाबाद रोड यादगारी गेट के पास पहुंचे थे कि ट्रक ने ओवरटेक करते हुए इनकी मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे मोटरसाइकिल संतुलन खो गया और तीनों गिर पड़े। तीनों को को जलालाबाद रोड स्थित निजी अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने 15 वर्षीय छात्र गुरसेवक सिंह पुत्र हरिंदर सिंह व उसकी छोटी बहन 12 वर्षीय प्रभजोत कौर को मृत घोषित कर दिया। गुरसेवक दसवीं कक्षा तो प्रभजोत सातवीं कक्षा में पढ़ती थी। जबकि दोनों का छोटा भाई आठ वर्षीय नवतेज भी गंभीर रुप से जख्मी था। जिसे भुच्चो आदेश अस्पताल रेफर कर दिया गया। नवतेज पहली कक्षा का छात्र है। हादसे की सूचना मिलते ही जहां परिजन व रिश्तेदार अस्पताल पहुंच गए। वहीं डीएसपी (डी) राजेश स्नेही भी पुलिस टीम सहित पहुंच चुके थे और मामले की जांच शुरू कर दी। सूत्रों अनुसार ट्रक चालक हादसे को अंजाम देकर घटनास्थल पर ट्रक छोड़कर फरार हो गया था। जिसे काबू कर लिया गया है।

# अंबेडकर का भगवा पोस्टर लगा रहा था हिंदू संगठन का नेता, पुलिस ने कर लिया गिरफ्तार

कुंभकोणम, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। बीआर अंबेडकर का भगवा पोस्टर लगाने के आरोप में एक तमिल समर्थक हिंदू समूह के नेता को रात तमिलनाडु के कुंभकोणम से गिरफ्तार कर लिया गया। पोस्टर में बीआर अंबेडकर को भगवा शर्ट पहने और माथे पर पवित्र भस्म लगाए दिखाया गया है। गिरफ्तार नेता की पहचान हिंदू मक्कल काची के महासचिव गुरुमूर्ति के रूप में की गई है। गुरुमूर्ति की गिरफ्तारी सांसद थोल थिरुमावलवन के ट्वीट के बाद हुई जिन्होंने इस घटना को निंदनीय बताया। थिरुमावलवन ने ट्वीट करते हुए लिखा था कि पोस्टर ने अंबेडकर का भगवाकरण किया जिन्होंने विष्णु या ब्रह्मा की प्रार्थना करने से इनकार कर दिया। थिरुमावलवन ने लिखा ऐसे धार्मिक कट्टरपंथी जिन्होंने अंबेडकर को भगवा शर्ट और माथे पर पवित्र विभूति के साथ चित्रित किया है,

# विलुप्त प्राय सोन चिरैया को बचाने के लिए चलेगा बड़ा अभियान

## सऊदी अरब और कतर की भी ली जाएगी मदद

नई दिल्ली, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। चीतों को फिर वापस लाकर देश ने अपनी जिस गलती को 70 सालों के बाद दुरुस्त किया है। ऐसे में अब वह किसी भी और वन्यजीवों को खोना नहीं चाहेगा, जिसे लेकर उसे पछतावा हो। साथ ही दुनिया भर में उसकी छवि भी खराब हो। यही वजह है कि विलुप्त होने के कगार पर खड़ी सोनचिरैया (ग्रेट इंडियन बस्टर्ड ) के संरक्षण को लेकर देश में एक बड़ा अभियान छेड़ने की तैयारी है, जो टाइगर या फिर चीता प्रोजेक्ट की तर्ज पर देश भर में चलेगा। फिलहाल केंद्र सरकार इस मुहिम में तेजी से जुटी है, जिसकी शुरूआत जल्द ही राजस्थान के साथ गुजरात, कर्नाटक और महाराष्ट्र जैसे राज्यों से हो सकती है।

**राजस्थान में सबसे अधिक सोनचिरैया**

सोनचिरैया के संरक्षण की इस मुहिम में वन एवं पर्यावरण मंत्रालय का वैसे भी राजस्थान, गुजरात और कर्नाटक पर फोकस इसलिए है, क्योंकि मौजूदा समय में सिर्फ इन्हीं राज्यों में सोनचिरैया बची है। इनमें से सबसे अधिक करीब सौ सौनचिरैया अकेले राजस्थान में मौजूद है, जबकि 20 से 30 सोनचिरैया गुजरात, कर्नाटक, आंध्र



प्रदेश आदि राज्यों में पायी जाती है।

**सुप्रीम कोर्ट में लंबित है मामला**

खास बात यह है कि सुप्रीम कोर्ट में भी सोनचिरैया के संरक्षण का मामला लंबित है। जिसे लेकर कोर्ट भी काफी गंभीर है। ऐसे में सरकार की ओर से इसके संरक्षण को लेकर जल्द ही प्रोजेक्ट लांच करने की तैयारी है। जिसमें सोनचिरैया संरक्षण, सुरक्षा और प्रजनन केंद्रों आदि के विकास पर जोर रहेगा।

**प्रोजेक्ट को दिया जा रहा अंतिम रूप**

वन एवं पर्यावरण मंत्रालय से जुड़े विशेषज्ञों के मुताबिक भारतीय वन्यजीव संस्थान ( डब्लूआईआई) की देखरेख में इस प्रोजेक्ट को अंतिम रूप दिया जा रहा है। साथ ही गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र व आंध्र प्रदेश जैसे राज्यों से इस लेकर सुझाव भी मांगे गए है। सूत्रों के मुताबिक सोन चिरैया के संरक्षण में बड़ा फोकस इन सभी राज्यों में ब्रीडिंग सेंटर खोलने को लेकर है, जिसमें जंगल से सोनचिरैया के अंडों को सुरक्षित लाकर उससे बच्चे पैदा करने का है।

**सऊदी अरब की ली जा रही मदद**

राजस्थान में फिलहाल भारतीय वन्यजीव संस्थान ने एक ऐसा प्रोजेक्ट शुरू किया है, जिसमें सऊदी अरब की भी मदद ली जा रही है। सऊदी अरब को इस तरह के पक्षियों के अंडों से बच्चों को बनाने की तकनीकी पर महारथ है। हालांकि वह इस तकनीक से तैयार पक्षियों को अपने खाने में इस्तेमाल में लेते है।

**राजस्थान का राजकीय पक्षी है सोनचिरैया**

गौरतलब है कि सोनचिरैया राजस्थान का राजकीय पक्षी है। ऐसे में राजस्थान सरकार इसके संरक्षण को लेकर अलग एक मुहिम छेड़े हुए है। बावजूद इसकी संख्या में बढ़ोत्तरी नहीं दिख रही है।

**कतर से भी सोनचिरैया संरक्षण पर ली जा सकती है मदद**

मंत्रालय से जुड़े सूत्रों के मुताबिक सोनचिरैया के सरंक्षण की इस मुहिम में कतर से भी मदद लेने की तैयारी है। दोहा में अंडों के बच्चों को पैदा करने के लिए एक आधुनिक प्रजनन सेंटर है। ऐसे में भारत भी उस तकनीक की मदद से अपने यहां सोनचिरैया की संख्या को बढ़ाने में इस्तेमाल कर सकता है। मौजूदा समय में देश में सोनचिरैया की कुल संख्या करीब 120 के आसपास बताई जाती है।

# कुख्यात गैंगस्टर रामकरण बैंयापुर की अवैध संपत्ति पर चला बुलडोजर

**अवैध कब्जा कर बनाई गई थी दुकानें**

सोनीपत, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। हरियाणा के सोनीपत के गांव बैंयापुर में कुख्यात गैंगस्टर रामकरण बैंयापुर की तरफ से अवैध कब्जा कर बनाई गई तीन दुकानों को पुलिस व जिला प्रशासन की टीम ने बुलडोजर चलाकर गिरा दिया। बुलेटप्रूफ कार और अत्याधुनिक हथियार रखने के साथ ही 30 से अधिक मामलों में नामजद रामकरण फिलहाल जेल में बंद है। पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या में भी रामकरण गैंग के शूटर प्रियव्रत फौजी को गिरफ्तार किया गया है। कुख्यात रामकरण ने अपने गांव के अड्डे के पास जमीन पर अवैध कब्जा कर तीन दुकान बना रखी थी। जिसकी जानकारी मिलने के बाद प्रशासन ने बुधवार को बुल्डोजर ले जाकर तीनों दुकानों व बरामदा को गिरा दिया है। जिला योजनाकार देशराज सिंह के साथ भारी संख्या में मौजूद पुलिस बल ने कार्रवाई करते हुए दुकानों को गिरा दिया। इस दौरान लोगों की भारी भीड़ लगी रही। पुलिस का दावा है कि गैंगस्टर के कब्जे वाले भवन गिराने से लोगों में उनका डर नहीं रहेगा। शराब कारोबारी संदीप बड़वासनी व उसके दो साथियों की हत्या समेत 30 से अधिक मामलों में नामजद कुख्यात गैंगस्टर रामकरण को दिल्ली से गिरफ्तार किया था। बाद में उसकी निशानदेही पर पुलिस ने बुलेट प्रूफ कार और विदेशी हथियार बरामद किए थे। रामकरण ने सोनीपत कोर्ट परिसर में कुख्यात बदमाश अजय उर्फ बिट्टू बरोणा को गोली मरवाने के लिए हरियाणा पुलिस के सिपाही महेश को अपने साथ मिला लिया था। बाद में बरोणा में जाकर अजय के पिता कृष्णचंद की हत्या भी कराने का आरोप है। रामकरण के कहने पर 18 मार्च 2021 को कोर्ट परिसर में रोहतक से पेशी पर आए बदमाश अजय उर्फ बिट्टू बरोणा को उसकी गारद में आए सिपाही महेश ने तीन गोली मार दी थी। सिर से सटाकर गोली मारने के बाद भी अजय बच गया था और उसका रोहतक के निजी अस्पताल में उपचार किया गया था। उस पर हमले के बाद गांव बरोणा में उसके पिता कृष्णचंद की हत्या कर दी गई थी। दोनों मामलों में गैंगस्टर रामकरण बैंयापुर का नाम आया था। रामकरण बैंयापुर ने अपनी गैंग के साथियों के साथ मिलकर अवैध कब्जे कर रखे हैं।

# जम्मू-कश्मीर में भूकंप के झटके रिक्टर पैमाने पर 3.0 रही तीव्रता




जम्मू, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। जम्मू कश्मीर में बुधवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। भूकंप सुबह 09:15 बजे दर्ज किया गया। इसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.0 आंकी गई और इसका केंद्र जमीन के अंदर 10 किलोमीटर की गहराई पर था। भद्रवाह, कठुआ, डोडा, उधमपुर, जम्मू, कटड़ा और श्रीनगर में इसके झटके महसूस किए गए हैं। हालांकि इससे फिलहाल किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने इसकी जानकारी दी है।

**भूकंप क्यों आते हैं?**

भूकंप के आने की मुख्य वजह धरती के अंदर प्लेटों का टकराना है। धरती के भीतर सात प्लेट्स होती हैं जो लगातार घूमती रहती हैं। जब ये प्लेटें किसी जगह पर आपस में टकराती हैं, तो वहां फॉल्ट लाइन जोन बन जाता है और सतह के कोने मुड़ जाते हैं। सतह के कोने मुड़ने की वजह से वहां दबाव बनता है और प्लेट्स टूटने लगती हैं। इन प्लेट्स के टूटने से अंदर की एनर्जी बाहर आने का रास्ता खोजती है, जिसकी वजह से धरती हिलती है और हम इसे भूकंप मानते हैं।

**भूकंप की तीव्रता का क्या अर्थ है?**

रिक्टर स्केल पर 2.0 से कम तीव्रता वाले भूकंप को माइक्रो कैटेगरी में रखा जाता है और यह भूकंप महसूस नहीं किए जाते। रिक्टर स्केल पर माइक्रो कैटेगरी के 8,000 भूकंप दुनियाभर में रोजाना दर्ज किए जाते हैं। इसी तरह 2.0 से 2.9 तीव्रता वाले भूकंप को माइनर कैटेगरी में रखा जाता है। ऐसे 1,000 भूकंप प्रतिदिन आते हैं इसे भी सामान्य तौर पर हम महसूस नहीं करते। वेरी लाइट कैटेगरी के भूकंप 3.0 से 3.9 तीव्रता वाले होते हैं, जो एक साल में 49,000 बार दर्ज किए जाते हैं। इन्हें महसूस तो किया जाता है लेकिन शायद ही इनसे कोई नुकसान पहुंचता है। लाइट कैटेगरी के भूकंप 4.0 से 4.9 तीव्रता वाले होते हैं जो पूरी दुनिया में एक साल में करीब 6,200 बार रिक्टर स्केल पर दर्ज किए जाते हैं। इन झटकों को महसूस किया जाता है और इनसे घर के सामान हिलते नजर आते हैं। हालांकि इनसे न के बराबर ही नुकसान होता है।

# बांग्लादेश सीमा से महिला तस्कर समेत दो गिरफ्तार

## डेढ़ लाख से ज्यादा के सोने के बिस्किट जब्त




कोलकाता, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। बीएसएफ ने बांग्लादेश से सटी अंतरराष्ट्रीय सीमा से एक महिला समेत दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 1.55 लाख से ज्यादा के सोने के बिस्किट जब्त किए गए हैं। सीमा सुरक्षा बल ( बीएसएफ) द्वारा गिरफ्तार तस्करों की पहचान अमल कुमार साहा औरअकलीमा सरदार के रूप में हुई है। दोनों बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के रहने वाले हैं। दोनों को आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित थानों को सौंप दिया गया है। बीएसएफ की 112वीं वाहिनी के कमांडिंग ऑफिसर ने बताया कि दक्षिण बंगाल सीमांत (उत्तर 24 परगना) के अंतर्गत सीमा चौकी आरशिकारि पर तैनात जवानों ने तस्कर अमल कुमार साहा को 10 सोने के बिस्किट के साथ पकड़ा। इनका वजन 1166 ग्राम है। इनकी अनुमानित कीमत 64,26,059 रूपये है।

**बांग्लादेशी तस्कर ने दिया था सोना, मात्र एक हजार रुपये मिलने वाले थे**

पूछताछ के दौरान अमल कुमार ने बताया कि ये सोना उसे बांग्लादेशी तस्कर रिजौअल मंडल, जिला सतखिरा ने दिया था। वह यह सोना बिठारि बाजार में रामप्रसाद बिस्वास, जिला उत्तर 24 परगना को सौंपने वाला था। इस काम के लिए उसे 1,000 रूपये मिलने थे, लेकिन साइकिल से जाते समय जवानों ने उसे तलाशी के दौरान पकड़ लिया। गिरफ्तार तस्कर को जब्त सामान के साथ आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए कस्टम विभाग टेंटुलिया को सौंप दिया गया।

**महिला तस्कर को दो हजार रुपये मिलने वाले थे**

इसी तरह से एक अन्य घटना में दक्षिण बंगाल की सीमा चौकी जयंतीपुर पर तैनात 158 वीं वाहिनी के जवानों ने एक महिला तस्कर को 15 सोने के बिस्किट के साथ पकड़ा। जब्त सोने का वजन 1749.72 ग्राम है, जिसकी अनुमानित कीमत 97,21,444 रुपए बताई जा रही है। पकड़ी गई महिला तस्कर की पहचान अकलीमा सरदार, जिला उत्तर 24 परगना के रूप में हुई। बीएसएफ के कमांडिंग ऑफिसर ने बताया कि पूछताछ में महिला तस्कर ने बताया कि ये सोना उसे बांग्लादेशी तस्कर बादल, निवासी बेनापोल ने दिया था। ये बिस्किट वह भारतीय तस्कर असगर शेख, निवासी पेट्रापोल को सौंपनी वाली थी। इस काम के लिए उसे 2,000 रूपये मिलने वाले थे, लेकिन उससे पहले ही उसे पकड़ लिया गया। गिरफ्तार महिला तस्कर को जब्त सामान के साथ आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए कस्टम विभाग पेट्रापोल को सौंप दिया गया।

# रेवाड़ी में प्रेमी-प्रेमिका की मौत:ननदोई ने 2 बच्चों की मां की गोली मार हत्या की; फिर खुद को भी किया शूट

रेवाड़ी, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। हरियाणा के रेवाड़ी में मर्डर ओर सुसाइड की खौफनाक वारदात हुई है। गांव दुल्हेड़ा खुर्द में एक व्यक्ति ने पहले अपनी प्रेमिका की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने खुद को भी गोली मार ली। दोनों की मौत हो गई है। सूचना के बाद बावल थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच कर छानबीन शुरू की। मिली जानकारी के अनुसार, नूंह जिले के गांव जिमरावत निवासी जगदीश (31) बाइक पर सवार होकर रात रेवाड़ी जिले के गांव दुल्हेड़ा खुर्द में पहुंचा था। यहां पर उसने रात साढे 11 बजे शीतल (27) नाम की महिला की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद जगदीश ने खुद को भी गोली मार कर आत्महत्या कर दी। वारदात के वक्त महिला चारपाई पर लेटी हुई थी। पास में उसके बच्चे सो रहे थे। बताया जा रहा है कि इसी दौरान दोनों की बीच बहस होने लगी और फिर जगदीश ने शीतल को गोली मार दी। चंद मिनट बाद ही उसने खुद को भी गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर पड़ौसी जब उनके घर पहुंचे तो शीतल चारपाई पर मृत मिली और जगदीश जमीन पर खून से लथपथ पड़ा था। जगदीश के हाथ में देशी पिस्तौल भी थी।

स्वतंत्र वार्ता

गुरुवार, 8 दिसंबर, 2022

# बढ़ती आबादी के साथ गहराता खाद्य संकट

भले हम विकास का दम भरते रहें, पर सच यह है कि दुनिया भर में भुखमरी का गंभीर संकट मंडरा रहा है। अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन का कहना है कि खाद्य समस्या का मुख्य कारण सिर्फ खाद्य पदार्थों का अभाव नहीं, बल्कि लोगों की क्रयशक्ति में कमी है।

दुनिया की आबादी आठ अरब को पार कर चुकी है। मात्र तेईस साल की अवधि में दुनिया की आबादी दो अरब बढ़ गई। आने वाले दशकों में क्षेत्रीय असमानताओं के साथ जनसंख्या बढ़ती रहेगी। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक 2030 तक यह आबादी साढ़े आठ अरब, 2050 तक 9.7 अरब और 2100 तक 10.4 अरब तक पहुंच सकती है। आबादी के मामले में भारत अगले साल तक चीन को पीछे छोड़ देगा। वह पहले नंबर का सबसे बड़ी आबादी वाला देश हो जाएगा। भारत की जनसंख्या अभी 1.04 फीसद की सालाना दर से बढ़ रही है। अहम सवाल यह है कि जिस रफ्तार से जनसंख्या बढ़ रही है, इतनी बड़ी जनसंख्या का आने वाले समय में पेट कैसे भरा जाएगा। क्योंकि जलवायु परिवर्तन न सिर्फ आजीविका, जल आपूर्ति और मानव स्वास्थ्य के लिए खतरा, बल्कि खाद्य सुरक्षा के लिए भी चुनौती खड़ी कर रहा है। दुनिया के अधिकांश देश आज जिन चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, उनमें खाद्य सुरक्षा सबसे बड़ी चुनौती है।

आज जिस तरह विश्व की आबादी बढ़ रही है, उसी हिसाब से प्राकृतिक संसाधनों पर भी स्पष्ट रूप से दबाव पड़ रहा है। आज पूरी दुनिया के लिए बढ़ती आबादी और सिकुड़ते संसाधन एक अभिशाप हैं, क्योंकि जनसंख्या के अनुपात में संसाधन सीमित हैं। यही वजह है कि करीब आठ अरब की आबादी का बोझ ढोती यह पृथ्वी जनसंख्या से पैदा हुई अनेक समस्याओं के निदान की बाट जोह रही है।



पूरी दुनिया की आबादी में अकेले एशिया की इकसठ फीसद हिस्सेदारी है। यही भारत को दुनिया की महाशक्ति बनने में सबसे बड़ी बाधा है। फिलहाल भारत की जनसंख्या विश्व जनसंख्या का अठारह फीसद है। भूभाग के लिहाज के हमारे पास 2.5 फीसद जमीन और चार फीसद जल संसाधन है। ऐसे में तेजी से बढ़ती जनसंख्या देश की सामाजिक-आर्थिक समस्याओं की जननी बन कर देश के सामने खतरे की घंटी बन सकती है। आज जनसंख्या वृद्धि देश की हर समस्या का मूल कारण बनती जा रही है।

गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी, अशिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, अपराध, स्वच्छ जल की कमी आदि के पीछे भी जनसंख्या वृद्धि एक बड़ा कारण है। इतना ही नहीं, देश में जमीन के कुल साठ फीसद हिस्से पर खेती होने के बावजूद करीब बीस करोड़ लोग भुखमरी का शिकार हैं। साफ है, जनसंख्या विस्फोट से संसाधनों की अपर्याप्तता के कारण उत्पन्न हुई समस्याओं का असर सब पर पड़ रहा है। चाहे वह किसी भी धर्म या जाति का हो। अभी भारत की आबादी 1.39 अरब है। बढ़ती जनससंख्या के चलते कृषि योग्य भूमि पर भी अतिक्रमण हो रहा है। खेती योग्य जमीन घट रही है, खाने वाले लोग बढ़ रहे हैं। ऐसे में सभी के लिए कृषि से भोजन उपलब्ध कराना एक नई चुनौती होगी। यह विडंबना ही है कि आजादी के बाद देश खाद्यान्न के मामले में पूरी तरह आत्मनिर्भर नहीं हो पाया है, बल्कि आज कृषि भूमि के अन्य उपयोगों में तेजी से परिवर्तन हो रहा है, किसान कृषि से दूर हो रहे हैं, जिससे भारत में खाद्य सुरक्षा के लिए खतरा बढ़ सकता है। कृषि भूमि का ह्रास भारत के सामाजिक-आर्थिक ताने-बाने को भी प्रभावित कर रहा है। हालांकि, इस दौरान सरकार द्वारा बंजर भूमि को कृषि योग्य भूमि में बदलने में कुछ सफलता मिली है, बावजूद इसके, यह भी एक तथ्य है कि हमारे देश में खेती योग्य भूमि साल-दर-साल घट रही है। 'वेस्टलैंड एटलस 2019' के मुताबिक, पंजाब जैसे कृषिप्रधान राज्य में चौदह हजार हेक्टेयर और पश्चिम बंगाल में बासठ हजार हेक्टेयर खेती योग्य भूमि घट गई है। वहीं, सबसे अधिक आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में यह आंकड़ा सबसे अधिक खतरनाक लग सकता है, जहां हर साल विकास कार्यों पर अड़तालीस हजार हेक्टेयर कृषि भूमि घटती जा रही है। ग्रामीण परिवारों के पास 11.7 करोड़ हेक्टेयर भूमि थी, जो 2013 तक घट कर केवल 9.2 करोड़ हेक्टेयर रह गई। जाहिर है कि महज दो दशक में 2.2 करोड़ हेक्टेयर भूमि ग्रामीण परिवारों के हाथ से निकल गई। अगर यही सिलसिला जारी रहा तो कहा जा रहा है कि अगले साल तक भारत में खेती का रकबा आठ करोड़ हेक्टेयर ही रह जाएगा। यह ठीक है कि जनसंख्या नियंत्रण के नाम पर कई योजनाएं बनीं, मगर वे सफल नहीं हो सकीं। जनसंख्या के लिए एक राष्ट्रीय नीति बहुत जरूरी है। बेतहाशा बढ़ती जनसंख्या देश के विकास को प्रभावित कर रही है। बड़ी जनसंख्या तक योजनाओं के लाभों का समान रूप से वितरण संभव नहीं हो पाता, जिसकी वजह से हम गरीबी और बेरोजगारी जैसी समस्याओं से दशकों बाद भी उबर नहीं सके हैं। जाहिर है कि अगर आबादी बढ़ती है, तो गरीबों की संख्या में वृद्धि होना स्वाभाविक। वैशविक भुखमरी सूचकांक 2022 की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में 16.3 फीसद आबादी कुपोषित है। पांच साल से कम उम्र के 35.5 प्रतिशत बच्चे अविकसित हैं। भारत में 3.3 प्रतिशत बच्चों की पांच साल की उम्र से पहले ही मौत हो जाती है। खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) की 'द स्टेट आफ फूड सिक्युरिटी एंड न्यूट्रिशन इन द वर्ल्ड' रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में अस्सी करोड़ से ज्यादा लोग भुखमरी से जूझ रहे हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो दुनिया का हर दसवां शख्स भूखा है।

इतना ही नहीं, अब भी दुनिया में स्वस्थ आहार 310 करोड़ लोगों की पहुंच से बाहर है। साफ है कि दुनिया भर में तमाम कार्यक्रमों और संयुक्त राष्ट्र की कोशिशों के बावजूद खाद्य असमानता और कुपोषण को अभी तक खत्म नहीं किया जा सका है। खाद्य और कृषि संगठन के मुताबिक, इसका एक बड़ा कारण देशों के बीच संघर्ष, जलवायु परिवर्तन और आर्थिक मंदी है। कोरोना महामारी ने इस अंतर को और बढ़ाया है।

बढ़ती आबादी की वजह से ही दुनिया भर में तेल, प्राकृतिक गैस, कोयला आदि ऊर्जा संसाधनों पर दबाव बढ़ गया है, जो भविष्य के लिए बड़े खतरे का संकेत है। भले हम विकास का दम भरते रहें, पर सच यह है कि दुनिया भर में भुखमरी का गंभीर संकट मंडरा रहा है। अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन का कहना है कि खाद्य समस्या का मुख्य कारण सिर्फ खाद्य पदार्थों का अभाव नहीं, बल्कि लोगों की क्रयशक्ति में कमी है।

वहीं दूसरी तरफ, एक आकलन के अनुसार पूरी दुनिया में तीस फीसद अनाज बर्बाद हो जाता है। किसान भी आबादी के अनुपात में अनाज का उत्पादन नहीं कर पा रहा है। महंगाई बढ़ने का यह एक बड़ा कारण है। ऐसे में दुनिया की बड़ी आबादी को भुखमरी से बाहर निकालने के लिए सामूहिक प्रयास की जरूरत है। जनसंख्या नियंत्रण और खाद्य उत्पादन में वृद्धि को लेकर विचार करने की आवश्यकता केवल भारत नहीं, संपूर्ण विश्व को है। इन दोनों समस्याओं के समाधान के लिए विश्व स्तर पर अभिनव प्रयास जारी हैं। भारत विश्व के उन देशों में है जहां खाद्यान्न की प्रति व्यक्ति उपज बेहद कम है। यहां अमीर वर्ग मध्यवर्ती किसान और व्यापारी ही पर्याप्त और उपयुक्त भोजन प्राप्त कर पाते हैं। शेष ग्रामीण, मजदूरों, लघु कृषकों, आदिवासियों मध्यवर्गीय लोगों के समक्ष अन्न की समस्या बढ़ती जा रही है। जमीन की उर्वरता बढ़ाने के लिए पशुपालन और अनाज के स्थान पर साग-सब्जी का उत्पादन तथा सेवन ऐसा उपाय है।

## नशे का फैलता कारोबार

आखिर कौन नहीं जानता कि पंजाब में नशे का कारोबार चिंताजनक हालात तक पहुंच चुका है। इसको लेकर समय-समय पर चिंता जताई जाती रही है। यहां तक कि इसे चुनावी मुद्दा बना कर आम आदमी पार्टी ने चुनाव लडा और ऐतिहासिक जीत दर्ज की। इसके बाद भी पंजाब में जगह-जगह नशे का कारोबार फल-फूल रहा है जिसे लेकर सर्वोच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को कड़ी फटकार लगाई है। सुप्रीम अदालत ने कहा कि पंजाब की गली-गली में भट्ठी है, जहां से गरीब लोग नकली शराब लेकर पी रहे हैं और असमय ही मौत के मुंह में जा रहे हैं। यदि ऐसे ही चलता रहा तो एक दिन तो युवा ही खत्म हो जाएंगे। अदालत ने पंजाब सरकार से नकली शराब की बिक्री रोकने के लिए उठाए जा रहे कदमों पर विस्तृत हलफनामा दाखिल करने को कहा है। इसके साथ ही चेतावनी दी है कि अगर इस पर अंकुश नहीं लगा तो स्थानीय पुलिस को जवाबदेह माना जाएगा। बता दें कि पिछले विधानसभा चुनाव में नशे का कारोबार बड़ा मुद्दा आम आदमी पार्टी ने ही बनाया था। आम आदमी पार्टी ने बढ़-चढ़ कर इसके लिए पिछली सरकारों को दोषी करार दिया और सत्ता में आने के बाद नशे के कारोबार को खत्म करने का दावा भी किया था। लेकिन देखने में आ रहा है कि इस दिशा में अब तक कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई है। अब तक तर्क दिया जा रहा था कि पंजाब सीमावर्ती राज्य है और यहां सीमा पार से नशे की खेप को रोकना मुश्किल है। लेकिन इस तरह के तर्क गढ़ने के लिए पंजाब के लोगों ने आप की सरकार नहीं बनाई थी। उसे अपनी जिम्मेदारियों पर परदा डालने की बजाय कुछ ठोस कदम उठाने होंगे तभी बात बनेगी। सर्वोच्च न्यायालय ने पूछा है कि अगर सीमावर्ती राज्य सुरक्षित नहीं है, तो फिर आप कैसे काम करेंगे? बता दें कि पंजाब में नशे के कारोबार का जाल बहुत पुराना है। अब तो यह भी जगजाहिर हो चुका है कि जो भी दल सत्ता में रहता है उसके करीबी ही इस तरह के धंधे को आक्सीजन देकर आगे बढ़ाते हैं। इस सिलसिले में पुलिस के कई बड़े अधिकारी और कुछ राजनेता भी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। इसलिए यह कहना ठीक नहीं होगा कि नशे के कारोबार के बारे में पंजाब पुलिस कोई जानकारी नहीं है। ऐसी समस्याओं से निपटने के लिए जिस राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत होती है, उसका अभाव पंजाब सरकार में हमेशा ही दिखाई देता रहा है। जिस राज्य में गली-गली में नकली शराब बनती हो, मादक पदार्थों की बिक्री होती हो, जिसके चलते वहां के युवा असमय मौत के मुंह में समा जाते हों, वहां की सरकार अगर इस समस्या से पार पाने को केवल चुनावी जुमला बना कर हाथ पर हाथ धरे बैठी रहे, तो इससे बड़ी विडंबना आखिर क्या हो सकती है। यह तो सभी जानते हैं कि नशे के कारोबारी कितने ताकतवर होते हैं और अक्सर उनके तार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जुड़े होते हैं। जाहिर है इसलिए सरकारें उन पर हाथ डालने का साहस नहीं कर पाती हैं। दबे-छिपे ढंग से यह भी कहा जाता है कि नशे के कारोबारी राजनीतिक दलों को चुनाव के वक्त बड़े पैमाने पर आर्थिक मदद भी मुहैया कराते हैं। पंजाब के लोग पिछली सरकारों से इसीलिए नाराज थे कि उन्होंने नशा कारोबारियों पर शिकंजा कसने का साहस नहीं दिखाया, उल्टे वे उन्हें अंदरखाने संरक्षण भी देती रहीं। आम आदमी पार्टी के वादों पर लोगों को भरोसा था इसलिए लहालोट होकर उसे वोट देकर सरकार बनवाया, ताकि वह पंजाब को लीलते नशे के कारोबार पर अंकुश लगा सके। लेकिन समय बीतने के साथ ही आप सरकार भी शिथिल और विफल नजर आने लगी है। ऐसे में उस पर सवाल नहीं उठेगा तो क्या किया जाएगा? अब देखना दिलचस्प होगा कि इस दिशा में वह सर्वोच्च न्यायालय के सामने अपनी तैयारियों का क्या ब्योरा पेश करती है। जिस तरह उसकी सरकार आने के बाद वहां आपराधिक गतिविधियां नए सिरे से सिर उठाने लगी हैं, उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि वह कानून-व्यवस्था के मामले में सरकार लचर साबित हो रही है। बता दें कि अपराध और नशे का कारोबार साथ-साथ फलते-फूलते हैं। अगर अब भी पंजाब सरकार इसे लेकर सख्त नहीं हुई, तो आने वाले समय में स्थितियां इतनी विस्फोटक हो जाएंगी कि संभालना तक मुश्किल हो जाएगा।

## कहां ले जाएंगी सोशल मीडिया रील्स?

जून 2020 में टिक टॉक बैन होने के बाद शॉर्ट वीडियो की दुनिया लंबा रास्ता तय कर चुकी है। इंस्टाग्राम, यूट्यूब और फेसबुक तो हैं ही, एमएक्स, मौज, जोश, चिंगारी, मित्रों जैसे ऐप भी इस दुनिया में तहलका मचाए हुए हैं। सोशल नेटवर्किंग साइट्स पर जिस तरह से फेक न्यूज और आरोप-प्रत्यारोपों की बाढ़ आ गई थी, इसके यूजर विकल्प की तलाश में थे। इसी विकल्प की भरपाई रील्स कर रही हैं। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा और सबसे तेजी से बढ़ता इंटरनेट यूजर बेस को होस्ट करने वाला देश है। यहां फिल्में, उनके डायलॉग और म्यूजिक हमारे जीवन में इस हद तक घुसे हुए हैं कि उसके बगैर जीवन की कल्पना करना मुश्किल है। हर कोई कैमरे के सामने सिलेब्रिटी बनना चाहता है, जिसका रास्ता रील्स की कुछ इस तरह से बढ़ती दुनिया बना रही है- 2016 में रिलायंस जिओ के लॉन्च के बाद सस्ते डेटा ने रील्स को भारत में पांव पसारने का बेहतरीन मौका दिया।

डिजिटल विज्ञापनों की दुनिया में वीडियो के ये लघु संस्करण तेजी से अपनी जगह बना रहे हैं। साल 2019 से 2022 के बीच यह सेगमेंट 44 प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ा। इसकी वजह टियर टू शहरों में इंटरनेट का फैलाव है, जिसने एक नई मार्केट पैदा की है जहां ब्रैंड उपभोक्ता तक सीधे पहुंच बना रहे हैं। यह ढांचा आने वाले वर्षों में बहुत तेजी से बदलेगा।

इन रील्स को बनाने में किसी प्रॉडक्शन हाउस की मदद नहीं ली जा रही है। इसकी बड़ी वजह हैं रील बनाने के प्लेटफॉर्मों में आसान इंटरफेस। इसमें किसी को तकनीक का महारथी होने की जरूरत नहीं है। पहला मुद्दा तो निजता का ही है। टियर टू शहरों से आने वाली रील्स ज्यादातर लोगों के निजी परिवेश को ही दिखा रही हैं, मसलन वे कहां रहते हैं, क्या करते हैं, उनके परिवार के सदस्य कौन-कौन हैं? इनमें काफी कुछ दिख जा रहा है।

दूसरा मुद्दा है अश्लीलता का। अपनी रील्स और अपने सोशल मीडिया हैंडल को वायरल करने के लिए लोग सॉफ्ट पोर्न और अश्लील चुटकुलों का सहारा ले रहे हैं।

तीसरा, दूसरों के कंटेंट को एडिट कर अपना बना लेने की भी कवायद यहां खूब हो रही है। अपनी रील में इंटरनेट पर पहले से मौजूद किसी भी क्लिप का इस्तेमाल करना नैतिक दृष्टि से उचित नहीं माना जा सकता है।

चौथा, लोगों की बिना अनुमति के उनकी वीडियो रील्स में डाली जा रही हैं। मसलन, कोई व्यक्ति रोड क्रॉस करते वक्त मैनहोल में गिर जाता है और कोई रील्स में फनी म्यूजिक लगाकर उसे वायरल कर देता है। पर क्या वह व्यक्ति खुद चाहता कि उसका ऐसा कोई वीडियो वायरल हो?

इंटरनेट के फैलाव ने बहुत सी निहायत निजी चीजों को सार्वजनिक कर दिया है। ऐसे में हम उन असामान्य घटनाओं को भी सार्वजनिक जीवन का हिस्सा मान लेते हैं, जिनसे एक परपीड़क समाज का जन्म होता है। शायद यही वजह है कि अब दुर्घटना होने पर लोग मदद की बजाय वीडियो बनाने में लग जाते हैं कि उससे वायरल हो जाएंगे। और अंत में सबसे बड़ा मुद्दा रील देखने में समय की बर्बादी का है, जिसमें दर्शक कोल्हू के बैल की तरह चलता तो बहुत है पर पहुंचता कहीं नहीं। इंटरनेट की दुनिया में बिखरी हुई रील्स में फूहड़ चुटकुले, दूसरों को तंग करने वाले मजाक का ज्यादा बोलबाला है।

# चेक बाउंस पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला



रजनीश कपूर

देश की सर्वोच्च अदालत ने चेक बाउंस के एक मामले की सुनवाई करते हुए एक महत्वपूर्ण फैसला दिया है। इस फ़ैसले से देश भर की अदालतों में लंबित पड़े 33 लाख मामलों पर प्रभाव पड़ेगा। इसके साथ ही चेक बाउंस के नाजायज़ केसों में भी कटौती हो सकेगी। दुनिया के कई देशों की तरह हमारे देश में भी चेक बाउंस होना एक अपराध माना जाता है। नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट, 1881 के मुताबिक चेक बाउंस होने की स्थिति में चेक जारी करने वाले व्यक्ति पर मुकदमा चलाया जा सकता है। क़ानून के मुताबिक़ उसे 2 साल तक की जेल या चेक में भरी राशि का दोगुना जुर्माना या दोनों लगाया जा सकता है।

मुख्य न्यायाधीश का पदभार सँभालने से कुछ हफ़्ते पहले, जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ ने अपनी सहयोगी जज जस्टिस हिमा कोहली के साथ एक खंडपीठ में अक्तूबर 2022 को दिये इस फ़ैसले में इस क़ानून की एक धारा के सही उपयोग को स्पष्ट किया है। कोर्ट ने कहा कि जिस व्यक्ति ने जितनी राशि का चेक जारी किया है, यदि उसमें से उसे कुछ रुपया लौटा दिया गया है तो नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट, 1881 की धारा 138 के तहत उस पर मामला नहीं चल सकता। कोर्ट का यह फ़ैसला गुजरात हाई कोर्ट के एक फैसले के खिलाफ दायर दशरथभाई त्रिकमभाई पटेल की अपील पर आया। गुजरात के व्यापारी हितेश महेंद्रभाई पटेल ने अपने ही रिश्तेदार दशरथभाई से जनवरी, 2012 में 20 लाख रुपये उधार लिए थे। इसकी गारंटी के तौर पर हितेश ने दशरथभाई को समान राशि का एक चेक भी दिया था। परंतु बैंक में भुनाने के लिए जमा करने पर वह चेक बाउंस हो गया। ग़ौरतलब है कि, चेक को बैंक में जमा करने की तारीख़ से पहले ही हितेश ने उधार की रकम का कुछ हिस्सा लौटा दिया था। हितेश पर चेक बाउंस का केस दर्ज हुआ। मामले की सुनवाई करते हुए न सिर्फ़ निचली अदालत बल्कि हाई कोर्ट ने भी कहा कि हितेश के खिलाफ चेक बाउंस का कोई वाद नहीं बनता है।

सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों का विस्तार से विश्लेषण करने के बाद कहा, ''इसकी धारा 138 के तहत चेक बाउंस को आपराधिक कृत्य मानने के लिए यह जरूरी है कि बाउंस हुआ चेक पेश किए जाते समय एक वैध प्रवर्तनीय ऋण का प्रतिनिधित्व करे। यदि परिस्थिति में कोई सामग्री परिवर्तन हुआ है जैसे कि राशि में चेक परिपक्वता या नकदीकरण के समय कानूनी रूप से लागू करने योग्य ऋण का प्रतिनिधित्व नहीं करता है, तो धारा 138 के तहत अपराध नहीं बनता है।'' आम भाषा में कहें तो गारंटी चेक पर लिखी राशि यदि बकाया राशि से अधिक है तो यदि वो चेक बाउंस होता है तो चेक जारी करने वाले पर चेक बाउंस का मुक़दमा नहीं चल सकता।

कोर्ट ने यह भी कहा कि, "जब ऋण का आंशिक भुगतान चेक के आहरण के बाद लेकिन चेक को भुनाने से पहले किया जाता है, ऐसे भुगतान को नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट की धारा 56 के तहत चेक पर पृष्ठांकित किया जाना चाहिए। आंशिक भुगतान को रिकॉर्ड किए बिना चेक को नकदीकरण के लिए प्रस्तुत नहीं किया जा सकता है। यदि बिना समर्थन वाला चेक प्रस्तुत करने पर बाउंस हो जाता है, तो धारा 138 एनआई अधिनियम के तहत अपराध को आकर्षित नहीं किया जाएगा क्योंकि चेक नकदीकरण के समय कानूनी रूप से लागू करने योग्य ऋण का प्रतिनिधित्व नहीं करता है।" आदेश के अनुसार यदि आप गारंटी के चेक को बैंक में जमा कराते हैं तो उस चेक के पीछे आपको अनुमोदन करना होगा कि चेक पर लिखी राशि में से आपको आंशिक भुगतान हो चुका है। जारी किया हुआ चेक केवल बकाया राशि के लिये ही मान्य होगा। देश भर के व्यापारियों में ऐसा आए दिन देखा जाता है कि एक व्यापारी दूसरे से अनुकूल ऋण या 'फ्रेंडली लोन' लेते हैं। प्रायः

ये लोन नक़द में ही किया जाता है, जिसकी एवज़ में उसी मात्रा का चेक, गारंटी के तौर पर दे दिया जाता है। लोन वापस

करने पर या तो वो चेक फाड़ दिया जाता है या लौटा दिया जाता है। चूँकि ये लेन-देन नक़दी रूप में होता है इसलिए बैंक में चेक डालने की नौबत ज़्यादातर मामलों में नहीं आती। चेक जमा करने का मतलब, पैसा वापस लेने वाले और देने वाले दोनों को ही अपनी किताबों में इसे दर्ज करना पड़ेगा।

परंतु कुछ लोग, जिनकी पैसा लौटाने की नियत नहीं होती, वो लेनदार को किसी न किसी बहाने से टालते रहते हैं। ऐसे लोग हमेशा अपनी बदहाली का रोना तो रोते हैं परंतु असलियत में उतने बदहाल नहीं होते। लोन देने वाले को जैसे ही उन पर शक हो जाता है, वो गारंटी के चेक को बैंक में जमा कर देता है। यदि उसकी क़िस्मत अच्छी होती है तो चेक पास हो जाता है।

यदि चेक बाउंस हो जाता है तो मामला कोर्ट में जाता है। फिर लोन देने वाले को पैसा जल्दी मिलेगा या नहीं इसकी कोई गारंटी नहीं होती।

ऐसा नहीं है कि केवल लोन लेने वाले की ही नीयत में खोट होता है। अक्सर यह भी देखा गया है कि लोन देने वाले, लालच के चलते लोन की राशि वापिस मिलने के बावजूद चेक को जमा करा देते हैं। ऐसे में अक्सर यह देखा गया है कि चेक बाउंस का केस कोर्ट में ने जाए, इसलिये दो पक्ष किसी न किसी समझौते पर आ जाते हैं। यहाँ लोन देने वाले के लालच का मक़सद पूरा हो जाता है। परंतु कुछ मामलों में पैसा लौटाने वाला, जो गारंटी का चेक देता है, उस पर सही साइन नहीं करता। ऐसे में चेक बाउंस होना तो तय है। फिर वो लेनदार पर जालसाज़ी का आरोप भी लगा सकता है। ऐसे में लोन लेने वाले का पलड़ा भारी हो जाता है। सुप्रीम कोर्ट के इस फ़ैसले से एक ओर जहां देश के व्यापारी जगत को काफ़ी राहत मिली है। वहीं दूसरी ओर इस क़ानून की

धाराओं का भी स्पष्टीकरण हुआ है। इस फ़ैसले से देश भर में लंबित पड़े चेक बाउंस के मामलों में से कुछ को अब जल्दी

# कर्मयोग का संदेश



डॉ दिलीप अग्निहोत्री

भगवत गीता में विचलित मन को स्थितप्रज्ञ बनाने के वैज्ञानिक सूत्र है. आधुनिक विज्ञान ने भी इस तथ्य को स्वीकार किया है. विकसित देशों तक कर्मयोग की गूंज है. इसके माध्यम से वह कुशल प्रबंधन की प्रेरणा ले रहे हैं. बड़ी संख्या में विदेशों के विश्वविद्यालयों ने भगवत गीता को अपने पाठ्यक्रम में स्थान दिया है. भारत की विरासत विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित हो रही है. ऐसे में भारत की जिम्मेदारी बढ़ गई है. उसे अपनी विरासत पर गर्व के साथ ही इस पर अमल करके दिखाना होगा. भगवत गीता धार्मिक ग्रंथ मात्र नहीं है. इसमें निजी और समाज जीवन का कुशल प्रबंधन है.भगवान श्री कृष्ण ने गीता का उपदेश युद्ध स्थल पर दिया था। एक तरफ कौरव दूसरी ओर पांडव सेना युद्ध के लिए तैयार खड़ी थी। अर्जुन का मन विचलित था। उचित अनुचित का निर्णय करना उनके लिए कठिन था। वह दिग्भर्मित थे। लेकिन उन्होंने एक काम बहुत बढ़िया किया था। अर्जुन ने अपने रथ की कमान प्रभु श्रीकृष्ण को सौप दी थी।इसी परिस्थिति में सारथी बने प्रभु ने किंकर्तव्यविमूढ़ अर्जुन को गीता का उपदेश दिया था। यह प्रसंग आज भी प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में परिलक्षित होता है। कई बार अपना ही मन हृदय युद्ध स्थल जैसा हो जाता है। कौरव व पांडव की तरह परस्पर विरोधी विचारों के बीच द्वंद की स्थिति बनती है। उचित का निर्णय करना कठिन हो जाता है। शरीर भी दस इंद्रियों का रथ ही तो है। प्रभु को सारथी बना कर कर्म करता चल, अर्थात गीता के उपदेश के अनुरूप कर्म करना चाहिए। फल पर नियंत्रण नहीं है। जय पराजय, सुख दुख सभी में सम भाव रहकर कर्म करने का उपदेश प्रभु ने अपने सखा अर्जुन को दिया था। इससे सुंदर प्रबंधन का अन्य कोई सूत्र हो नहीं सकता।

गीता में जीवन प्रबंधन है, भ्रम से बाहर निकलने का मार्ग है। आज के जीवन मे जो तनाव है, उसे गीता के नियमित पाठ से दूर किया जा सकता है। इसके पाठ से धर्म आधारित कर्म का भाव जागृत होता है। कर्मयोग की प्रेरणा मिलती है. प्रभु कहते हैं

अर्थात तेरा कर्म करने में ही अधिकार है, उसके फलों में कभी नहीं। इसलिए तू फल की दृष्टि से कर्म मत कर और न ही ऐसा सोच की फल की आशा के बिना कर्म क्यों करूं ।

जिसके सभी कर्म कामना रहित हैं और जिसके सभी कर्म ज्ञान रूपी अग्नि से भस्म हो गए हैं, उनको बुद्धिमान लोग पंडित की उपाधि से विभूषित करते हैं.

श्रीमद् भगवद् गीता भाव प्रसार परिषद् भी अपने नाम के अनुरूप कार्य कर रही है. श्रीमद् भगवद् गीता के ज्ञान को जन जन तक पहुँचाने का प्रयास किया जा रहा है. पवन महाराज के अनुसार वर्तमान परिवेश में मनुष्यों की अतृप्ति के वास्तविक कारण पर विचार आवश्यक है. मानव जीवन के वास्तविक लक्ष्य निर्धारित होने चाहिए.

इस संदर्भ में कोई सकारात्मक चिंतन अपेक्षित है. आशाओं और आकांक्षाओं के नैतिक अस्तित्व पर भी सोचना चाहिए. अपनी प्राप्ति का विश्लेषण करना चाहिए. भौतिक जगत की नश्वर समृद्धि की प्राप्ति जीवन की सिद्धि नहीं हो सकती. श्रेयस की रिक्ति में केवल अभ्युदय का संधान ही किया गया. ऐसे में नित्य आनंद की प्राप्ति असंभव है। श्रीमद् भगवद् गीता समस्त जीव जगत की भाव अनुरूप जिज्ञासाओं को अपने सिद्धांत समूह के द्वारा शांत कर सकती है। वह जीवन के वास्तविक प्रश्नों को बड़ी सरलता से व्यक्त करती है. जीवन के वास्तविक उद्देश्यों से हमरा साक्षात्कार करा सकती है। यही धर्म की शुद्ध कसौटी है जो संशय और भ्रम की स्थिति में उचित मार्ग दिखा सकती है. सत्य के दर्शन का लक्ष्य ही श्रेष्ठ है। गीता में यहां तक पहुँचने का मार्ग है.

भगवान श्री कृष्ण सोलह कलाओं से युक्त थे। भारतीय दर्शन में उनकी अपार महिमा का गुणगान किया गया-

शास्त्रों में मनुष्य की सौ सामान्य आयु मानी गई। पहले ऐसा ही था। इसमें पचास वर्ष की आयु के बाद पच्चीस वर्ष तक वानप्रस्थ तथा अंतिम पच्चीस वर्ष संन्यास की व्यवस्था थी। संन्यास में व्यक्ति सभी भौतिक सम्पत्ति,साधनों का त्याग करके तपस्या के लिए वन में चला जाता था। आज यह व्यवस्था व्यावहारिक नहीं मानी जा सकती। ना सौ वर्ष की स्वस्थ आयु रही,ना वन जाकर तपस्या करना संभव रहा। ऐसे में आज व्यक्ति को इक्यावन की अवस्था से ही अपने हृदय को वृंदावन बनाने का प्रयास करना चाहिए। किसी बाहरी वन में जाने की आवश्यकता नहीं है। घर गृहस्थी के त्याग की भी जरूरत नहीं। मन को वृंदावन बनाने का मतलब है कि अध्यात्म की भावभूमि तैयार की जाए,जिसमें भौतिक जगत में रहते हुए भी उसके प्रति अनाशक्त भाव हो। सबके साथ रहते हुए भी मोहमाया के बंधन न हो।

# नकलचियों की नकली दुनिया



डॉ. सुरेश कुमार

न जाने क्यों मुझे रह-रहकर मूर्धन्य 'ष' की चिंता सताती रहती है। प्रदूषण से भरा 'श' हर जगह हावी है। लगता है कभी-कभी 'ङ' अपने लुप्त होते उच्चारण की चिंता में आत्मदाह कर लेगा। न जाने कौन धीरे-धीरे शिरोरेखा को मिटाता जा रहा है। मौके-बेमौके खड़ी पाई को चुराता चला जा रहा है। नागरी के सारे अंक अपनी विलुप्तता का रोना अकेले में रोए जा रहे हैं। उन्हें कोई पूछने वाला नहीं है। मानो विदेशज के शब्दों ने देशज शब्दों को अंतरिक्ष में फेंक दिया है। यौगिक धातुओं के जमाने में हम स्टील, फाइबर सोडियम क्लोराइड के आदि हो चुके हैं। शुद्धता अब हमें कतई नहीं भाती। मिक्स्ड प्रवृत्ति को अपना स्वभाव बनाने के आदी हो चुके हैं।

दूरदर्शन के रामायण वाले हनुमान से नजर हटी तो बैटरी वाले हनुमान दिखाई दिए जो प्लास्टिक का पहाड़ उठाए पौराणिक ज्ञान को बाँचने का काम कर रहे हैं। बच्चों के हाथों में 'चल छैंया छैंया वाले प्लास्टिक के बने खिलौने वाले मोबाइलों' की जगह असली मोबाइलों ने ले ली है, जो बड़ों की कद्र तो दूर उनके कहे को 'सो बोरिंग पकाऊ पिपुल' कहकर आदर्श उवाचों को कचरे की पेटी में डालना अपना स्टेटस समझ रही है। अब किसी भी घर में पुरानी नानियों के पहियों वाला काठ का नीला-पीला घोड़ा नहीं दिखता। हाइब्रिड अमरूदों ने असली अमरूदों का गला ऐसे घोंटा जैसे उसकी कोई पुरानी दुश्मनी हो। उस असली अमरूद की तरह असली धरती कब की लुप्त हो चुकी है। लोग डुप्लीकेट और धरती डुप्लीकेट हो चली है।

सिर्फ छलावा ईमानदारी से किया जाता है। आकाश में पृथ्वी के अंतिम तोते उड़ रहे हैं। अब घर में दादा की मिरजई टाँगने की कोई जगह नहीं बची है। न कोई ऐसा संग्रहालय है जहाँ पिता का वसूला माँ का करधन और बहन के बिछुए छिपाये जा सके। अब तो खिचड़ी, ठठेरा, मदारी, लुहार, किताब सब सपने में आते हैं। वास्तविकता में इनका सामना किए अरसा बीत गया। अब न खड़ाऊ की टप-टप है न दातुन की खिच-खिच। और पीतल के लोटे का पीतल तो पिरॉडिक टेबल में बंधकर रह गया है, जिसे केवल एलिमेंट के नाम से पहचानना पड़ रहा है।

अब गाँव में खेत, जंगल में पेड़, शहर में हवा, पेड़ों पर घोंसले, अखबारों में सच्चाई, राजनीति में नैतिकता, प्रशासन में मनुष्यता, दाल में हल्दी खोजने पड़ते हैं। पहले की पीढ़ी लुप्तता की पीड़ा से मरी तो आज की पीड़ा वर्तमान पीढ़ी से मर रही है।

# धन हानि से बचने का ये उपाय माना जाता है बेहद कारगर




हर कोई ज्यादा से ज्यादा धन अर्जित करना चाहता है और कम से कम धन हानि चाहता है। वास्तु और ज्योतिष शास्त्र में धन हानि से बचने और धन प्राप्ति के कई उपाय बताए गए हैं। वास्तु में धन हानि से बचने के लिए किए गए कुछ उपायों को बहुत ही कारगर माना जाता है। इन उपायों को आजमाने से सदेव घर में सुख-समृद्धि और संपदा बनी रहती है। आज हम आपको धन हानि से बचने और धन प्राप्ति के कुछ उपायों के बारे में बताएंगे।

## इन वजहों से घर में आती है आर्थिक तंगी

**वास्तु शास्त्र के अनुसार, जिन घरों का वास्तु ठीक नहीं होता है वहां पर सुख-समृद्धि में कमी आती है। ऐसे घर में कभी भी बरकत नहीं होती जहां पर वास्तु सें संबंधित कोई न कोई दोष रहता है। वास्तु दोष के कारण जीवन में कई तरह के परेशानियां समय-समय पर आती रहती है। वास्तुशास्त्र में इन वास्तु दोषों का दूर करने के लिए कई तरह के उपाय बताए गए हैं।**

### आर्थिक तंगी से छुटकारा पाने का उपाय

जिन घरों में हमेशा आर्थिक समस्याएं,पारिवारिक कलह, बीमारियां और मानसिक परेशानियां रहती है। घर में सुख-समृद्धि की कमी रहती है। ऐसे में इस दोष को खत्म करने के लिए सुबह और शाम समय घर में जहां पर रसोई स्थित हो वहां पर एक कटोरी में कपूर और कुछ लौंग के टुकड़े को डालकर जला दें। इस उपाय से जल्द ही आपको आर्थिक परेशानियों से छुटकारा मिल जाएगा।

### फंसे हुए धन को वापस पाने का उपाय

कई लोग दूसरे को कुछ न कुछ धन उधार दे देते हैं। लेकिन यह धन उनको वापस नहीं मिलता है। ऐसे में व्यक्ति को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। इस समस्या का उपाय पाने के लिए कुछ उपाय बहुत ही कारगर होता है। जिसमें कपूर के कुछ टुकड़े और कुछ लौंग लेकर उसे लाल गुलाब में फंसा कर मां दुर्गा को समर्पित कर दें। इस उपाय को करने से रूका हुआ धन जल्द वापस मिल जाता है।

### धन हानि से बचने के लिए ऐसे करें मां लक्ष्मी की पूजा

शास्त्रों में मां लक्ष्मी को धन की देवी माना जाता है। अगर जिन लोगों पर मां लक्ष्मी प्रसन्न हो जाती है तो उन पर सदैव अपनी कृपा बरसाती हैं। मान्यता है जिन घरों में शाम के समय कूपर से मां लक्ष्मी की आरती की जाती है, वहां से वास्तु दोष खत्म हो जाता है। इसके अलावा घर से नकारात्मक ऊर्जाओं को समाप्त करने के लिए एक कटोरी में 5 लौंग, कपूर के कुछ टुकड़े और इलायची को जलाकर रख दें। फिर इसको पूरे कमरे में धूमा दें। इस उपाय से घर से फौरन ही नकारात्मक ऊर्जाएं दूर भाग जाती हैं।

### तरक्की के लिए उपाय

अगर आपको नौकरी में प्रमोशन पाने में रुकावट या व्यापार में लगातार घाटा हो रहा तो शनिवार के दिन 5 पान के पत्ते को एख लाल धागे में बांधकर उसे दुकान में और अपने कार्यस्थल पर पूर्व दिशा में रख दें। फिर इसे जल में प्रवाहित कर दें। इस उपाय से हर एक क्षेत्र में सफलताएं और तरक्की हासिल होने लगती है।

# ज्योतिष शास्त्र के अनुसार विवाह में देरी

## का कारण और शीघ्र विवाह के उपाय

हिंदू धर्म में विवाह संस्कार सभी सोलह संस्कारों में से एक होता है। संतान के विवाह योग्य होने पर माता-पिता की चिंताएं बढ़ जाती हैं। अपने परिचितों, दोस्तों, रिश्तेदारों और ज्योतिषों के माध्यम से संतान के लिए सुयोग्य वर या वधू को खोज जारी हो जाती है। लेकिन कई बार देखा जाता है कि संतान के लिए उपयुक्त जोड़ी मिलने में या तो परेशानियां आती हैं या फिर किसी न किसी कारण से विवाह में देरी होने लगती है।

सही उम्र में विवाह करने की हर युवक-युवती की इच्छा होती है, ऐसे में अगर विवाह में देरी होती है तो कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विवाह में लगातर आ रही अड़चनों का ज्योतिष शास्त्र में कई वजहें बताई जाती हैं और शीध्र विवाह के लिए कुछ उपाय भी बताए जाते हैं। ज्योतिष के अनुसार, विवाह में देरी कुंडली में मौजूद मांगलिक दोष, गुरु और शुक्र का अशुभ भाव में विराजमान होना बताया जाता है। इसके अलावा युवक और कन्या की कुंडली में और कई तरह के दोष होने के कारण विवाह में देरी या बाधाएं आती रहती है।

**कुंडली में सप्तमेश का कमजोर होना:** कुंडली के सातवें भाव से जातक के विवाह का विचार किया जाता है। अगर किसी जातक का सप्तम भाव किसी पापी ग्रह के कारण कमजोर है अथवा वह अपनी नीच राशि में विराजमान है तो कुंडली का सातवां भाव बलहीन हो जाता है। इस कारण से जातकों के विवाह में परेशानियां और देरी होती है।

**कुंडली में गुरु का बलहीन होना:** ज्योतिष में देवगुरु बृहस्पति को विवाह और वैवाहिक जीवन में सुख का कारक ग्रह माना गया है।



**विवाह में देरी या बाधा आने के कारण**

**ज्योतिष शास्त्र की गणनाओं के अनुसार किसी जातक के विवाह में देरी आने के पीछे कई ज्योतिषीय कारण होते हैं।**

**मांगलिक दोष: वैदिक ज्योतिष शास्त्र के अनुसार अगर किसी जातक की कुंडली में मांगलिक दोष है तो उसके विवाह में बाधाएं आती हैं।**

**जातक के मांगलिक दोष होने पर उसकी शादी एक मांगलिक से ही होनी चाहिए,**

**क्योंकि ऐसा करने से जातक के मांगलिक दोष का प्रभाव कम हो जाता है और विवाह के बाद सुखी वैवाहिक जीवन बीतता है।**

ऐसे में अगर किसी जातक की कुंडली में बृहस्पति ग्रह पापी ग्रहों के साथ विराजमान है, अस्त हो या फिर अपनी नीच राशि मकर में हैं तो जातक के विवाह में देरी आती है।

**कुंडली में शुक्र ग्रह का नीच का होना:** शुक्र ग्रह सुख औ सौंदर्य का कारक ग्रह माना जाता है। पुरुष के लिए शुक्र स्त्री का कारक, वहीं स्त्री की कुंडली में गुरु पति का कारक माना गया है। अगर किसी जातक की कुंडली में शुक्र कमजोर या फिर नीच भाव में स्थित है तो जातकों के विवाह में लगातार बाधाओं का सामना करना पड़ता है।

**नवांश कुंडली में दोष: अगर किसी जातक की नवांश कुंडली में दोष हो तो विवाह में बाधाएं आती हैं।**

**अन्य कारण:** कुंडली में पितृदोष का होना। ग्रहों का कुंडली के सप्तम भाव में युति का होना।
सातवें घर के स्वामी का नीच ग्रह के साथ आना। लग्न में मंगल, सूर्य, बुध और गुरु का द्वादश भाव में होना। सूर्य का सप्तम भाव में नीच का होना विवाह में देरी का कारण बनते हैं।

**शीघ्र विवाह के कुछ उपाय: जातक के मांगलिक दोष होने पर हर मंगलवार को श्री मंगल चंडिका स्त्रोत का पाठ करें।**
**पीपल के पेड़ को जल अर्पित करें।**
**मंगलवार के दिन हनुमानजी की पूजा करें और हनुमानजी को सिंदूर चढ़ाएं और गुड़-चने का भोग लगाएं। गुरुवार के दिन व्रत रखें और केले के पेड़ की पूजा करें**

## अनमोल वचन

**मुसीबत में अगर मदद मांगना हो तो सोच समझ कर मांगना**
**क्योंकि मुसीबत थोड़ी देर के लिए होती है**
**और एहसान ज़िंदगी भर का !!!**

**जीवन को गमले के पौधे की तरह नहीं बनाना चाहिए,**
**जो थोड़ी सी धूप लगते ही मुरझा जाए ,**
**जिंदगी को जंगल के पेड़ की तरह बनाओ**
**जो हर स्थिति में झूमता रहे !!**

**समय के पास इतना समय नहीं कि आपको दोबारा समय दे सकें।!**

**रात भर गहरी नींद आना इतना आसान नहीं ,**
**उसके लिए दिन भर "ईमानदारी" से जीना पड़ता हैं।**

**बोलना तो सब जानते है पर कब और क्या बोलना है**
**यह बहुत ही कम लोग ही जानते है!!**

**एक अजीब सी दौड़ है ये जिंदगी ,**
**जीत जाओ तो कई अपने पीछे छूट जाते हैं,**
**हार जाओ तो अपने ही पीछे छोड़ जाते हैं!!!**

# आखिर क्यों भगवान शिव को मांगनी पड़ी थी देवी अन्नपूर्णा से भिक्षा

हिंदू कैलेंडर के अनुसार मार्गशीर्ष पूर्णिमा तिथि को अन्नपूर्णा जयंती के रूप में मनाया जाता है। इस साल अन्नपूर्णा जंयती 08 दिसंबर 2022 को पड़ेगी। अन्नपूर्णा जयंती के दिन माता पार्वती की पूजा करने का विधान है।

पृथ्वी पर प्राणियों के जीवन रक्षा के लिए भगवान शिव को भिक्षुक का रूप धारण कर देवी अन्नपूर्णा से भिक्षा मागंनी पड़ी थी। दिल्ली के आचार्य गुरमीत सिंह जी से जानते हैं अन्नपूर्णा जयंती से जुड़ी भगवान शिव और देवी अन्नपूर्णा की इस पौराणिक कथा के बारे में।

## अन्नपूर्णा जयंती कथा

अन्नपूर्णा जयंती की पौराणिक कथा के अनुसार, एक बार पृथ्वी पर सूखा पड़ गया। इस कारण जमीन बंजर हो गई और फसलें सूख गईं। जिस कारण अन्न और जल का अभाव हो गया। फल, अनाज और पानी को लेकर पृथ्वी पर हाहाकार मच गया।

दान में मिले इस अन्न को भगवान शिव ने पृथ्वी लोक के सभी प्राणियों में बांट दिया। इस तरह फिर से पृथ्वी धन-धान्य से भर गई।
इस घटना के बाद से ही प्रत्येक वर्ष मार्गशीर्ष मास की पूर्णिमा तिथि के दिन को अन्नपूर्णा जयंती के रूप में मनाए जाने की परंपरा की शुरुआत हुई।



# जैकलीन फर्नांडिस ने कॉस्मेटिक सर्जरी को बताया अनफेयर

## फैंस ने कहा 'तुमने कितनी कराई हैं'



जैकलीन फर्नांडिस बॉलीवुड की ब्यूटी क्वीन्स में से एक जानी जाती हैं और फैंस उन्हें देखकर अपना दिल थाम लेते हैं. हालांकि अब उन्हें उनके लुक के लिए ट्रोल किया जा रहा है. दरअसल जैकलीन फर्नांडिस का एक सालों पुराना वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें वो प्लास्टिक सर्जरी के बारे में बात करती हुई नजर आ रही हैं.हालांकि जैकलीन का यह वीडियो उस वक्त है जब उन्होंने मिस यूनिवर्स श्रीलंका पेजेंट का खिताब जीता था. जैकलीन ने यह खिताब बॉलीवुड में एंट्री करने से पहले अपने नाम किया था. इस वायरल वीडियो में वह जैकलीन पहचान में भी आ रही हैं. इवेंट के दौरान सवाल-जवाब के राउंड में जैकलीन ने ब्यूटी प्रोसिजर के बारे में पूछा कहा गया था.

जैकलीन फर्नांडीज का एक बेहद पुराना वीडियो वायरल हो रहा जो साल 2006 का जब वो अपने देश श्रीलंका को ब्यूटी कांटेस्ट में रिप्रेजेंट किया था. इस दौरान जैकलीन से जब मंच पर कॉस्मेटिक सर्जरी से जुड़े सवाल किए गए तो उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि कॉस्मेटिक सर्जरी एक फायदा उठाने वाली चीज है, क्योंकि ये ब्यूटी पेजेंट के कांसेप्ट के खिलाफ है। हमें महिलाओं की नैचुरल ब्यूटी को सेलिब्रेट करना चाहिए और अगर कॉस्मेटिक सर्जरी को बढ़ावा देने की बात आती है तो ये बहुत मायने रखता है कि कौन उसे अफोर्ड कर सकता है और कौन उसे अफोर्ड नहीं कर सकता है. ब्यूटी पेजेंट का मतलब ये नहीं होता है'.

जैकलीन के इस वीडियो पर लोगों को रिएक्शन आ रहे हैं. उनका कहना है कि जैकलीन ने खुद कॉस्मेटिक सर्जरी करवाई है. वह इसमें बिल्कुल भी पहचान में नहीं आ रही हैं. कई इंस्टाग्राम यूजर्स ने कमेंट सेक्शन में बताया कि जैकलीन पहले से कितनी अलग दिखती हैं. एक यूजर ने तो यहां तक कह डाला है कि- 'खुद की प्लास्टिक सर्जरी कराने के बाद इस तरह से बयान देना कोई इनसे सीखे.' एक अन्य यूजर का मानना है कि- 'ब्यूटी कॉन्सेप्ट जीतने के लिए हर कोई ऐसे ही बड़ी-बड़ी बातें करता है, जीतने के बाद खुद ही कॉस्मेटिक सर्जरी को करा लिया.' इस तरह से तमाम यूजर जैकलीन फर्नांडिस को जमकर ट्रोल कर रहे हैं.

### बार-बार बैलेंस बिगड़ने पर ट्रोल हुई उर्फी जावेद

# उन लोगों की किस्मत अच्छी है जिनसे मैं टकरा रही हूं : उर्फी जावेद



अपने अजीबो-गरीब फैशन सेंस के लिए मशहूर उर्फी जावेद सोशल मीडिया पर अपने कपड़ों और बयानों को लेकर सुर्खियों में बनी रहती हैं. हाल ही में उर्फी एक बार फिर अपना यूनिक आउटफिट पहनकर घर से बाहर निकलीं. हमेशा की तरह वो पपराजी से घिरी हुई थीं, लेकिन इसी दौरान उनके साथ कुछ ऐसा हो गया, जिसके बाद एक्ट्रेस को सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल किया जा रहा है.दरअसल उर्फी जावेद मुंबई में स्पॉट किया गया था. पहले उन्होंने सड़क किनारे पैपराजी को पोज दिए और फिर उन्हें एक फैन मिला जो उनके साथ तस्वीर खिंचवाना चाहता था.

उर्फी फोटो क्लिक करवाने के लिए उनके पास गईं लेकिन फैन से टकरा गईं. एक्ट्रेस ने उनसे माफी भी मांगी. इतना ही नहीं बाद में एक्ट्रेस का लिफ्ट में एक लड़के से भी टकरा गईं. पैपराजी ने उनसे कहा, आपको क्या हो रहा है. इस पर उर्फी कहती है कि उन लोगों की किस्मत अच्छी है जिनसे मैं टकरा रही हूं.

उर्फी जावेद का ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. साथ ही उन्हें खूब ट्रोल भी किया जा रहा है. कुछ लोग उर्फी जावेद की ड्रेस को फालतू बता रहे हैं तो कुछ कह रहे हैं कि जिन लोगों से उर्फी जावेद टकरा रही हैं उनकी किस्मत खराब है. एक फैन ने तो यहां तक कह दिया, 'हे भगवान, डार्क एज.' एक यूजर ने कहा, "एक्टिंग पर जबरदस्ती." एक ने लिखा क्या घोर कलयुग आ गया है.

# हनी सिंह को तलाक के तीन महीने बाद फिर से हुआ प्यार, गर्लफ्रेंड का हाथ थामे आये नजर



बॉलीवुड के पॉपुलर सिंगर और रैपर हनी सिंह पिछले कुछ महीनों पहले अपने तलाक की वजह से जमकर चर्चा का विषय बने हुए थे. हनी सिंह की पहली पत्नी ने उनके परिवार और उनके उपर कई सारे गंभीर आरोप लगाए थे. हालांकि कोर्ट ने दोनों के तला को मंजूरी दे दी और दोनों का तलाक हो गया. ऐसे में कुछ दिनों पहले खबरें आई थीं कि वो प्यार में हैं और रैपर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. वीडियो देखकर ऐसा लग रहा है कि उन्हें एक बार फिर से प्यार हो गया है.

दरअसल हनी सिंह को बीते दिनों दिल्ली के एक इवेंट में अपनी नई गर्लफ्रेंड के साथ स्पॉट किया गया. कपल एक दूसरे का हाथ थामे थे और साथ में पूरे पब्लिक के साथ चल रहे थे. बता दे कुछ दिनों पहले अफवाह उड़ी थी कि वो टीना ठडानी संग रिश्ते में हैं और इस वीडियो से साफ जाहिर है कि दोनों डेट कर रहे हैं और हनी सिंह ने टीना ठडानी संग रिश्ते को ऑफिशियल कर दिया है. जैसा कि आप जानते हैं कि यो यो हनी सिंह का अगस्त 2022 में पत्नी शालिनी तलवार से तलाक हुआ था. हनी सिंह की पत्नी ने रैपर पर घरेलू हिंसा का आरोप लगाते हुए डायवोर्स फाइल किया था. पंजाबी रैपर हनी सिंह का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है जिसमें वह एक इवेंट के दौरान टीना थडानी का हाथ थामे नजर आ रहे हैं. वीडियो में हनी सिंह व्हाइट शर्ट, ब्लैक पैंट और ब्लेजर में काफी हैंडसम दिख रहे हैं. हनी सिंह की इस वीडियो पर फैंस जमकर कमेंट कर रहे है. एक यूजर ने लिखा, 'वाह भाई आपके ही मजे है...काफी खुश हूं कि आप खुश है...नई गर्लफ्रेंड के लिए मुबारक". एक दूसरे यूजर ने लिखा, "भाई अभी तो तलाक हुआ था...इतनी जल्दी क्या थी'

# अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की 'बड़े मियां छोटे मियां' में हुई साउथ के इस एक्टर की एंट्री




पृथ्वीराज सुकुमारन जल्द ही 'बड़े मियां छोटे मियां' में खलनायक के किरदार में नजर आने वाले हैं। बता दें फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' वास्तव में साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ अभिनीत यह फिल्म अपने एलान के बाद से ही चर्चा में है। जैसा कि दर्शक फिल्म के बारे में अधिक जानने के लिए उत्सुक हैं, निर्माताओं ने आखिरकार पृथ्वीराज सुकुमारन द्वारा निभाए जाने वाले रोल का खुलासा कर दिया है जो एक विलेन का है।

बता दें, जब से अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ अभिनीत 'बड़े मियां छोटे मियां' का पहला वीडियो रिलीज हुआ था, इसने दर्शकों में फिल्म के बारे में और ज्यादा जानने के लिए एक्साइटमेंट पैदा कर दी थी। जबकि फिल्म में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ शामिल हैं, अब पृथ्वीराज सुकुमारन के भी टीम में शामिल होने की खबर कन्फर्म हो चुकी हैं। इस एलान पर बात करते हुए जैकी भगनानी ने कहा, पृथ्वीराज सुकुमारन का 'बड़े मियां छोटे मियां' के कलाकारों के रूप में होना कमाल की बात है। एक विरोधी के रूप में उनका होना फिल्म में एक और ज्यादा रोमांच जोड़ता है।

वहीं निर्देशक अली अब्बास जफर ने आगे कहा, मैं वास्तव में बेहद प्रतिभाशाली पृथ्वीराज के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। इस एक्शन एंटरटेनर में इस तरह के पावरहाउस परफॉर्मर का होना एक अद्भुत अनुभव होगा। ऐसे में जहां दर्शक 'बड़े मियां छोटे मियां' में पहली बार दो दमदार एक्शन हीरो को एक साथ पर्दे पर देखने के लिए उत्साहित हैं, वहीं फिल्म का कैनवास और भी दिलचस्प होने वाला है क्योंकि पृथ्वीराज सुकुमारन भी एक खलनायक के रूप में फिल्म के साथ जुड़ चुके हैं और अपनी दमदार एक्टिंग के साथ फिल्म को एक नया अयाम देंगे। वाशु भगनानी और पूजा एंटरटेनमेंट अली अब्बास ज़फर द्वारा लिखित और निर्देशित, वाशु भगनानी, दीपशिखा देशमुख, जैकी भगनानी, हिमांशु किशन मेहरा और अली अब्बास ज़फ़र द्वारा निर्मित, एएजेड फिल्म के सहयोग से बड़े मियां छोटे मियां प्रस्तुत करते हैं। इस फिल्म की शूटिंग अगले साल शुरू होने की पूरी उम्मीद है।

# अब कैसी है सामंथा की तबीयत? कब से शुरू करेंगी फिल्मों की शूटिंग



साउथ एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु की तबीयत बीते कुछ दिनों ने खराब चल रही है। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण सामंथा फिलहाल फिल्मों की शूटिंग से दूर हैं। अब सामंथा की तबीयत से जुड़ी नई जानकारी सामने आई है। ताजा हेल्थ अपडेट के अनुसार अभिनेत्री रुथ की सेहत में सुधार बताया जा रहा है। साथ ही इस बात की भी जानकारी सामने आई है कि वह कब से फिल्मों की शूटिंग शुरू करने वाली हैं।

अभिनेत्री सामंथा ने कुछ हफ्ते पहले अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट साझा किया था। इसमें उन्होंने जानकारी दी थी कि वह मायोजिटिस नामक एक ऑटोइम्यून बीमारी से पीड़ित हैं। इसके बाद सामंथा ने फैंस के साथ अपनी बीमारी से जुड़ी बातें भी साझा की थी। उन्होंने बताया था कि वे फिलहाल इलाज के लिए यूएसए जा रही हैं और इसी कारण वह काम से छुट्टी पर हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अब सामंथा अपना इलाज करवाकर भारत लौट आई हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, सामंथा रुथ प्रभु जल्द ही फिल्मों की शूटिंग पर भी लौटने वाली हैं। वह साउथ के सुपरस्टार विजय देवरकोंडा के साथ शूटिंग शुरू करेंगी। उनकी फिल्म 'कुशी' का नया शेड्यूल 14 दिसंबर से चालू हो सकता है। इस फिल्म की शूटिंग में सामंथा के शामिल होने की संभावना है।

सामंथा रुथ प्रभु की आने वाली फिल्मों की बात करें तो अभिनेत्री के पास 'कुशी' के अलावा 'गढ़' फिल्म भी है। 'गढ़' में सामंथा बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन के साथ पहली बार स्क्रीन शेयर करेंगी। समांथा और विजय देवरकोंडा की फिल्म 'कुशी' केवल तमिल और तेलुगू भाषा में ही रिलीज होगी।

# परेश रावल पर आई बड़ी मुसीबत, बंगालियों पर टिप्पणी करना पड़ा भारी



बॉलीवुड एक्टर और बीजेपी नेता परेश रावल मुशिकलों में घिर गए हैं। हाल ही में एक्टर ने बंगालियों पर टिप्पणी कर दी थी जिसको लेकर उनकी मुसीबत बढ़ती जा रही है। खबरों के अनुसार वाम के राज्य सचिव मोहम्मद सलीम ने इस मामले पर पुलिस को शिकायत की थी। नेता ने एक्टर पर आरोप लगाए थे कि उन्होंने गुजरात में बीजेपी की चुनावी रैली के दौरान बंगालियों के खिलाफ भड़काऊ भाषण दिया था।

एक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दी गई है। साथ ही परेश को पुलिस ने पूछताछ के लिए 12 दिसंबर को दोपहर 2 बजे तक कोलकाता के तलतला पुलिस थाने में पेश होने को कहा है। जानकारी के अनुसार एक्टर पर पुलिस ने सीआरपीसी की धारा 41ए के तहत नोटिस भेजा है।

बता दें परेश रावल ने गुजरात के वलसाड में रैली को संबोधित किया था। उस दौरान उन्होंने महंगे हुए गैस सिलेंडर को लेकर बात कही थी। साथ ही मंहगे सिलेंडर को लेकर सफाई दी थी। उन्होंने कहा था 'गैस सिलेंडर मंहगा है लेकिन ये सस्ता हो जाएगा। लोगों को रोजगार भी मिल जाएगा, लेकिन क्या होगा जब रोहिंग्या मुस्लिम और बांग्लादेशी आपके आसपास रहने लगेंगे। जैसा कि दिल्ली में हो रहा है। तब आप गैस सिलेंडर का क्या करेंगे? बंगालियों के लिए मछली पकाएंगे? इस भाषण के बाद परेश रावल की काफी आलोचना हो रही है। इसके बाद परेश ने माफी भी मांगी है साथ ही कहा है ये बयान 'बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं के संदर्भ में था।

# कंगना रनौत को पसंद आई बाबिल खान की फिल्म कला, पोस्ट शेयर कर कही यह बात



इरफान खान के बेटे बाबिल खान की डेब्यू फिल्म कला हाल ही में ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई हैं। जिसके बाद कई फिल्मी जगत के सितारे बाबिल के अभिनय की तारीफ कर रहे हैं। इसी श्रेणी में कंगना रनौत ने भी बाबिल की पहली फिल्म 'कला' देखी। उन्होंने निर्देशक अन्विता दत्त और मुख्य अभिनेताओं में बाबिल और तृप्ति डिमरी की प्रशंसा की है। कंगना ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह भी लिखा कि वह फिल्म से अपनी नजरें नहीं हटा पा रही हैं। कंगना ने पोस्ट की गई इंस्टाग्राम स्टोरीज की एक सीरीज में लिखा, 'कला एक बेहतरीन फिल्म है, यह आपकी सामान्य तीन अभिनय संरचना नहीं है और न ही यह भौतिक दुनिया की एक शाब्दिक कहानी है।' उन्होंने आगे लिखा, 'कला की निर्देशक अन्विता दत्त इस समय सबसे बड़ी फिल्म निर्देशकों में से एक हैं। मुझे अपनी फिल्म क्वीन में उनके साथ काम करने का सौभाग्य मिला। वह इंसान के मन की गहराई में जाकर फिल्म का निर्देशन करती है।'

कंगना ने आगे लिखा, 'फिल्म के सभी दृश्य बहुत ही अच्छे हैं। सभी ने बहुत अच्छा अभिनय किया है। बाबिल खान एक नए कलाकार के रूप में शानदार नजर आ रहे हैं। तृप्ति डिमरी मेरी एक साथी के रूप में और हिमाचली पहाड़ी लड़की के रूप में हैं, मुझे उनपर बहुत गर्व है। फिल्म में उनको देखकर मैं अपनी नजरें नहीं हटा पा रही हूं।'

'कला' फिल्म की बात करें तो इसमें आजादी के बाद के भारत को दिखाया गया है। कहानी संगीत की दुनिया से जुड़ी हुई है। ये कहानी उस सफल गायिका पर आधारित है, जो 40 के दशक की फिल्मों को अपनी आवाज से नवाजती है और अपने अतीत से जूझ रही है। इस गायिका का एक ऐसा काला अतीत है जो उसके आज पर और सफल करियर पर मंडराता रहता है।

# हिना खान को प्यार में मिला धोखा! एक्ट्रेस के दिल टूटे पोस्ट से फैंस हुए परेशान



'बिग बॉस 11' फेम और टीवी एक्ट्रेस हिना खान सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. सोशल मीडिया पर हिना खान काफी एक्टिव हैं और अपने फैंस के लिए अक्सर पोस्ट शेयर करती रहती हैं, मगर हिना खान का लेटेस्ट पोस्ट देखकर फैंस परेशान हो गए हैं. हिना खान ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर एक क्रिप्टिक पोस्ट कर फैंस को हैरान कर दिया है. इस पोस्ट से लगता है कि उन्हें किसी ने धोखा दिया है और उनका दिल टूटा है. हिना खान ने दो इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर की है. पहले पोस्ट में हिना लिखती हैं 'जो लोग आपके साथ विश्वासघात करते हैं उनपर अंधविश्वास करने के लिए खुद को माफ करें. कभी-कभी अच्छा दिल बुरा नहीं देख पाता है.

वहीं दूसरी स्टोरी में हिना लिखती हैं- 'विश्वासघात एकलौता सच है जो बरकरार रहता है. लेट नाइट थॉट्स.' हिना खान को किसने धोखा दिया है और उन्होंने ऐसा पोस्ट क्यों किया है ये तो पता नहीं चला है लेकिन हिना खान के ऐसे पोस्ट देखकर फैंस परेशान जरूर हो गए हैं।

हिना खान के इस पोस्ट ने ट्विटर और इंस्टाग्राम पर उसे सवाल पूछ रहे हैं. एक फैन ने लिखा, "सब कुछ अच्छा है, उम्मीद है कि सब ठीक हो." एक अन्य फैन ने लिखा, "हिना खान को और ताकत मिले, सब कुछ सुरक्षित रहेगा." एक और फैन ने लिखा,"क्या हिना खान किसी समस्या का सामना कर रही हैं? वो टूटा हुआ दिल क्यों पोस्ट कर रही हैं."



# क्या आप जानते हैं हॉट स्टोन मसाज के लाभ को



**मसाज शरीर** के लिए काफी रिलैक्सिंग होता है। लेकिन अगर आप हॉट स्टोन मसाज करवाती हैं तो इससे आपको यह पांच अमेजिंग बेनिफिट मिलेंगे। पूरे दिन की भागदौड़ और काम के बाद जब शरीर थककर चूर हो जाता है तो ऐसे में खुद को रिलैक्स करने के लिए हम कई तरह की तकनीक अपनाते हैं। इन्हीं में से एक तकनीक है मसाज थेरेपी। अमूमन शरीर की मसाज के लिए हम ऑयल या फिर हॉट ऑयल का इस्तेमाल करती हैं। यह बॉडी को रिलैक्स करने का एक बेहतरीन तरीका है। हालांकि इन दिनों हॉट स्टोन मसाज थेरेपी को काफी पसंद किया जा रहा है। हॉट स्टोन मसाज थेरेपी आपकी तनावग्रस्त मसल्स को रिलैक्स करने के साथ-साथ क्षतिग्रस्त कोमल ऊतकों को आराम देने में मदद करती है। हॉट स्टोन मसाज थेरेपी के दौरान स्मूद, फ्लैट और गर्म स्टोन्स को बॉडी के स्पेसिफिक पार्ट पर रखा जाता है। यह स्टोन्स आमतौर पर बेसाल्ट से बने होते हैं। इस तरह से गर्म स्टोन्स से की जाने वाली मालिश आपको काफी रिलैक्सिंग महसूस करवाती है। आजचल ऑनलाइन में ये आसानी से मिल जाते है। आप भी इसे घर पर आजमा सकते है। तो चलिए आज हम आपको हॉट स्टोन मसाज से मिलने वाले कुछ बेहतरीन लाभों के बारे में बता रहे हैं-

### मांसपेशियों में तनाव और दर्द को करे दूर

मांसपेशियों के तनाव और दर्द को कम करने के लिए लंबे समय से हीट का उपयोग किया जाता रहा है। यह प्रभावित क्षेत्र में रक्त के प्रवाह को बढ़ाने में मदद करता है। हीट मांसपेशियों की ऐंठन को कम करके फ्लैक्सिबिलिटी को बढ़ाने में मददगार है। वहीं, कोल्ड थेरेपी सूजन को दूर करने में मदद करती है। ऐसे में आप अपने लक्षणों के आधार पर, मालिश के दौरान गर्म और ठंडे पत्थरों का वैकल्पिक उपयोग सहायक हो सकता है।

### स्ट्रेस और एंग्जाइटी को करे कम

हॉट स्टोन मसाज तनाव और चिंता को कम करने में बेहद ही कारगर तरीके से काम करती है। अध्ययनों ने यह भी साबित किया है कि यह रक्त परिसंचरण में सुधार करता है। सर्जरी व ऑपरेशन के बाद होने वाले दर्द



और तनाव को दूर करने के लिए भी हॉट स्टोन मसाज की मदद ली जा सकती हैं। हालांकि यह ऑप्शन चुनने से पहले एक बार डॉक्टर से परामर्श अवश्य लें।

### ऑटोइम्यून बीमारी के लक्षणों से दे राहत

इस मालिश को फाइब्रोमायल्गिया या पुरानी दर्द की स्थिति के इलाज में बेहतरीन प्रभावी तरीके से काम करता है। अध्ययनों के अनुसार, जिन रोगियों ने हॉट स्टोन मसाज थेरेपी का इस्तेमाल किया, उन्हें अपेक्षाकृत कम दर्द का अनुभव हुआ। इसके अलावा, इसने दर्द के ट्रिगर पॉइंट से बेहतर तरीके से निपटने में मदद की। ऐसे में ऑटोइम्यून बीमारी से लड़ने में मसाज थेरेपी एक अच्छा विकल्प है।

### मिलेगी बेहतर नींद

आज के समय में व्यक्ति इतने तनाव व चिंताओं से घिरा हुआ है कि उसका विपरीत प्रभाव उसकी नींद पर देखने को मिलता है। अधिकतर महिलाओं को रात में ठीक से नींद ही नहीं आती या फिर अगर उन्हें नींद आती भी है तो वह रात में बार-बार उठ जाती हैं और फिर उन्हें दोबारा सोने में परेशानी होती है। अगर आपको भी ऐसी कोई समस्या है तो नींद की गोलियां लेने के स्थान पर आप हॉट स्टोन मसाज थेरेपी का विकल्प चुनें। विभिन्न शोधों ने साबित किया है कि यह मालिश गोलियों के लिए कहीं बेहतर विकल्प है और इसके बेहतर प्रभाव हैं। यह शरीर को आराम प्रदान करता है, जिससे अच्छी और बेहतर नींद आती है।

### इम्युनिटी करे बूस्ट अप

सुनने में आपको शायद अजीब लगे लेकिन हॉट स्टोन मसाज थेरेपी आपकी इम्युनिटी को बूस्ट अप करने में भी मदद करता है। अगर आप हॉट स्टोन मसाज करवाती हैं तो इससे आपका प्रतिरक्षा तंत्र मजबूत होता है, जिससे आपको किसी भी संक्रमण से छुटकारा पाने में मदद मिलती है।



# क्या होता है गाउट या गठिया ? इसके लक्षण और कारण ?

**रक्त में जब** यूरिक ऐसिड की मात्रा बढ़ जाती है, तो यह रोग पैदा होता है। यूरिक ऐसिड हमारे शरीर की विविध चयापचयिक क्रियाओं के कारण पैदा होता है, जिसका निर्माण कुछ खास प्रकार के आहारों से होता है। इस रोग को चिकित्सकीय भाषा में गाउट नाम से जाना जाता है। सामान्यतया मूत्र उत्सर्जन के माध्यम से शरीर से यूरिक ऐसिड बाहर होता रहता है। लेकिन कुछ लोगों में यूरिक ऐसिड की उत्पत्ति बहुत ही अधिक मात्रा में होने लगती है, तथा जो शरीर से उसी अनुपात से मूत्र के द्वारा बाहर नहीं हो पाता है।

बहुधा यही बढ़ा हुआ यूरिक ऐसिड नुकीले सुई जैसे क्रिस्टल्स का रूप लेकर विविध जोड़ों के इर्दगिर्द इकट्ठे होकर उस जोड़ के आसपास सूजन, तीव्र दर्द को पैदा कर देते हैं। आयुर्वेद में इस रोग को वात-रक्त नाम से जाना जाता है। उल्लेखनीय है कि उत्पत्ति में वायु और रक्त की भूमिका होने से ही इसे वात-रक्त नाम से जाना जाता है।

### इन लोगों को होने की रहती है ज्यादा संभावना

ऐसे रोगी जो ट्रायग्लिसराइड्स के बढ़े हुए स्तरों से पीड़ित रहते हैं, उनको इस रोग से ग्रस्त होने की अधिकाधिक संभावनाएं रहती हैं। हाइपरटेंशन एवं मोटापे से पीड़ित लोगों में भी यह रोग अधिक देखा जाता है। विविध गुरदों के रोगों से पीड़ित रोगी भी इस रोग से ग्रस्त होते पाए जाते हैं। विविध प्रकार के एंटीबायोटिक्स, डाइयूरेटिक औषधियां, कीमोथैरेपी भी इस रोग के पैदा होने में अहम भूमिका निभाते हैं।

### कारण






-नमकीन, खट्टे, चरपरे, खारे, चिकने तथा गरम खाद्य-पदार्थों का अत्यधिक सेवन-नियमित रूप से रात के समय भोजन करना-पहले किए गए भोजन के हजम होने से पहले ही दोबारा भोजन करना-सड़े-गले एवं सूखे हुए मांस का सेवन करना-जलीय जीव-जंतुओं के मांस का सेवन करना-मूल शाक जैसे अरबी, आलू, मूली, जमहकंद का अधिक सेवन करना-कुलथी, उड़द, सेम, गन्ना एवं इससे बनने वाले चीनी, गुड़, मिठाईयों का अंधाधुंध सेवन करना-दही, कांजी, सिरका, मट्ठा, शराब इत्यादि का अनियंत्रित सेवन।

-अधिक क्रोध करना

-दिन में सोने की आदत होना

-रात के समय जागना

### लक्षण

सबसे पहले एक पैर के अंगूठे में लगभग आधी रात के समय अचानक दर्द महसूस होना तथा उसमें सूजन आना। उस हिस्से में लालिमा पैदा होना, तेज दर्द के कारण रोगी नींद से जाग जाता है। कुछ रोगी ऐड़ी एवं टखनों में भी तेज दर्द महसूस करते हैं। यह दर्द घुटनों, कलाई, कुहनी, अंगुलियों में भी हो सकता है।

### उपचार

सवेरे बिस्तर से उठते ही बिना कुल्ला किए ही लगभग दो से चार गिलास पानी पिएं। यह प्रयोग बढ़े हुए यूरिक ऐसिड को नियंत्रित करने के लिए बेजोड़ है। आरंभ में एक गिलास पानी से शुरूआत की जा सकती है। इसी को जापानी सिकनैस ऐसोसिएशन ने 'वाटर थैरेपी' नाम दिया है।

-पूरे दिन भर में आठ से दस गिलास पानी पीना बहुत जरूरी होता है।

-यूरिक ऐसिड बढ़ने पर गिलोय के प्रयोग को सर्वोत्कृष्ट माना जाता है। अतः गिलोय का ताजा रस, चूर्ण, काढ़ा सेवन किया जान चाहिए। यदि गिलोय के साथ अरंडी का तेल (कैस्टर ऑइल) का भी सेवन किया जाए तो शीघ्र लाभ प्राप्त होता है।

-भोजन के तत्काल बाद मूत्र-त्याग अवष्य करें

-ऐसा नियमित रूप से करने से यूरिक ऐसिड नहीं बढ़ता है। यहां पर ध्यान देने योग्य बात है कि इस साधारण से दिखाई देने वाले प्रयोग से अनेकानेक प्रकार के मूत्र-विकारों, पथरी इत्यादि से भी बचाव होता है तथा लम्बे समय तक गुरदे स्वस्थ एवं सबल बने रहते हैं। इससे भोजन का पाचन भी सुचारू रूप से होता है और शरीर में हलकापन आता है।

### इन चीजों का न करें सेवन

बिस्किट्स, बेकरी उत्पाद जैसे ब्रेड, हरे मटर, पालक, कुलथी, सेम, फैंच बीन, बैंगन, मषरूम, पनीर, सूखा नारियल, सूखे मेवे, सोयाबीन, खमीरी आटा, सत्तू, कस्टर्ड, मूली, अरबी, अचार, चाय, सुखाया हुआ दूध, कॉफी, कांजी, अंडा, मांस, सुखाया हुआ मांस, मछली, शराब, पान, तिल, फास्टफूड जैसे पिज्जा, हॉट डॉग, बर्गर, मोमोज, चाउमीन, स्प्रिंगरोल इत्यादि, उड़द, बाजरा, कांजी, गरिष्ठ आहार जैसे पक्वान्न, मिठाईयां, पापड़।

इस रोग से पीड़ित व्यक्ति को ऐसे आहारों के सेवन से बचना चाहिए जिसमें प्यूरीन पाया जाता है जैसे दालें, ओटमील, पालक, शतावरी, मषरूम, पत्ता गोभी।

# इस गलत गमले में भूल से भी न लगाएं तुलसी का पौधा, तुरंत मुरझा जाएंगे हरे-भरे पत्ते

अक्सर लोगों को ये शिकायत रहती है कि उनका तुलसी का पौधा सही समय पर पानी, सही धूप और सही मिट्टी के बाद भी मुरझा रहा है. ऐसे में लोगों को पता होना चाहिए कि तुलसी का पौधा सही गमले में न रखने के कारण मुरझा सकता है. आपको पता होना चाहिए कि किस गमले में तुलसी के पौधे रखें. आज का हमारा लेख इसी विषय पर है. आज हम आपको अपने इस लेख के माध्यम से बताएंगे कि तुलसी का पौधा किस गमले में रखें.

## तुलसी का पौधा कैसे लगाएं




यदि आप तुलसी का पौधा हरा-भरा रखना चाहते हैं तो सही गमला या ग्रो बैग का ठीक से चुनाव जरूर करें.

तुलसी का पौधा मिट्टी के गमले में लगाएं. इससे पौधे का विकास अच्छे से होगा. इस गमले में तुलसी का पौधा लगाने से जरूरी पोषक तत्व पत्तों को मिल सकते हैं.

मिट्टी का गमला न केवल पौधे का तापमान नियंत्रित कर सकता है बल्कि गमले में पानी का ड्रेनेज भी ठीक से हो सकता है.

तुलसी के पौधे को कभी भी प्लास्टिक के गमले में नहीं रखना चाहिए. वरना पौधा का विकास कभी भी रुक सकती है. साथ ही पौधा जल्दी मुरझा सकता है.

तुलसी का पौधा फैब्रिक ग्रो बैग में लगाना चाहिए. बता दें कि ये बैग कपड़े और प्लास्टिक के मटेरियल से मिलकर बना है, जिसमें ड्रेनेज सिस्टम लगा होता है.

ग्रो बैग में तुलसी का पौधा लगाने से न केवल पौधे का विकास अच्छे से होता है बल्कि जड़ों को भी मजबूती मिल सकती है, जिससे तुलसी के पत्ते भी हरे-भरे नजर आते हैं.

# रोजाना उपयोग में आने वाली वस्तुओं की इन आसान तरीकों से करें सफाई



**जिन वस्तुओं का** हम रोज उपयोग करते हैं बहुत जरूरी है कि वे एकदम स्वच्छ रहें क्योंकि यदि जीवाणु इनपर लंबे समय के लिए ठहर गए तो ये हमारे और हमारे परिवार के लिए हानिकारक साबित हो सकते हैं इसलिए कोशिश करें कि रोजाना उपयोग में आनी वाली वस्तुएं हमेशा साफ रहें। इन्हें साफ करना बहुत मुश्किल नहीं होता है। अगली स्लाइड्स में बताए गए इन आसान तरीकों से आप आराम से इनकी सफाई कर सकते हैं।



### टी.वी रिमोट

कई सारे लोग टी.वी को तो साफ करते हैं लेकिन रिमोट की सफाई नहीं करते क्योंकि शायद उन्हें पता नहीं होता है कि इसे साफ करने का सही तरीका क्या है। टी.वी के रिमोट को साफ करने के लिए सबसे पहले तो इसकी बैटरी निकाल दें और फिर सूखे टूथब्रश की सहायता से बटन के बीच वाली खाली जगह को साफ करें।



### टूथब्रश

क्या आप जानते हैं टूथब्रश को रोजाना पानी से साफ करना पर्याप्त नहीं होता है। टूथब्रश पर न जाने कितने सारे जीवाणु होते हैं जो कि पानी से नहीं निकल पाते हैं इसलिए थोड़े-थोड़े दिनों में अपने टूथब्रश को 15 -20 मिनट के लिए एक कप सिरके में रखें। टूथब्रश पूरी तरह से साफ हो जाएगा।

टूथब्रश होल्डरजाहिर सी बात है जब आप टूथब्रश को साफ कर लेंगे और उसे गंदे टूथब्रश होल्डर में रखेंगे तो सफाई का कोई औचित्य नहीं रह जा ए गा इसलिए टूथब्रश होल्डर को भी साफ करें। इसे गर्म पानी से साफ करें और साफ कपड़े से पोछ लें। यदि ये इस तरह से ठीक से साफ नहीं होता है तो इसमें दो मिनट के लिए माउथवॉश डालकर रखें और कपड़े से साफ कर दें।

### मोबाइल फोन

मोबाइल फोन को साफ करना बहुत जरूरी होता है क्योंकि ये जीवाणुओं का घर होता है और हम बार-बार इसे छूते हैं। एक पतले कपड़े को अल्कोहल में हल्का सा डूबाकर स्पीकर, कैमरा एवं अन्य जगहों को धीरे- धीरे साफ करें। स्क्रीन को सामान्य डिशवॉशर को कम मात्रा में लेकर भी प्रतिदिन कपड़े की सहायता से साफ किया जा सकता है।





### आइस- ट्रे

गर्मियों में आइस-ट्रे का उपयोग लगभग रोजाना ही होता है। जब आइस-ट्रे का उपयोग बहुत ज्यादा होता है तो इस पर कैल्शियम सल्फाइड की एक परत जमने लगती है। इस परत को साफ करने के लिए दो घंटे के लिए आइस- ट्रे में नमक और सिरके का मिश्रण डालकर रख दें। ट्रे साफ हो जाएगी।

# भुने हुए अमरूद को खाने से मिलेंगे आपको कई लाभ

सर्दियों में कई लोगों को अमरूद खाने से सर्दी-जुकाम जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है. लेकिन अमरूद में कई ऐसे फायदे छिपे हुए हैं जो कि आपको कई बीमारियों से बचा सकते हैं. आमतौर पर कई लोग सर्दी में अमरूद खाने से बचते हैं क्योंकि इसकी तासीर ठंडी होती है. इस वजह से लोगों को सर्दी, जुकाम या खांसी का सामना करना पड़ता है. लेकिन अगर आप साधारण अमरूद की बजाय भुना हुआ अमरूद खाएंगे तो आपको केवल जुकाम में ही आराम नहीं मिलेगा, बल्कि कई अन्य लाभ भी होंगे. भुना हुआ अमरूद सेहत ही बेहद ही लाभदायक होता है और इसके गुण जानकर आप हैरान रह जाएंगे. आइए जानते हैं भुना हुआ अमरूद खाने के फायदे.

### भुना हुआ अमरूद खाने के लाभ



जिन लोगों एलर्जी होती है या जल्दी सर्दी-जुकाम हो जाता है उन्हें अमरूद सीधा खाने की बजाय तवे पर थोड़ा सेक कर खाना चाहिए. इससे आपको एलर्जी नहीं होगी और कोल्ड का भी सामना नहीं करना पड़ेगा.

भुना हुआ अमरूद खाने से भूख भी बढ़ती है. जिन लोगों को भूख कम लगती है और वह अपनी भूख बढ़ाना चाहते हैं तो उन्हें नियमित तौर पर भुने हुए अमरूद का सेवन करना चाहिए. इससे आपको काफी राहत मिलेगी.

अगर आप सुस्ती महसूस कर रहे हैं और बॉडी को एक्टिव करना चाहते हैं तो भुना हुआ अमरूद खाना चाहिए. इससे सुस्ती कम होती है और साथ ही मानसिक स्वास्थ्य भी बेहतर होता है.

अगर कोई व्यक्ति पुरानी खांसी से परेशान है तो उनके लिए भुना हुआ अमरूद एक रामबाण इलाज साबित होगा. इसके लिए अमरूद को बीच से काटकर उसमें थोड़ा से काला नमक लगाएं और फिर गर्म तवे पर हल्का से पकाएं. इसका सेवन करने से आपकी पुरानी खांसी दूर होगी.

भुना हुआ पाचन क्रिया को दुरुस्त करने के लिए भी बेहद लाभकारी है. इसका सेवन करने से पेट से जुड़ी कई समस्याओं से भी राहत मिलती है. लेकिन इसके लिए आपको भुने अमरूद का सेवन काले नमक के साथ करना चाहिए.

इतना ही नहीं एनर्जी लेवल को बढ़ाने के लिए भी भुना हुआ अमरूद बहुत लाभदायक है. अगर आपको थकान महसूस हो तो भुना अमरूद खाने से ऊर्जा का स्तर सही होगा और सुस्ती दूर हो जाएगी.



# सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र व आरबीआई को नोटबंदी से जुड़े रिकॉर्ड पेश करने को कहा, फैसला सुरक्षित रखा गया

नई दिल्ली, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को केंद्र और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को निर्देश दिया कि वे सरकार के 2016 में 1000 रुपये और 500 रुपये के नोटों को अमान्य करने के फैसले से संबंधित प्रासंगिक रिकॉर्ड पेश करें। केंद्र के 2016 के फैसले को चुनौती देने वाली दलीलों के एक समूह पर अपना फैसला सुरक्षित रखते हुए न्यायमूर्ति एस ए नज़ीर की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि, आरबीआई के वकील और वरिष्ठ अधिवक्ता पी चिदंबरम और श्याम दीवान सहित याचिकाकर्ताओं के वकीलों की दलीलें सुनीं। जस्टिस बीआर गवई, एएस बोपन्ना, वी रामासुब्रमण्यम और बीवी नागरथना की पीठ ने कहा, हमने सुना और फैसला सुरक्षित रखा गया है। भारतीय संघ और भारतीय रिजर्व बैंक के वकीलों को संबंधित रिकॉर्ड पेश करने का निर्देश दिया जाता है। एजी ने पीठ के समक्ष कहा कि वह सीलबंद लिफाफे में प्रासंगिक रिकॉर्ड जमा करेंगे। शीर्ष अदालत 8 नवंबर, 2016 को केंद्र की ओर से घोषित नोटबंदी को चुनौती देने वाली 58 याचिकाओं के एक बैच पर सुनवाई कर रही थी।

# आरबीआई ने ब्याज दरें 0.35 फीसदी बढ़ाई

## *20 साल वाले 30 लाख के लोन पर करीब 1.55 लाख रु. ज्यादा चुकाने होंगे*



नई दिल्ली, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। बढ़ती महंगाई से चिंतित भारतीय रिजर्व बैंक रेपो रेट में 0.35% का इजाफा किया है। इससे रेपो रेट 5.90% से बढ़कर 6.25% हो गई है। यानी होम लोन से लेकर ऑटो और पर्सनल लोन सब कुछ महंगा हो जाएगा और आपको ज्यादा ईएमआई चुकानी होगी।

ब्याज दरों पर फैसले के लिए 5 दिसंबर से मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग चल रही थी। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास आज बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में ब्याज दरों से जुड़ी घोषणा की। इससे पहले सितंबर में हुई मीटिंग में ब्याज दरों को 5.40% से बढ़कर 5.90% किया गया था।

**5 बार में 2.25% की बढ़ोतरी**

मॉनेटरी पॉलिसी की मीटिंग हर दो महीने में होती है। इस वित्त वर्ष की पहली मीटिंग अप्रैल में हुई थी। तब आरबीआई ने रेपो रेट को 4% पर स्थिर रखा था। लेकिन आरबीआई ने 2 और 3 मई को इमरजेंसी मीटिंग बुलाकर रेपो रेट को 0.40% बढ़ाकर 4.40% कर दिया था। 22 मई 2020 के बाद रेपो रेट में ये बदलाव हुआ था। इसके बाद 6 से 8 जून को हुई मीटिंग में रेपो रेट में 0.50% इजाफा किया। इससे रेपो रेट 4.40% से बढ़कर 4.90% हो गई। फिर अगस्त में इसे 0.50% बढ़ाया गया, जिससे ये 5.40% पर पहुंच गई। सितंबर में ब्याज दरें 5.90% हो गई। अब ब्याज दरें 6.25% पर पहुंच गई है। महंगाई अभी भी चिंता का कारण बनी हुई है।

**0.35% रेट बढ़ने से कितना फर्क पड़ेगा**

मान लीजिए रोहित नाम के एक व्यक्ति ने 7.55% के फिक्स्ड रेट पर 20 साल के लिए 30 लाख का लोन लिया है। उसकी ईएमआई 24,260 रुपए है। 20 साल में उसे इस दर से 28,22,304 रुपए का ब्याज देना होगा। यानी, उसे 30 लाख के बदले कुल 58,22,304 रुपए चुकाने होंगे।

रोहित के लोन लेने के बाद आरबीआई रेपो रेट में 0.35% का इजाफा कर देता है। इस कारण बैंक भी 0.35% ब्याज दर बढ़ा देते हैं। अब जब रोहित का एक दोस्त उसी बैंक में लोन लेने के लिए पहुंचता है तो बैंक उसे 7.55% की जगह 7.90% रेट ऑफ इंटरेस्ट बताता है।

रोहित का दोस्त भी 30 लाख रुपए का ही लोन 20 साल के लिए लेता है, लेकिन उसकी ईएमआई 24,907 रुपए की बनती है। यानी रोहित की ईएमआई से 647 रुपए ज्यादा। इस वजह से रोहित के दोस्त को 20 सालों में कुल 59,77,634 रुपए चुकाने होंगे। ये रोहित से 1,55,330 ज्यादा है।

**कार लोन पर भी अब ज्यादा ईएमआई**

अगर आपने कार लोन ले रखा है तो बीते 7 महीनों में ही इसकी ब्याज दरों में जबरदस्त इजाफा हुआ है। वित्त वर्ष 2022-23 में रेपो रेट 2.25% की बढ़ोतरी हो चुकी है। इस कारण आपकी ईएमआई भी बढ़ गई है। ऐसे में अगर आपने मार्च में कार लोन 7.40% पर लिया था तो वो 9.30% पर पहुंच गया है। यहां हम आपको बता रहे हैं कि इससे आपकी ईएमआई पर कितना फर्क पड़ा है।

**क्या पहले से चल रहे लोन पर भी बढ़ेगी ईएमआई**

लोन की ब्याज दरें 2 तरह से होती हैं फिक्स्ड और फ्लोटर। फिक्स्ड में आपके लोन कि ब्याज दर शुरू से आखिर तक एक जैसी रहती है। इस पर रेपो रेट में बदलाव का कोई फर्क नहीं पड़ता। वहीं फ्लोटर में रेपो रेट में बदलाव का आपके लोन की ब्याज दर पर भी फर्क पड़ता है। ऐसे में अगर आपने फ्लोटर ब्याज दर पर लोन लिया है तो ईएमआई भी बढ़ जाएगी।बीते दिनों यानी नवंबर में आरबीआई ने एडिशनल मॉनेटरी पॉलिसी मीटिंग भी की थी।

## अगले 10 साल में दोगुनी हो जाएगी प्रति व्यक्ति आय

नई दिल्ली, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। अगले 10 साल में (2031-32 तक) अमेरिका-चीन के बाद भारत तीसरी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। अभी यह पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। मॉर्गन स्टेनली का अनुमान है कि इस दौरान प्रति व्यक्ति आय दोगुनी से ज्यादा, शेयर बाजार का मार्केट कैप (पूंजीकरण) तीन गुना हो जाएगा। बीते वित्त वर्ष यानी 2021-22 में जीडीपी यह 255.5 लाख करोड़ रु. की थी। 2032 तक यह 639 लाख करोड़ रु. से ऊपर निकल सकती है।

अगले एक दशक में रिटेल मार्केट 147.64 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच जाएगा। अभी ये 62.87 लाख करोड़ रुपए का है। अगले दशक के दौरान प्रति व्यक्ति आय बढ़कर 2.3 गुना होने का अनुमान है। सीईआईसी और मॉर्गन स्टेनली रिसर्च के आंकड़े बताते हैं कि 1981-82 में प्रति व्यक्ति आय 21,700 रुपए थी। बीते वित्त वर्ष यह 1.83 लाख रु. से कुछ ज्यादा थी।

| स्थान | 22 कैरेट गोल्ड (10ग्र) | 24 कैरेट गोल्ड (10ग्र) | सील्वर (1केजी) |
|---|---|---|---|
| दिल्ली | 49,450 रुपये | 53,930 रुपये | 66,000 रुपये |
| चेन्नई | 50,100 रुपये | 54,650 रुपये | 70,800 रुपये |
| कोलकाता | 49,300 रुपये | 53,780 रुपये | 66,000 रुपये |
| मुंबई | 49,300 रुपये | 53,780 रुपये | 66,000 रुपये |

| स्थान | पेट्रोल पर लीटर | डीजल पर लीटर |
|---|---|---|
| हैदराबाद | 109.67 रुपये | 97.82 रुपये |
| दिल्ली | 96.72 रुपये | 89.62 रुपये |
| चेन्नई | 102.63 रुपये | 94.24 रुपये |
| मुंबई | 106.31 रुपये | 97.28 रुपये |
| बेंगलुरू | 101.94 रुपये | 87.89 रुपये |

## दैनिक पंचांग

### ग्रह गोचर




| ग्रह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सूर्य- | वृश्चिक | में | वृश्चिक. | 05-00 | बजे |
| चंद्र- | वृष | में | धनु--- | 07-14 | बजे |
| मंगल | वृष | में | मकर- | 09-18 | बजे |
| बुध- | धनु | में | कुंभ - | 11-19 | बजे |
| गुरु- | मीन | में | मीन... | 12-47 | बजे |
| शुक्र- | धनु | में | मेष-- | 14-22 | बजे |
| शनि- | मकर | में | वृष-- | 16-08 | बजे |
| राहु- | मेष | में | मिथुन.. | 18-09 | बजे |
| केतु- | तुला | में | कर्क... | 20-20 | बजे |
| | | | सिंह... | 22-33 | बजे |
| | | | कन्या.. | 23-43 | बजे |
| | | | तुला | 02-49 | बजे |

विक्रम श्री नल नाम संवत्- **2079**
शक संवत् -**1944**, कलियुग अवधि-**432000**
भोग्य कलि वर्ष-**426878**
कलियुग संवत् -**5123** वर्ष सूर्य-दक्षिणायने
कल्पारंभ संवत् -**1972949123**
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-**1955885123**
महावीर निर्वाण संवत् -**2549**,हिजरी सन् -**1443**
ऋतु-हेमन्त दिशाशूल- दक्षिण -जीरा खाकर घर से निकले
तिथि- पूर्णिमा - **09 -37** तक उपरान्त प्रतिपदा
मास - मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष , गुरूवार **Dec 08**
नक्षत्र -रोहिणी - **12 - 32** - तक उपरान्त मृगशिरा
योग - साध्य- **03 - 11** - तक उप- शुभ
करण- बव - **08 - 01** - तक उप- बालव
विशेष:-
व्रत -त्योहार - **पूर्णिमा पुण्य**

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 13:31 से 14:54 तक**

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र Hyd,Sec**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| शुभ | 06:37 - 07:59 | शुभ | अमृत. | 17:41 - 19:17 | शुभ |
| रोग | 07:59 - 09:22 | अशुभ | चंचल. | 19:17 - 20:54 | शुभ |
| उत्पात | 09:22 - 10:45 | अशुभ | रोग. | 20:54 - 22:31 | अशुभ |
| चंचल | 10:45 - 12:08 | शुभ | काल. | 22:31 - 00:08 | अशुभ |
| लाभ | 12:08 - 13:31 | शुभ | लाभ | 00:08 - 01:45 | शुभ |
| अमृत | 13:31 - 14:54 | शुभ | उत्पात | 01:45 - 03:22 | अशुभ |
| काल | 14:54 - 16:17 | अशुभ | शुभ | 03:22 - 04:59 | शुभ |
| शुभ | 16:17 - 17:37 | शुभ | अमृत | 04:59 - 06:37 | शुभ |

# लगातार चौथे दिन टूटा बाजार

**सेंसेक्स 215 अंकों की गिरावट के साथ 62410 पर आया, रेपो रेट बढ़ने से रियल्टी स्टॉक्स में गिरावट**

मुंबईनई दिल्ली, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। शेयर बाजार में हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन, यानी बुधवार (7 दिसंबर) को गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 215 अंकों की गिरावट के साथ 62410 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 82 अंकों की गिरावट के साथ 18560 के स्तर पर आ गया। बाजार में लगातार चौथे दिन यह गिरावट आई है। सेंसेक्स में 30 में से 22 शेयर गिरकर बंद हुए। केवल 8 शेयरों में बढ़त रही। एनएसई के सेक्टोरल इंडेक्स पर नजर डाले तो मीडिया, रियल्टी, आईटी और ऑटो इंडेक्स में सबसे ज्यादा गिरावट रही। निफ्टी मीडिया 1.45% और रियल्टी इंडेक्स 1.19% टूटा है। इसके अलावा मेटल, ऑटो और आईटी इंडेक्स में 1.80% से ज्यादा की गिरावट रही। वहीं एफएमसीजी इंडेक्स में 0.96% की तेजी देखने को मिली। पीएसयू बैंक इंडेक्स भी 0.26% चढ़ा है।

## अब कोहरे से लेट नहीं होंगी ट्रेनें! रेलवे ने बढ़ा दी गाड़ियों की स्पीड

नई दिल्ली, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। देश में सर्दियां बढ़ने के साथ-साथ घने कोहरे की समस्या भी बढ़ती जाती है. इन कोहरों के कारण सैकड़ों ट्रेनें लेट होती हैं, जिससे लाखों यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है. भारतीय रेलवे ने कोहरे के कारण ट्रेनों को देरी होने से बचाने के लिए इनकी स्पीड को बढ़ा दिया है.

रेलवे के मुताबिक ट्रेनों की स्पीड 60 किलोमीटर प्रति घंटे से बढ़ाकर 75 किलो मीटर प्रति घंटा करने का फैसला किया गया है. रेल मंत्रालय के अनुसार लोकोमोटिव यानी ट्रेनों में फॉग इक्विपमेंट का इस्तेमाल कर कोहरे और खराब मौसम में भी ट्रेन की स्पीड को 60 किमी प्रति घंटे से बढ़ाकर 75 किमी प्रति घंटा किया जा रहा है ताकि, खराब मौसम में भी ट्रेन लेट न हो और समय से स्टेशन पहुंचे, ताकि लोगों को परेशानी न हो.

# भारत मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देगा

**हाइलाइट्स**

- > भारत मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देगा
- > इसके साथ ही पौष्टिक माने जाने वाले मोटे अनाजों के सेवन को बढ़ावा देने के लिए अभियान भी चलाएगा
- > इसकी घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की है



नई दिल्ली, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। भारत मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देगा। इसके साथ ही पौष्टिक माने जाने वाले मोटे अनाजों के सेवन को बढ़ावा देने के लिए अभियान भी चलाएगा। इसकी घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की है। उन्होंने यह बात इटली की राजधानी रोम में आयोजित 'अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष-2023' के उद्घाटन समारोह में भेजे गए अपने संदेश में कही है।

**भारत से गया है प्रतिनिधिमंडल**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संदेश में कहा कि भारत 'अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज (मिलेट) वर्ष 2023' के जश्न को आगे बढ़ाएगा और पौष्टिक अनाज की खेती एवं सेवन को बढ़ावा देने के लिए अभियान चलाएगा। 'अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष-2023' के उद्घाटन समारोह में केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे गईं हैं। उनकी अगुवाई में भारत का एक प्रतिनिधिमंडल भी इस समारोह में मौजूद था।

करंदलाजे ने उद्घाटन समारोह के लिए भेजे गए प्रधानमंत्री मोदी के संदेश को सुनाया। बयान के मुताबिक, मोदी ने कहा कि भारत 'अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष 2023' के जश्न को दुनिया भर में ले जाएगा और पौष्टिक अनाजों की खेती एवं उनके सेवन को बढ़ावा देने के लिए अभियान चलाएगा।

**संयुक्त राष्ट्र की सराहना**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष घोषित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र की सराहना की। उन्होंने मोटे अनाज को प्रोत्साहन देने के लिए मोटा अनाज वर्ष के आयोजन का भारत का प्रस्ताव स्वीकार करने के लिए विश्व समुदाय को धन्यवाद भी दिया। मोदी ने अपने संदेश में कहा, मोटे अनाज को उपभोक्ता, उत्पादक एवं जलवायु के लिए अच्छा माना जाता है। ये पौष्टिक होने के साथ कम पानी वाली सिंचाई से भी उगाए जा सकते हैं।

**देशों को मिल कर काम करने की जरूरत**

इस अवसर पर करंदलाजे ने अपने भाषण में कहा कि एक टिकाऊ भविष्य बनाने के लिए देशों को मिलकर काम करने की जरूरत है। इसमें मोटे अनाज की भूमिका अहम होगी। उन्होंने कहा कि मोटा अनाज वर्ष का आयोजन भारत को खाद्य एवं पौष्टिक सुरक्षा की तरफ ले जाएगा।

## आपका राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ): आपने अपने लिए बहुत ऊँचे मानक तय किये हैं और आप इन्हें हासिल करने के लिए बहुत प्रयास कर रहे हैं। फिर भी लक्ष्य तक पहुंचना मुश्किल होगा और इससे आपको थोडी निराशा होगी। आपको लक्ष्य तय करने से पहले अपनी क्षमताएं ध्यान में रखनी होंगी। समय कोई बड़ा फैसला लेने के लिए उपयुक्त नही है।

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आज का दिन परिवार के साथ बिताने के लिए विशेष रूप से अच्छा है।अपने माता पिता बहन भाइयो या फिर जीवनसाथी के साथ शांति से कुछ वक़्त बिताएं।अपने बच्चों के साथ किसी मनोरंजक क्रियाकलाप में भाग लें।अगर काम का दबाव अधिक भी है तो भी आज उसे एक तरफ रख दें और एक साथ होने का आनंद लें।

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): एकरसता आपको अच्छी न लगती।इससे आप बोर अनुभव करते हैं।आज आप काफी खुश और फ्लर्ट वाले मूड में होंगे।अपनी दिनचर्या बदलें। इसमें फिटनेस को जगह दें। किसी मनोरंजक गतिविधि में शामिल हो सकते हैं। आपके नए विचार से वरिष्ठ अधिकारी प्रभावित होंगें। ऑफिस में नयी पहचान बनेगी।

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): आज का दिन संकेत दे रहा है कि आज आप खूब आनंद उठाएंगे,लेकिन बेहतर यही होगा कि सुबह कुछ समय निकालकर अपने कल के शेष कार्यों को पूरा कर लें। अपने कार्यकर्म की योजना अपने परिजनों के कार्यक्रम के अनुसार ही बनाएं ताकि बाद में कोई ग़लतफ़हमी या समस्या ना आये।

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): आज पैसे को संभलकर खर्च करें।सितारों के अनुसार आज आप बिना किसी बात के काफी खर्च कर सकते हैं।अगर आप ध्यान नही देंगे तो काफी बड़ी रकम आज आपसे खर्च हो सकती है।आज विवादो और टकराव से बचना ही बेहतर होगा।स्वास्थ्य सम्बन्धी कोई परेशानी नही होगी और आप बाहर घुमने का आनंद ले सकते हैं।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): अब आपका हर काम और पूरा ध्यान अपने करियर के लिए है। आप इस पर बिलकुल अपना पूरा ध्यान और समय लगा रहे हैं। आपको थोड़ी सी राहत की जरुरत है और अच्छी बात यह है कि आप तब भी अपना लक्ष्य हासिल कर पायेंगे। अपने काम के जाल से बाहर निकलकर परिवार को भी समय दें।

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): आज आपसे अत्यधिक काम की अपेक्षा की जायेगी ,आप कुछ भी किस्मत के भरोसे या कोई छोटा सा भी काम किसी और के भरोसे नही छोड़ सकते। हालाँकि दिन के अंत में कोई बहुत अच्छी खबर मिलेगी जो आपके प्रयासों की सफलता से सम्बंधित होगी। कुल मिलाकर दिन उत्तम है।

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू): आप प्रेरणा से भरे हैं और काफी अच्छी स्थिति में भी हैं।आपका दिमाग सक्रिय है और इसमें नए नए विहार और नीतियां आती रहती हैं। आज का दिन आपके लिए सफलता से भरा रहेगा। हालाँकि अगर आपने अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नही दिया तो यह सब उल्टा -पुल्टा भी हो सकता है।

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): आपके आसपास आपका ध्यान और समय बांटने वाली बहुत सी गतिविधियाँ चल रही है।छोटी-मोटी बातों पर समय व्यर्थ ना करें।एकाग्र रहें,तभी आपको मुक्त ऊर्जा का प्रवाह अनुभव हो पायेगा।अगर आपको यह मिल गया तो आपकी जिन्दगी बन जायेगी। घबराएं नहीं,ध्यान से समझकर समय रहते अवसर का लाभ उठायें

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): आज स्वयं को भौतिक चीजों के मोह में फंसा अनुभव करेंगे लेकिन किसी भी वस्तु को इतना कसकर न पकड़ें।बहाव के साथ बहना ही उपयुक्त है,सहज बने रहें।जब तक आपको जवाब नही मिल जाते अपना नजरिया दृढ ही रखें।दुसरे स्थान पर शिफ्ट होने के बारे में भी सोच सकते हैं।

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): आपको आज बहुत सारी गलत जानकारी प्राप्त होंगी। इसीलिए औरों की सुनने और मानने की बजाय अपने आप सोच समझकर फैसले लेना अधिक उपयुक्त रहेगा। अपने तरीके और अपने नजरिये के आधार पर देखेंगे तो बिलकुल ठीक फैसला ले पायेंगे।आपकी बहु प्रतीक्षित छुट्टी जल्द ही मिलने वाली है।

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): आज दुविधा और उलझन की स्थिति बनी रहेगी।लेकिन यह बस उपरी आवरण है ,जैसे ही स्थिति साफ़ होगी ,आप वास्तविकता को देख पाएंगे। शुरुआत में सब कुछ उलझा हुआ सा लगेगा ,लेकिन समय के साथ साथ सब ठीक होगा,अपना समय लें और चलते रहें। आपको सफलता मिलेगी।

**पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654,8309517693**

# नीलाम होगी अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कैपिटल

**हाइलाइट्स**

- > अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कैपिटल की होगी नीलामी
- > इस महीने के अंत में कई चरणों में हो सकती है बिडिंग
- > हिंदूजा ग्रुप, टॉरेंट इनवेस्टमेंट्स और ओकट्री कैपिटल होड़ में



नई दिल्ली, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। भारी कर्ज में डूबे उद्योगपति अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस कैपिटल नीलाम होने जा रही है। इसी महीने कंपनी की ई-नीलामी करने की तैयारी है। यह कंपनी इनसॉल्वेंसी प्रोसेस से गुजर रही है। सूत्रों के मुताबिक रिलायंस कैपिटल को खरीदने के लिए कई कंपनियों ने प्रस्ताव दिए हैं। अब कई दौर की बिडिंग होगी और सबसे ज्यादा बोली लगाने वाली कंपनी की झोली में रिलायंस कैपिटल गिरेगी। पीरामल एंटरप्राइजेज-कॉस्मी फाइनेंशियल होल्डिंग्स ने सबसे ज्यादा 5,231 करोड़ रुपये की पेशकश की है और यह ई-नीलामी के लिए बेस प्राइस होगी। पीरामल एंटरप्राइजेज-कॉस्मी फाइनेंशियल होल्डिंग्स के अलावा हिंदूजा ग्रुप, टॉरेंट इनवेस्टमेंट्स और ओकट्री कैपिटल ने भी रिलायंस कैपिटल और इसकी सयहोगी कंपनियों को खरीदने के लिए बोली लगाई है।

सूत्रों के मुताबिक बिडिंग की प्रक्रिया 19 दिसंबर से 22 दिसंबर तक होगी। पहले राउंड में बिडर्स को बेस प्राइस से कम से कम 1000 करोड़ रुपये अधिक की बोली लगानी होगी। दूसरे राउंड में बिडर्स को पहली राउंड की सबसे बड़ी बोली से कम से कम 750 करोड़ रुपये अधिक की बोली लगानी होगी। इसी तरह तीसरे राउंड में बिडर्स को दूसरे राउंड की सबसे बड़ी बोली से कम से कम 500 करोड़ रुपये ज्यादा की बोली लगानी होगी। रिलायंस कैपिटल के लेंडर्स ने मंगलवार को दो विकल्पों पर चर्चा की। इनमें क्लोज बिड इनवाइट करना या रिजॉल्यूशन पेश करने वाली कंपनियों के बीच ई-ऑक्शन आयोजित करना शामिल था। लेकिन बैंकों ने दूसरे विकल्प को चुनने का फैसला किया।

रिलायंस कैपिटल और उसकी कंपनियों के लिए सबसे बड़ा ऑफर उनकी लिक्विडेशन वैल्यू से 60 फीसदी कम है। इससे लेंडर्स निराश हैं। पीरामल-कॉस्मी ने अपने 5,231 करोड़ रुपये के ऑफर में पीरामल ने रिलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी के लिए 3,750 करोड़ रुपये ऑफर किए हैं। बाकी कंपनियों के लिए कॉस्मी ने 1,481 करोड़ रुपये की बोली लगाई है। दोनों कंपनियों ने 4,250 करोड़ रुपये का अपफ्रंट पेमेंट शामिल है। कॉस्मी फाइनेंशियल होल्डिंग्स के फाउंडर-प्रमोटर सैम घोष करीब नौ साल तक रिलायंस कैपिटल के प्रमुख रहे।

हिंदूजा ग्रुप ने रिलायंस और उसकी कंपनियों के लिए 5,060 करोड़ रुपये की पेशकश की है। इसमें 4,100 करोड़ रुपये का अपफ्रंट पेमेंट शामिल है। टॉरेंट इनवेस्टमेंट्स ने 4,500 करोड़ रुपये, ओकट्री ने 4,200 करोड़ रुपये ऑफर किए हैं। रिलायंस कैपिटल में करीब 20 फाइनेंशियल सर्विसेज कंपनियां हैं। इनमें सिक्योरिटीज ब्रोकिंग, इंश्योरेंस और एक एआरसी शामिल है। आरबीआई ने भारी कर्ज में डूबी रिलायंस कैपिटल के बोर्ड को 30 नवंबर 2021 को भंग कर दिया था और इसके खिलाफ इनसॉल्वेंसी प्रॉसीडिंग शुरू की थी। सेंट्रल बैंक ने नागेश्वर राव को कंपनी का एडमिनिस्ट्रेटर बनाया था।

## किसान सम्मान निधि के लाभ से 1.86 करोड़ किसान बाहर

नई दिल्ली, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में किसानों के खाते में हर साल 6 हजार रुपए की आर्थिक मदद दी जाती है। लेकिन, सरकार ने 12वीं किस्त जारी करने से पहले किसानों के डेटा को 'क्लीन' करने के लिए जैसे ही आधार लिंक करने वाला चौथा डिजिटल फिल्टर आजमाया तो लाभार्थी किसानों की संख्या पिछले 6 महीनों में 1.86 करोड़ कम हो गई। 11वीं किस्त में इस योजना का लाभ 10.45 करोड़ से अधिक किसानों को मिला, जो 12वीं किस्त में घटकर 8.58 करोड़ रह गए।

यूपी में इस चौथे फिल्टर के चलते 58 लाख किसान कम हो गए, जबकि पंजाब में यह संख्या 17 लाख से घटकर 2 लाख रह गई। 5 राज्य ऐसे हैं, जहां यह संख्या 10-15 लाख घटी है, जबकि इतने ही राज्यों में लाभार्थी बढ़े हैं। दरअसल, कृषि मंत्रालय ने किसानों के डेटा को पारदर्शी बनाने के लिए तीन फिल्टर पहले से लगाए थे। फिर आधार लिंक्ड पेमेंट के रूप में चौथा फिल्टर लगाया तो लाभार्थियों की संख्या घटते गई।

योजना में पारदर्शिता और अपात्रों की पहचान करने के लिए किसानों का ई-केवाईसी लागू कर दिया है और आधार पेमेंट ब्रिज के जरिए भुगतान किया जा रहा है। किसानों की संख्या कम होते देख केंद्र ने राज्यों के साथ मिलकर गांव-गांव में टीम भेजने को कहा है, ताकि असली हकदार स्कीम से बाहर न हों।

# भारत ने नीरव के प्रत्यर्पण की अपील पर

## ब्रिटेन की अदालत में सौंपा जवाब

लंदन, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। भारतीय प्राधिकारियों ने ब्रिटिश उच्चतम न्यायालय में भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी के प्रत्यर्पण आदेश के खिलाफ अपील की अनुमति देने का अनुरोध करने वाली उसकी याचिका पर जवाब दिया है। ब्रिटिश अदालतों में भारत सरकर की ओर से पेश होने वाली 'क्राउन प्रोसिक्यूशन सर्विस' (सीपीएस) के पास पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के दो अरब डॉलर के घोटाले मामले में आरोपों का सामना करने के लिए भारत प्रत्यर्पित किए जाने के खिलाफ 51 वर्षीय मोदी की याचिका पर लंदन में उच्च न्यायालय के समक्ष जवाब दाखिल करने के लिए सोमवार तक का वक्त था।

नीरव मोदी के वकीलों ने पिछले महीने यह अपील दायर की थी जब वह मानसिक स्वास्थ्य के आधार पर उच्च न्यायालय में शुरुआती अपील हार गया था। दो न्यायाधीशों की पीठ ने कहा था कि उसके



आत्महत्या करने का खतरा इतना भी नहीं है कि उसे लंदन में वैंड्सवर्थ प्रीजन से मुंबई में आर्थर रोड जेल प्रत्यर्पित करना अन्यायपूर्ण या दमनकारी होगा। सीपीएस ने पुष्टि की, ''हमने पांच दिसंबर की समयसीमा पूरी कर ली है।''

**उच्च न्यायालय करेगा आगे का फैसला**

अब लंदन में उच्च न्यायालय यह फैसला करेगा कि उसे अपील करने की अनुमति दी जाए या नहीं। इस प्रक्रिया में कुछ हफ्ते लग सकते हैं और इसके इस साल पूरा होने की संभावना नहीं है। ब्रिटेन के गृह कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि अभी यह पता नहीं है कि प्रत्यर्पण कब हो सकता है क्योंकि मोदी के पास अब भी कई कानूनी विकल्प बाकी हैं।

अगर उच्चतम न्यायालय में अपील पर सुनवाई की उसकी कोशिश नाकाम होती है तो सैद्धांतिक रूप से मोदी इस आधार पर अपने प्रत्यर्पण पर रोक लगाने के लिए 'यूरोपियन कोर्ट ऑफ ह्यूमैन राइट्स' (ईसीएचआर) में आवेदन कर सकता है कि उसके मुकदमे की निष्पक्ष सुनवाई नहीं हुई और उसे ऐसी शर्तों के तहत हिरासत में लिया जाएगा जो मानवाधिकार पर यूरोपीय संधि के अनुच्छेद तीन का उल्लंघन है। ब्रिटेन की तत्कालीन गृह मंत्री प्रीति पटेल ने अप्रैल 2021 में एक अदालत के फैसले के आधार पर मोदी के प्रत्यर्पण का आदेश दिया था और अब यह मामला अपीलों की प्रक्रिया से गुजर रहा है।

# तालिबान ने पाक फौजी का सिर काटा

## कत्ल के बाद सैनिक का शव पेड़ पर लटकाया, लोगों से कहा- जनाजे में शामिल न हों




पेशावर, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान सरकार और टीटीपी (तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान) के बीच सीजफायर खत्म होने का असर नजर आने लगा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, टीटीपी ने अफगानिस्तान की बॉर्डर से सटे खैबर पख्तूख्वा में एक पाकिस्तानी सैनिक का कत्ल किया। इसके बाद उसका शव पेड़ पर लटका दिया। डेड बॉडी के साथ एक धमकी भरी चिट्ठी भी लगाई। इसमें स्थानीय लोगों से कहा गया था कि कोई भी मरने वाले के जनाजे में शिरकत न करे, वरना अंजाम बुरा होगा।

**फौज और सरकार ने चुप्पी साधी**

मारे गए पाकिस्तानी फौजी का नाम रहमान जमान बताया गया है। अफगानिस्तान के जर्नलिस्ट सुहैब जुबेरी ने सोशल मीडिया पर तालिबान क्रूरता की जानकारी दी है। कुछ और लोगों ने भी इस बारे में सोशल मीडिया पर ही जानकारी दी है। हैरानी की बात यह है कि पाकिस्तान फौज या सरकार की तरफ से इस बारे में अब तक कोई बयान जारी नहीं किया गया है। सुहैब के मुताबिक- फौजी रहमान का सिर काटने की घटना बन्नू जिले के जानी खेल इलाके में हुई। बाद में उसका सिर बाजार में एक पेड़ से लटका दिया गया। शव के साथ स्थानीय पश्तो भाषा में लिखी एक चिट्ठी भी थी। इसमें लिखा था कि कोई भी व्यक्ति मारे गए सैनिक के जनाजे में शिरकत न करे। वरना इसका अंजाम बुरा होगा।

**मलाला के पिता ने कहा- एक परिवार को भी मार डाला**

नोबेल पीस प्राइज विनर पाकिस्तान की एक्टिविस्ट मलाला यूसुफजई के पिता जियाउद्दीन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इसी इलाके की एक और घटना के बारे में जानकारी दी है। जियाउद्दीन के मुताबिक- सोमवार देर रात बन्नू जिले के जानी खेल एरिया के एक घर में टीटीपी के आतंकी घुसे। यहां उन्होंने रहमानउल्लाह और उनके बेटे शाहिद की गोली मारकर हत्या कर दी। रहमानउल्लाह का शव भी पेड़ से लटका दिया गया। इस परिवार में सिर्फ एक 10 साल की बच्ची ही बची है। जियाउद्दीन ने उसका फोटो भी शेयर किया है।

### इमरान और शाहबाज दोनों फेल



खैबर पख्तूनख्वा में 9 साल से इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (टीटीपी) की सरकार है। इस राज्य में लॉ एंड ऑर्डर के हालात इस कदर खराब हैं कि तालिबान पाकिस्तान यानी टीटीपी यहां कारोबारियों से हफ्ता वसूली करता है। सरकार में तालिबान के मुखबिर मौजूद हैं। ये फौज या पुलिस के किसी भी ऑपरेशन की जानकारी पहले ही टीटीपी को दे देते हैं। पाकिस्तान की शाहबाज शरीफ सरकार ने पिछले हफ्ते विदेश राज्यमंत्री हिना रब्बानी खार को अफगानिस्तान दौरे पर भेजा था। खार ने तालिबान हुकूमत से अपील में कहा था कि वो टीटीपी को पाकिस्तान में हमले करने से रोकें। हिना के पाकिस्तान लौटने के चंद घंटे बाद ही काबुल में पाकिस्तान की ऐंबैसी पर हमला हो गया था। इसके बाद पाकिस्तान में सवाल उठ रहे हैं कि सरकार और फौज दोनों टीटीपी को रोकने में नाकाम हो चुके हैं।

**क्या है टीटीपी की सच्चाई**

साल 2002 में अमेरिकी सेना ने 9/11 आतंकी हमले का बदला लेने अफगानिस्तान में धावा बोलती है। अफगानिस्तान में अमेरिकी कार्रवाई के डर से कई आतंकी पाकिस्तान के कबाइली इलाके में छिप जाते हैं। इसी दौरान पाकिस्तान की सेना इस्लामाबाद की लाल मस्जिद को एक कट्टरपंथी प्रचारक और आतंकियों के कब्जे से मुक्त कराती है। हालांकि कट्टरपंथी प्रचारक को कभी पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई का करीबी माना जाता था, लेकिन इस घटना के बाद स्वात घाटी में पाकिस्तानी आर्मी की खिलाफत होने लगी। इससे कबाइली इलाकों में कई विद्रोही गुट पनपने लगे। ऐसे में दिसंबर 2007 को बेतुल्लाह मेहसूद की अगुवाई में 13 गुटों ने एक तहरीक यानी अभियान में शामिल होने का फैसला किया, लिहाजा संगठन का नाम तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान रखा गया। शॉर्ट में इसे टीटीपी या फिर पाकिस्तानी तालिबान भी कहा जाता है। आतंकवाद की फैक्ट्री कहे जाने वाले पाकिस्तान में अब तक जितने भी आतंकी संगठन अस्तित्व में आए हैं, उनमें तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान सबसे खतरनाक माना जाता है। खास बात यह है कि इस संगठन के पाकिस्तान फौज में हजारों समर्थक हैं और यही पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ा खतरा है। कहा तो यहां तक जाता है कि अमेरिका ने पाकिस्तान को सीधे शब्दों में बता दिया है कि फौज में टीटीपी समर्थक होने के मायने ये हैं कि इन आतंकियों के जद में पाकिस्तान के एटमी हथियार भी आ सकते हैं।

# रूस पर यूक्रेन का हमला

## अमेरिका पर उकसाने का आरोप, बाइडन के मंत्री बोले- इसमें हमारा कोई हाथ नहीं

वाशिंगटन, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। यूक्रेन ने लगातार दूसरे दिन रूस में घुसकर उसके एक और वायुसेना अड्डे को तबाह कर दिया। ड्रोन हमले में वायुसेना अड्डे से आग की लपटें उठने की तस्वीरें भी सामने आई हैं। लगातार अपने ऊपर हमले से नाराज रूस ने इसके लिए अमेरिका को जिम्मेदार ठहरा दिया है। रूस का कहना है कि अमेरिका यूक्रेन को सैन्य मदद भेज रहा है। वहीं रूस के आरोप लगाने के बाद अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने सफाई दी है। ब्लिंकन ने कहा कि हमारे ऊपर लग रहे आरोप बिल्कुल निराधार हैं। हमने यूक्रेन को हमले के लिए नहीं उसकाया है।

**अमेरिका ने हमले की निंदा नहीं की इसलिए बढ़ा शक**

दरअसल, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ड्रोन हमलों के



मद्देनजर अपनी सुरक्षा परिषद बुलाई थी। इस बैठक में देश की सुरक्षा में सेंध लगाने को लेकर चर्चा हुई। इस बैठक में सैन्य अधिकारियों ने अमेरिका को इस हमले के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया क्योंकि अमेरिका ने अब तक इस हमले की निंदा नहीं की। इतना ही नहीं इस बार यूक्रेन भी हमले को सीधे तौर पर स्वीकार करने से बच रहा है।

**रूस के कड़े तेवर और अमेरिका ने यूक्रेन को रोकी एटीएसीएमएस मिसाइलों की आपूर्ति**

यूक्रेन द्वारा रूस पर हमले के बाद अमेरिका ने लंबी दूरी की एटीएसीएमएस मिसाइलों को यूक्रेन को देने से इंकार कर दिया। अमेरिका को डर है कि इससे रूसी सेना, अमेरिका और नाटो की सेनाओं के बीच सीधा टकराव हो सकता है। लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि यूक्रेन सोमवार को कुर्स्क, रियाजान और सेराटोव में ठिकानों को निशाना बनाने के लिए पुराने लंबी दूरी के सोवियत युग के टोही ड्रोन से हमला किया था।

# कोरिया के सैन्य अभ्यास से किम जोंग को आया गुस्सा, जारी किया ये फरमान

सियोल, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया के शासक किम जोंग उन दक्षिण कोरिया के सैन्य अभ्यास से इतने खफा हो गए कि उन्होंने गोले दागने का फरमान जारी कर दिया। उत्तर कोरिया की सेना को समुद्र में गोले दागने का फरमान मिला है। उत्तर कोरिया की सेना ने कहा कि उसने अंतर्देशीय सीमा क्षेत्र में दक्षिण कोरियाई गोलीबारी के अभ्यास के जवाब में लगातार दूसरे दिन समुद्र में तोपों से फिर गोले दागने का आदेश दिया है।उत्तर कोरिया के इस कदम से दोनों पड़ोसियों के सबंध और तनावपूर्ण होने की आशंका है।

**दक्षिण कोरिया को वॉर्निंग देने के लिए गोले दागे गए-उत्तर कोरिया**

उत्तर कोरिया के एक सैन्य प्रवक्ता ने बताया कि उत्तर कोरिया को सीमा क्षेत्र में



दक्षिण कोरियाई तोपों के अभ्यास के संकेत मिले हैं और इसलिए तोपों से गोलाबारी की योजना दक्षिण कोरिया के लिए एक चेतावनी है। तटीय शहर चीयोवान के नजदीक दक्षिण कोरिया सोमवार से बुधवार तक सैन्य अभ्यास कर रहा है, जिसके जवाब में उत्तर कोरिया की ओर से यह कार्रवाई की गई। उत्तर कोरिया की सेना ने सोमवार को कहा कि उसने अपनी पश्चिमी व पूर्वी तटीय इकाइयों को चेतावनी के तौर पर तोपों से गोले दागने का निर्देश दिया है, क्योंकि चीयोवान क्षेत्र से दक्षिण-पूर्व में दक्षिण कोरिया के दर्जनों प्रक्षेप्य (प्रोजेक्टाइल) दिखने की बात सामने आई है।

**दक्षिण कोरिया ने कहा-समझौते का पालन करे उत्तर कोरिया**

इससे पहले दक्षिण कोरिया के चीफ ऑफ स्टाफ ने कहा कि तनाव को घटाने के लिए वर्ष 2018 में हुए अंतर कोरिया संधि के तहत उत्तरी हिस्से में बने बफर जोन में गोले दागे गए। दक्षिण कोरिया की सेना ने कहा कि गोले दागने के बाद उत्तरी कोरिया को मौखिक चेतावनी दी गई कि वह समझौते का अनुपालन करे। ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ की ओर से जारी बयान के मुताबिक दक्षिण कोरिया और अमेरिका की सेनएएं उत्तर कोरिया की सैन्य गतिविधियों पर करीब से नजर रखने के साथ-साथ किसी 'संभावित आपात स्थिति' का जवाब देने के लिए भी अपनी भी मजबूत कर रही हैं।

प्योंगयोग की यह कार्रवाई अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान की ओर से सांकेतिक रूप से उत्तर कोरिया के लोगों और संस्थानों पर प्रतिबंध लागने की घोषणा के बाद हुई है। तीनों देशों ने प्रतिबंधित लोगों और संस्थानों पर उत्तर कोरिया की परमाणु हथियार और मिसाइल कार्यक्रम की गैरकानूनी वित्तीय मदद का आरोप लगाया है। उत्तर कोरिया ने तीन नवंबर को पूर्वी तटीय सीमा के अपने हिस्से के बफर जोन में करीब 80 गोले दागने के बाद पहली बार यह कार्रवाई की है।

# अवैध कब्जे बने मुश्किल

## मुंबई की संपत्ति की कीमत मध्यप्रदेश ने 1000 करोड़ लगाई, बाजार मूल्य 5 हजार करोड़ से ज्यादा

भोपाल, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। मप्र सरकार की प्रदेश से बाहर करीब एक लाख करोड़ रुपए की संपत्ति है। लेकिन, अवैध कब्जों के कारण इन्हें बेचना सिरदर्द बन गया है। राज्य की सबसे ज्यादा संपत्ति मुंबई में है जो बाजार मूल्य के हिसाब से 50 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की है। हालांकि सरकार ने इनमें से चुनिंदा गैरविवादित संपत्तियों की कीमत 1 हजार करोड़ रुपए लगाई है। इनके लिए बोली में 5 हजार करोड़ रुपए मिल सकते हैं। राज्य सरकार की मुंबई में सबसे ज्यादा 365 एकड़ जमीन मुंबई में ठाणे में है। इसमें से 90 एकड़ जमीन एयरफोर्स ने अधिगृहित कर ली है। कोलाबा काचवे में 4256 स्क्वायर यार्ड, 10-12 मांगलिक रोड पर 590.69 स्क्वायर यार्ड में दो बिल्डिंग हैं। इसके अलावा माधार पागड़ी रोड 12274 स्क्वायर यार्ड, प्रापर्टी एंड चौपाटी 5666 स्क्वायर यार्ड और एडवर्ड विला प्रमुख

**मप्र, छत्तीसगढ़ और सिंधिया घराने के वारिसों की सहमति के बाद ही बेची जा सकती है संपत्ति**

1 लाख करोड़ रुपए की संपत्ति है प्रदेश से बाहर
50 हजार हजार करोड़ रुपए की संपत्ति सिर्फ मुंबई में
550 एकड़ जमीन है केरल के वायनाड जिले में
केरल में हजारों करोड़ की जमीन पर कॉफी की खेती की जा रही



सरकार ने बेचने के लिए 466 संपत्तियों में से महाराष्ट्र, केरल, दिल्ली और उप्र में जमीनों को शामिल किया है। केरल के वायनाड में मप्र की हजारों करोड़ रु. की 550 एकड़ जमीन है। यहां कॉफी की खेती हो रही है। इसके मालिकाना हक को लेकर केरल और मप्र के बीच विवाद था, लेकिन बातचीत के बाद सुलझा लिया गया है। मप्र की ओर से 1950 से इस जमीन को लीज पर दिया जाता रहा था, जिस पर लीज धारक ने कब्जा जमा लिया। सुप्रीम कोर्ट ने 1977 में मप्र के हक में फैसला दिया। नागपुर और झांसी में मप्र सड़क परिवहन निगम की जमीनें हैं। नागपुर में 3 एकड़ की कीमत 150 करोड़ रुपए लगाई गई है, जबकि झांसी की जमीन पर कब्जा है।

संपत्तियों में है। सरकार अभी मुंबई की जिन जमीनों को बेच रही है, उनमें प्रिंसेस बिल्डिंग 2294.66 वर्ग मीटर और टेंक बंदर रोड 10460 वर्गमीटर शामिल हैं। टेंक बंदर रोड की जमीन बेचे जाने के लिए टेंडर में कीमत 86 करोड़ रुपए लगाई गई थी, लेकिन इसकी नीलामी नहीं हो सकी और सरकार ने अर्नेस्ट मनी जब्त कर ली है।

**संपत्ति बेचने के लिए बनाई गई है प्रोविडेंट इनवेस्टमेंट कंपनी**

प्रदेश से बाहर की इन संपत्तियों को बेचे जाने के लिए प्रोविडेंट इनवेस्टमेंट कंपनी बनाई गई है जो अभी वित्त विभाग के अधीन है। दरअसल, यह कंपनी 1926 में स्वर्गीय सर जेएम सिंधिया के द्वारा स्थापित की गई थी। इस कंपनी का उद्देश्य मुंबई में पैसा निवेश कर लाभ कमाकर ग्वालियर राज्य के निकायों में विकास कार्य करना था। मप्र का गठन होने के बाद इस कंपनी में 73 प्रतिशत शेयर मप्र, 26 प्रतिशत छत्तीसगढ़ और 1 प्रतिशत शेयर सिंधिया राजघराने के वारिसों के पास हैं। इन तीनों की सहमति के बाद ही संपत्तियों को बेचा जा सकता है। फिलहाल इस कंपनी में नए मैनेजर की नियुक्ति को लेकर भी खींचतान मची हुई है।

# डिक्री खारिज कराने हाईकोर्ट पहुंचे दंपती:तलाक हुआ

**दोनों ने दोबारा शादी के लिए विज्ञापन भी दिए, लेकिन नहीं जंचा कोई; अब 2 साल बाद फिर साथ**

भोपाल, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। अभी तक तलाक लेने के बाद दोबारा शादी करने के कई मामले सामने आए हैं। लेकिन, अब एक ऐसा मामला मामला सामने आया है जिसमें दंपती ने तलाक के दो साल बाद साथ रहने की इच्छा जताते हुए तलाक की डिक्री खत्म करने का आवेदन हाईकोर्ट में दिया है। पति-पत्नी की सहमति और बच्चों के भविष्य को देखते हुए कोर्ट ने भी डिक्री खत्म करने के आदेश दे दिए हैं। भोपाल वेलफेयर सोसायटी के फाउंडर मेंबर जकी अहमद ने बताया कि यह इस तरह का प्रदेश का पहला मामला है। साथ रहने की पहल पत्नी ने की, जिसे पति ने भी स्वीकार कर लिया।

**2019 में फैमिली कोर्ट से मिली थी तलाक को मंजूरी**

जकी ने बताया कि इस दंपती की शादी



2009 में हुई थी। शादी के एक साल बाद बेटा और दो साल बाद बेटी का जन्म हुआ। 2015 में दोनों के बीच अलगाव शुरू हो गया। दोनों ने आपसी सहमति से बच्चों को दादा -दादी के पास ग्वालियर भेज दिया था और 2018 में तलाक के लिए आवेदन दिया। नवंबर 2019 में फैमिली कोर्ट से तलाक मिल गया। इसके बाद पति 25 हजार रुपए पत्नी को भरण पोषण भी देने लगा।

**दोनों एक-दूसरे से मिलने लगे, महिला ने माफी मांगी**

तलाक के बाद दोनों ने नए सिरे से जिंदगी शुरू करने के लिए शादी का विज्ञापन भी दिया। इसके बाद कई लोगों से मुलाकात की, लेकिन जीवन साथी में वे जो खूबियां ढूंढ रहे थे वह उन्हें किसी में भी नहीं मिल पाई। दोनों को बच्चों की कमी भी खलने लगी। इसके बाद दोनों ने एक दूसरे से फिर मिलना शुरू किया तो लगा कि वे एक दूसरे के लिए ही बने हैं। इसके बाद पत्नी ने ससुराल पहुंचकर बच्चों से मुलाकात की। सास- ससुर से भी अपनी गलतियों की माफी मांगी।

**एक्सपर्ट ने कहा...दोबारा शादी करो या फिर डिक्री खारिज कराओ...**

दोनों परिवार के बुजुर्गों ने भाई वेलफेयर सोसाइटी से विधिक सहायता मांगी। जकी ने बताया कि मामले में दोनों को एक्सपर्ट पैनल ने सलाह दी कि दोबारा शादी करें, लेकिन दंपती ने इनकार कर दिया। इसके बाद बताया गया कि फैमिली कोर्ट से डिक्री हुई है। जिसे हाईकोर्ट ही निरस्त कर सकता है। जिस पर उन्होंने हाईकोर्ट में आवेदन दिया। वहां दो सदस्यीय खंडपीठ ने बयानों और आपसी सहमति के बाद तलाक की डिक्री खारिज कर दी।



# जज की बेटी के 'टार्चर' से सीबीआई का इंकार

## एडवोकेट सिप्पी सिद्धू मर्डर केस में चंडीगढ़ सीबीआई कोर्ट में पेश किया जवाब

चंडीगढ़, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। चंडीगढ में एडवोकेट सुखमनप्रीत सिंह उर्फ सिप्पी सिद्धू मर्डर केस में आरोपी कल्याणी सिंह (36) के उन आरोपों को सीबीआई ने झूठा बताया है, जिसमें उसने टार्चर के आरोप लगाए थे। इसको लेकर सीबीआई ने चंडीगढ़ सीबीआई कोर्ट में अपना जवाब पेश किया है। हाईकोर्ट की सिटिंग जज की बेटी कल्याणी को सीबीआई ने 15 जून से 21 जून तक रिमांड पर लिया था। कल्याणी ने आरोप लगाया था कि उसे रिमांड के दौरान कभी डीएसपी, इंस्पेक्टर और अन्यों के कमरे में ले जाया जाता था। उसके साथ मौखिक और शारीरिक टार्चर किया गया। उस पर अपराध को कबूल करने का दबाव बनाया गया। वहीं इसके जवाब में सीबीआई ने कहा कि कल्याणी के रिमांड के दौरान उसका नियमित रूप से मेडिकल करवाया जाता था। मेडिकल में उसे कोई भी चोट या उस पर बल प्रयोग करने की बात सामने नहीं आई थी। वहीं उसके पारिवारिक सदस्य तथा वकील भी उससे मिलने आते थे। उसने तब कभी टार्चर किए जाने के आरोप नहीं लगाए।

**ट्रायल लंबा खींचने की कोशिश**

सीबीआई ने कहा कि जब कल्याणी को कोर्ट में पेश किया गया तब भी उसने ऐसे कोई आरोप नहीं लगाए थे। सीबीआई ने कहा कि कल्याणी की यह अर्जी सिर्फ ट्रायल को लंबा खींचने का एक माध्यम है। केस डायरी में जांच से जुड़ी सारी जानकारी मौजूद है इसे कोर्ट को समय-समय पर दिखाया जाता रहा है। ऐसे में दायर अर्जी कोर्ट का ध्यान भटकाने के लिए दायर की गई है।

**सीसीटीवी फुटेज नहीं उपलब्ध**

सीबीआई ने कल्याणी की अर्जी का जवाब देते हुए कहा है कि रिमांड के दौरान उससे हुई पूछताछ की सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध नहीं है। इसके पीछे कहा कि उस समय की वीडियो पर दूसरी वीडियो आ गई थी। बता दें कि कल्याणी ने मांग की थी कि सीबीआई को आदेश दिए जाए कि उसके रिमांड के दौरान हुई पूछताछ की वीडियोग्राफी व ऑडियाग्राफी को संरक्षित करने के आदेश दिए जाए।

**एडवोकेट की मां और भाई ने जताया विरोध**

वहीं मामले में सिप्पी सिद्धू के भाई और मां दीपइंद्र कौर तथा सीबीआई ने कल्याणी की उस अर्जी का भी विरोध किया जिसमें सप्लीमेंट्री फाइनल रिपोर्ट को सीबीआई द्वारा पेश की गई अनट्रेस रिपोर्ट के साथ 'मर्ज्ड' करने की मांग की गई थी। केस में शिकायतकर्ता ने कहा कि सीबीआई द्वारा केस में पहले दायर की गई अनट्रेस रिपोर्ट में विरोध याचिका में अभी फैसला नहीं हुआ है। वहीं केस में दायर अंतिम रिपोर्ट और सीआरपीसी 173(8) के तहत दायर रिपोर्ट दोनों अलग हैं। ऐसे में इसे मर्ज्ड नहीं किया जा सकता।

**4 गोलियां मार की थी हत्या**

बता दें कि मोहाली निवासी वकील सिप्पी सिद्धू की लाश 20 सितंबर, 2015 को चंडीगढ़ सेक्टर 27 के एक पार्क में मिली थी। उसके शरीर पर 4 गोलियां मारी गई थी। शुरुआत में चंडीगढ़ पुलिस ने केस की जांच की थी। ढीली जांच के दौरान पुलिस ने कई सबूतों पर गौर नहीं किया। बाद में केस अगले साल 2016 में सीबीआई को सौंप दिया गया। दिसंबर, 2020 में सीबीआई ने अनट्रेस रिपोर्ट दायर की थी। हालांकि कोर्ट ने सीबीआई को केस की जांच जारी रखने के आदेश दिए थे और फाइनल रिपोर्ट पेश करने को कहा था। जिसके बाद कल्याणी की इसी साल 15 जून को गिरफ्तारी की गई थी। सीबीआई के मुताबिक कल्याणी के साथ मौके पर एक और शूटर था।

**नफरत में बदला प्यार**

सिप्पी सिद्धू और कल्याणी के परिवार के बीच कई सालों तक पारिवारिक रिश्ता रहा था। कल्याणी और सिप्पी दोनों एक-दूसरे को पसंद भी करते थे। दोनों की शादी की बात भी चल रही थी। हालांकि सिप्पी के हाथ कल्याणी की एक युवक के साथ आपत्तिजनक तस्वीरें लग गई थी। उसने कल्याणी की यह फोटो उसकी फैमिली व दोस्तों को भेज दी थी। इससे कल्याणी के दिल में सिप्पी के लिए नफरत पैदा हो गई। सीबीआई के मुताबिक बदनामी का बदला लेने के लिए कल्याणी ने सिप्पी का मर्डर कर दिया। घटना वाले दिन वह सेक्टर 10 में एक फैमिली फंक्शन में आई थी। सीबीआई का कहना है कि वह वहां से निकली और सिप्पी का सेक्टर 27 में मर्डर कर वापस पार्टी में आ गई थी।

# 15 लाख में बेटा पैदा कराने का ठेका, भारतीयों को दुबई में पैकेज

## 5 दिन में जेंडर पहचान, बेटी की कोख से पहले हत्या

नई दिल्ली, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। विदेश में चल रहे आईवीएफ क्लिनिक इंडियन कपल्स को खास पैकेज दे रहे हैं, जिनमें 100% बेटा पैदा होने की गारंटी का दावा किया जा रहा है। दुबई के इन आईवीएफ क्लिनिक्स का नेटवर्क भारत में भी फैला है। जिसमें भारत में चल रहीं पैथोलॉजी लैब्स से लेकर स्थानीय डॉक्टर तक शामिल हैं।

एजेंट्स के जरिए कपल इन क्लिनिक्स तक पहुंचते हैं और फिर शुरू होता है गारंटी के साथ बेटा पैदा करने का प्रॉसेस। दुबई जाकर वहां रहने, खाने और इलाज कराने के इस पूरे प्रॉसेस में करीब 15 लाख रुपए तक का खर्च आता है।

स्टोरी में आगे बढ़ने से पहले बता दें कि हम पूरी तरह जेंडर सेलेक्शन के खिलाफ हैं। इसीलिए दुबई के डॉक्टरों या क्लिनिक्स के नंबर या डिटेल्स की जानकारी नहीं दे रहे हैं, ताकि इसका गलत इस्तेमाल न किया जा सके।

क्लाइंट बनकर ऐसे ही कुछ एजेंट्स और दुबई में बैठे डॉक्टर से बात की और पूरे प्रॉसेस को समझा तो हैरान करने वाली हकीकत सामने आई। पड़ताल में पता चला कि एक बार फिर से बेटियों को दुनिया में आने से रोकने का सिलसिला तेज हो रहा है। मगर, इस बार कन्या भ्रूण हत्या का पैटर्न हूबहू अल्ट्रासाउंड वाला है, लेकिन तरीका उससे कहीं ज्यादा खतरनाक।

बेटा पैदा करने की 100 फीसदी गारंटी देने वाली यह टेक्नोलॉजी क्या है, भारत में प्रतिबंध के बावजूद इंडियन कपल्स कैसे चोरी-छुपे इसका इस्तेमाल कर रहे हैं और कहां तक फैला है यह नेटवर्क।

**पीजीडी के जरिए गर्भ में पहुंचने से पहले चुन रहे बच्चे का सेक्स**

इस टेक्नोलॉजी का नाम है प्री-इम्प्लान्टेशन जेनेटिक डायग्नोसिस (पीजीडी)। ये तकनीक आई तो थी आईवीएफ के जरिए तैयार किए गए भ्रूण में अनुवांशिक बीमारियों का पता लगाने के लिए, इससे लैब में भ्रूण का जेंडर पता लगाया जा रहा है।

**अमेरिका से लेकर दुबई तक 'फैमिली बैलेंसिंग' के नाम पर धंधा**

गारंटी के साथ बेटा पैदा करने का ऑफर दे रहे इन क्लिनिक्स का इंटरनेट पर अपना जाल बिछा है, जहां इन्होंने अपने धंधे को बड़ा ही शराफत भरा नाम दे रखा है- **'फैमिली बैलेंसिंग'**। इनके एजेंट्स सोशल मीडिया और मेसेजिंग ऐप्स से लेकर दूसरे इंटरनेट प्लैटफॉर्म का इस्तेमाल कर ग्राहकों तक पहुंचते हैं।

यूएई में पीजीडी के जरिए बच्चे का जेंडर चुनने की अनुमति है। इसलिए फैमिली बैलेंसिंग के नाम पर यह धंधा वहां तेजी से फल-फूल रहा है। जेंडर चुनने की आजादी देने वाले यूएई में लैंगिक अनुपात बेहद खराब है, वहां 222 पुरुषों पर महज 100 महिलाएं हैं।

हमने ई-मेल के जरिए इन क्लिनिक्स से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन क्लिनिक्स की जगह कॉल और मैसेज आए उनके एजेंट्स के। पूरी डिटेल हासिल कर वेरिफिकेशन के बाद जब एजेंट्स को भरोसा हो गया कि हम वाकई में पीजीडी के जरिए **'सेक्स सेलेक्शन'** कर बच्चा पैदा करना चाह रहे हैं, तब उन्होंने बातचीत शुरू की।




इस दौरान इस एक एजेंट ने बताया कि 'फैमिली बैलेंसिंग' की सुविधा देने वाले क्लिनिक सिर्फ यूएई (यूनाइटेड अरब अमीरात) में ही नहीं है, बल्कि अमेरिका जैसे देशों में भी हैं। अगर किसी की पहले से बेटियां हैं, तो वह टेक्नोलॉजी के जरिए यह सुनिश्चित कर सकता है कि अगला बच्चा बेटा ही हो। इसी तरह, जिनके पहले से बेटे हैं, वह बेटी पैदा कर सकते हैं।

लेकिन, भारत जैसे देशों में बेटा पैदा करने की चाहत इतनी ज्यादा है कि लोग लाखों रुपए खर्च करके इन क्लिनिक्स की सर्विस ले रहे हैं। हमने अपने ई-मेल में बेटी की ख्वाहिश जाहिर की थी, लेकिन इस एजेंट ने छूटते ही पूछा कि आपको बेटा चाहिए न, काम हो जाएगा। इसलिए भारतीय कपल्स के लिए दुबई के क्लिनिक फेवरेट स्पॉट बन गए हैं।

**विदेशी अस्पतालों में एजेंट से लेकर डॉक्टर तक इंडियन**

दुबई के एजेंट ने ये भी बताया कि वह खुद भारत से है। उसने बताया कि 'फैमिली बैलेंसिंग' की सर्विस मुहैया कराने वाले अस्पतालों में अधिकतर स्टाफ और डॉक्टर भी इंडियन ही रखे जाते हैं। दुबई के ही एक दूसरे क्लिनिक के लिए काम करने वाली एक और एजेंट ने भी ठीक यही जानकारी दी। उसने बताया कि उसके डॉक्टर के पास इंडिया से हर महीने कम से कम 30 से 50 पेशेंट आते हैं और उन सभी की चाहत बेटा पैदा करने की होती है।

**दुबई जाने से पहले इंडिया में शुरू होता है इलाज**

इन एजेंट्स ने बताया कि दुबई आने से पहले इंडिया में ही पति और पत्नी दोनों की कुछ जांच की जाएंगी। किसी भी अच्छी लैब से जांच करने के बाद इसकी रिपोर्ट दुबई में बैठे डॉक्टर को भेजनी होगी। रिपोर्ट के आधार पर डॉक्टर तय करेंगे कि पति-पत्नी दोनों को फर्टिलिटी बढ़ाने के लिए किस तरह के इलाज की जरूरत है। फिर वह कुछ दवाएं और इंजेक्शन लिखेंगे।

दुबई जाने से पहले मेडिकेशन का यह पूरा प्रॉसेस इंडिया में ही होगा। इस दौरान 9 दिन तक पत्नी को हॉर्मोनल इंजेक्शन भी लेने होंगे, ताकि उनकी फर्टिलिटी बढ़ाकर आईवीएफ के लिए ज्यादा से ज्यादा एग्स निकाले जा सकें। हर तीसरे दिन अल्ट्रासाउंड भी करवाना होगा।

**इंडिया में काम कर रहे डॉक्टर भी नेटवर्क में शामिल**

एजेंट्स के मुताबिक इस पूरे प्रॉसेस की मॉनिटरिंग के लिए दुबई में बैठे डॉक्टर इंडिया के किसी लोकल डॉक्टर का पता देंगे। ये डॉक्टर इंजेक्शन लगाने से लेकर अल्ट्रासाउंड तक में मदद करेगा। दुबई से फीमेल डॉक्टर भी संपर्क में रहेंगी और मरीज की रिपोर्ट देखती रहेंगी।

मॉनिटरिंग के लिए वॉट्सऐप ग्रुप भी बनाया जाएगा, जिसमें पेशेंट, दुबई और इंडिया के डॉक्टर और क्लिनिक की नर्स भी रहेंगी। इंडिया के डॉक्टर को इस प्रॉसेस में शामिल करने पर प्राइवेसी और कानून से सुरक्षा का सवाल पूछने पर कहा गया कि इसके लिए आप चिंता मत करिए। सेफ्टी की पूरी जिम्मेदारी होगी।

**सीधे क्लाइंट से नहीं करते बात डॉक्टर, एजेंट संभालते हैं सारी जिम्मेदारी**

इंडियन कपल्स को बेटा पैदा होने की गारंटी देने वाले डॉक्टर शुरू में क्लाइंट से सीधे बात नहीं करते। शुरुआत में बातचीत से लेकर काउंसलिंग तक सारा काम एजेंट्स ही संभालते हैं। पति-पत्नी की जांच और रिपोर्ट के बाद ही डॉक्टर सामने आते हैं। रिपोर्ट के आधार पर डॉक्टर कपल से बात करते हैं और उन्हें इंडिया में शुरुआती ट्रीटमेंट की सलाह देते हैं। इसमें अल्ट्रासाउंड, ब्लड टेस्ट के साथ ही हॉर्मोनल थेरेपी दी जाती है।

**डॉक्टर ने बताए गाजियाबाद से जोधपुर तक के केस**

एजेंट को यकीन दिलाया गया कि हम उनकी सर्विस लेने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं, लेकिन प्रॉसेस शुरू करने से पहले पत्नी एक बार डॉक्टर से बात करना चाहती हैं, तो उसने जांच से पहले ही डॉक्टर से काउंसिलिंग कराने का आश्वासन दिया। 2 दिन बाद डॉक्टर का फोन आया, जो उन दिनों दुबई से छुट्टी लेकर इंडिया आई हुई थीं।

इस बातचीत के दौरान डॉक्टर अलर्ट दिखीं, लेकिन जब उन्हें हमारी उम्र ज्यादा हो जाने, पहले से एक बेटी होने और फैमिली से बेटे के लिए प्रेशर होने जैसी वजहें बताईं, तो धीरे-धीरे परतें खुलने लगीं।

डॉक्टर ने कहा, 'मैं समझती हूं और इसके लिए परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप जो चाहते हैं, वह बिल्कुल हो जाएगा।' हमें यकीन दिलाने के लिए उन्होंने बताया कि हाल ही में गाजियाबाद से एक कपल दुबई में उनके क्लिनिक गया। महिला की उम्र 38 साल थी, लेकिन उसके 4 मेल भ्रूण तैयार हुए। इसी तरह, जोधपुर की एक महिला डॉक्टर ने भी बेटे की चाहत में उनसे संपर्क किया था।

ये क्लिनिक बेटा पैदा करने के लिए भारत के अलग-अलग हिस्सों से दुबई जाने वाले कपल्स के टेस्टिमोनियल के जरिए भी खुलकर प्रमोशन करते हैं

**इंडिया में इलाज के बाद आईवीएफ के लिए बुलाते हैं दुबई**

डॉक्टर ने कहा कि इंडिया में मेडिकेशन के बाद आईवीएफ की प्रक्रिया के लिए हमें दुबई जाना होगा। वहां एग और स्पर्म कलेक्ट किया जाएगा। एजेंट ने बताया कि ज्यादा से ज्यादा भ्रूण तैयार करने की कोशिश की जाती है। इसके लिए हर एग में एक स्पर्म इंजेक्ट किया जाता है। कोशिश रहती है कि कम से कम 6 हेल्दी भ्रूण तैयार हो सकें।

**5 दिन के टेस्ट ट्यूब बेबी का जान लेते हैं सेक्स**

इसके बाद शुरू होता है फैमिली बैलेंसिंग का प्रॉसेस यानी बच्चे का जेंडर चुनने की प्रक्रिया। इसके लिए 5वें दिन पीजीडी के जरिए सभी भ्रूण की जांच होती है। बायोप्सी से हर भ्रूण के टिश्यू लेकर उसे टेस्टिंग के लिए जेनेटिक लैब भेजते हैं। जहां पीजीडी जांच में यह पता चल जाता है कि भ्रूण नॉर्मल और हेल्दी हैं या नहीं, बॉय है या गर्ल। जेंडर पता चलने के बाद क्लाइंट की डिमांड के मुताबिक मनचाहे जेंडर वाले हेल्दी भ्रूण को स्टोर कर लेते हैं और कपल को इसकी जानकारी भेज देते हैं। इसके बाद कपल को फिर क्लिनिक बुलाया जाता है और फीमेल पार्टनर के यूट्रस में भ्रूण ट्रांसफर कर देते हैं।

**प्रेग्नेंसी के बाद 2 महीने तक की जाती है मॉनिटरिंग**

कपल के इंडिया वापस आने के बाद प्रेग्नेंसी टेस्ट होता है। प्रेग्नेंसी के कन्फर्म होने के बाद 2 महीने तक दुबई के डॉक्टर मॉनिटरिंग करते हैं, फिर बाद में केस इंडिया के डॉक्टर को हैंडओवर कर दिया जाता है। जो डिलिवरी तक का जिम्मा संभालता है। ये प्रोसेस नॉर्मल डिलिवरी की तरह होता है।

ज्यादा भ्रूण तैयार करने की वजह पूछने पर डॉक्टर ने बताया कि अधिकतर लोग बेटा पैदा करना चाहते हैं। लेकिन, जरूरी नहीं है कि आईवीएफ से तैयार हर भ्रूण मेल ही हो। इसलिए सभी भ्रूण की पीजीडी टेस्टिंग की जाती है, ताकि उनके जेंडर का पता लगाया जा सके। अगर 6 भ्रूण तैयार हुए हैं, तो सबसे पहले पता लगाया जाएगा कि वह पूरी तरह से हेल्दी हैं या नहीं। फिर मेल और फीमेल भ्रूण अलग-अलग किए जाएंगे। अगर 6 में से 3 भ्रूण मेल हैं, तो उन्हें स्टोर कर लेते हैं। 3 में से एक भ्रूण को महिला के यूट्रस में ट्रांसफर कर दिया जाता है और अगर कपल चाहते हैं, तो बाकी 2 मेल भ्रूण सुरक्षित रखे जाते हैं। इसके लिए उन्हें अलग से भुगतान भी करना पड़ता है।

# पाकिस्तान में बन रहे हैं मंदिर

## संत युधिष्ठिर ने कहा– वहां के बिजनेस में हिंदुओं की स्थिति अच्छी, लेकिन मुसलमानों के साथ पार्टनरशिप की मजबूरी

रायपुर, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। रायपुर से भारतीय हिंदू तीर्थयात्रियों का समूह 22 नवंबर से 3 दिसंबर 2022 तक सिंध के शदाणी दरबार हयात पिताफी में सतगुरु शादाराम साहिब की 314वीं जयंती समारोह में भाग लेने के लिए पाकिस्तान गया था। 125 लोगों का समूह अब 12 दिन बाद सोमवार को भारत लौट आया है। वहां से आए लोगों ने कहा कि वहां अब हिंदू शैली के मंदिर भी बन रहे हैं। पहले मंदिरों को सामान्य मकानों की तरह रखना पड़ता था।

रायपुर के शदाणी दरबार के 9वें गुरू डॉ युधिष्ठिर ने इस यात्रा पर बातचीत की। जिसमें उन्होंने धार्मिक बातों के साथ ही पाकिस्तान में हिंदुओं की दशा पर भी बात की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का हिंदू समुदाय बिजनेस में अच्छी हिस्सेदारी रखता है, लेकिन अच्छा व्यापार करने के लिए वहां के पावरफुल मुसलमानों का सपोर्ट होना जरूरी है। साथ-साथ स्थानीय दिग्गजों से पार्टनरशिप करें, तो बिजनेस में रुकावट नहीं आती है। वहां बहुसंख्यक लोग उर्दू भाषी हैं, ऐसे में स्थानीय लोगों का सपोर्ट होने से आसानी होती है।




डॉ. युधिष्ठिर ने बताया कि पाकिस्तान में कई बार हिंदुओं के मंदिरों और धार्मिक जगहों पर कुछ कट्टरपंथी विचार के लोगों द्वारा हमला कर दिया जाता है। बीते कुछ समय पहले गणेश मंदिर और एक देवी के मंदिर पर भी हमला किया गया था। जिसके बाद पाकिस्तान के हिंदू सांसद ही हमलों के खिलाफ आगे आए। भारत की राजनीति के जैसे ही पाकिस्तान की राजनीति में भी जाति और धर्म बहुत बड़ा फैक्टर है। हिंदू डोमिनेटेड जगहों पर गैरमुस्लिम नेता ही चुनाव जीतते हैं। डॉ. युधिष्ठिर ने बताया कि शदाणी दरबार के प्रवचनों और सभाओं से वहां के हिंदुओं को आत्मबल मिलता है। वे अपने सनातन धर्म के साथ ही रहना चाहते हैं। साथ ही सामाजिक कार्यों से वे खुश रहते हैं। यहां बड़ी संख्या में मुस्लिम लोग भी मेडिकल कैंप में आकर इलाज करवाते हैं। वे इन सभाओं में हिंदुओं की विशाल एकता और उदारता दोनों देखते हैं। शदाणी दरबार ने वहां कॉलेज बनवाने के लिए जमीन भी दान की है। कॉलेज का नाम शदाणी गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज रखा जाएगा।

हालांकि कुछ समय पहले सरहद पार से आए रमेश, धर्मदास (बदला हुआ नाम) ने बताया कि वहां जीवन बड़ा दुश्वार था। कट्टरपंथी उनको जीने नहीं देते। बाजार-मार्केट में निकलने पर बहू-बेटियों पर फब्तियां कसते हैं। दुकानों से जबरन वसूली करते हैं। इन लोगों का कहना है कि अब तो हिंदुओं की कुंवारी लड़कियों ही नहीं, बल्कि विवाहिताओं का अपहरण करके जबरन उनका धर्मांतरण करवा निकाह कर लिया जाता है। उनका कहना है कि अब भारत ही एकमात्र सहारा है।

डॉ युधिष्ठिर ने बताया कि एग्रीमेंट प्रोटोकॉल के बाद पिछले 34 सालों से शदाणी दरबार से हिंदुओं का जत्था पाकिस्तान जाता है। पहले के समय वहां के मंदिर केवल सामान्य मकानों की तरह ही दिखते थे। वहीं अब कुछ शदाणी दरबार के मंदिरों में गुंबद और कलश की स्थापना हो रही है। साथ ही भारतीय शैलियों में मंदिर बन रहे हैं।

आजादी के बाद से ही पाकिस्तान में रहने वाले सिंधी हिंदू लोगों ने संघर्ष किया है। उन्होंने खुद को साबित भी किया। हिन्दू हमेशा शांत और समर्पण के साथ रहे हैं। भारत-पाकिस्तान के रिश्तों की बेहतरी के लिए सिंधी समुदाय ने हमेशा काम किया है। पाकिस्तान के अधिकारी यह जानते हैं कि शदाणी दरबार के संत हिंदुओं की भलाई के लिए काम करते हैं। यदि पाकिस्तान अपने पड़ोसी के साथ मधुर रिश्ते चाहता है, तो उन्हें राजनीतिक रूप से पहली शुरुआत करनी होगी, क्योंकि भारत ने कई बार दोस्ती का हाथ बढ़ाया है। भारत हमेशा से ही सर्वे भवन्तु सुखिनः में विश्वास करता है।

धर्म के दार्शनिक पक्ष में उन्होंने बताया कि भजन-कीर्तन केवल कुछ समय के लिए ही व्यक्ति को प्रभावित करता है, जबकि व्यक्ति को अंदर से बदलने के लिए ज्ञान, सभ्यता और संस्कार तीनों की जरूरत है। हवन, कलश यात्रा और धार्मिक चर्चा के माध्यम से हमारे सनातन धर्म का संदेश लाखों पाकिस्तानी हिंदू तक पहुंचता है।

उनमें अंध श्रद्धाभक्ति दूर हो रही है। वे तार्किक चीजों को समझ रहे हैं। इस तरह हर साल प्रोटोकॉल एग्रीमेंट के तहत 12 दिनों की यात्रा होती है। जिसमें हर साल सिंधी समुदाय के लोग पाकिस्तान के प्राचीन 8 मंदिरों को घूमने जाते हैं।

# कांग्रेस के अधिवेशन में छत्तीसगढ़ का बड़ा योगदान

## स्वास्थ्य मंत्री सिंहेदव ने सुनाए पुराने किस्से, बोले– हाथियों पर लादकर पहुंचाया जाता था राशन

रायपुर, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। अगले साल रायपुर में कांग्रेस अधिवेशन होने वाला है। करीब डेढ़ सौ साल पुरानी कांग्रेस पार्टी और उसके सफर को लेकर कई रोचक किस्से भी हैं। इनमें से कुछ छत्तीसगढ़ से जुड़े हैं। आजादी के पूर्व जब भी कांग्रेस के चिंतन शिविर या राष्ट्रीय अधिवेशन होते थे, उनमें छत्तीसगढ़ का भी योगदान होता था। कांग्रेस के बड़े आयोजनों में मिल-जुलकर साधन जुटाते थे। तब राजनीतिक दलों के पास पैसे नहीं होते थे। तब हाथियों पर लादकर यहां से रसद भेजी जाती थी।

कांग्रेस नेता और स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने बताया कि सन 1940 के दशक में कांग्रेस का जबलपुर के पास त्रिपुरी अधिवेशन हुआ था। इसमें नेताजी सुभाषचन्द्र बोस को कांग्रेस नेता चुना गया था। तब तत्कालीन सरगुजा महाराज ने 54 हाथियों का एक बड़ा दल त्रिपुरी भेजा था। यह वहां रसद लेकर गया था। जिसमें दाल, चावल, आटा और अन्य राशन शामिल था। इसके अलावा बिहार के रामपुर कांग्रेस अधिवेशन में भी नेताओं के लिए रसद सरगुजा राजपरिवार ने ही भेजी थी। अंग्रेज रियासतें जब्त करने मुहीम चला रहे थे। लेकिन कांग्रेस पार्टी की वजह से नहीं कर पाए। सरगुजा राजपरिवार कांग्रेस के साथ रहा। क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद को भी जब अंग्रेज ढूंढ रहे थे। तब वे सरगुजा में आकर पनाह लिए थे। डॉ. राजेंद्र प्रसाद भी यहां शिक्षक बनकर छिपकर रहे थे। बाद में वे देश के राष्ट्रपति बने। इसलिए सरगुजा में भी उनकी याद में राष्ट्रपति भवन बनाया गया है। मालूम हो कि कुछ महीने पहले उदयपुर में कांग्रेस का चिंतन शिविर हुआ था। इसमें सीएम भूपेश बघेल और सिंहदेव व वरिष्ठ नेता भी शामिल हुए थे।



**यहां के हाथी जहांगीर की सेना में**

वाइल्ड लाइफ एक्सपर्ट संदीप पौराणिक बताते हैं कि छत्तीसगढ़ में हाथियों का इतिहास बहुत पुराना है। अंग्रेज लेखक फोरसिथ द्वारा लिखित पुस्तक हाई लैण्ड्स ऑफ इंडिया में वर्णन है कि वर्ष 1890-1900 के बीच अमरकंटक, बेलगहना, पेण्ड्रा, रतनपुर से लाफागढ़ सरगुजा तक हाथियों के कई झुण्ड देखे जाते थे। दिलचस्प है कि जहांगीर की सेना में लगभग 40 हजार हाथी थे। उनमें अधिकांश छत्तीसगढ़ से ही भेजे गए थे।

19वीं सदी तक हाथी लगभग पूरे भारत में पाया जाता था। सरगुजा राज परिवार द्वारा भी हाथियों को पकड़कर पालतू बनाने तथा इन्हें अन्य राज्यों में राजा महाराजाओं को बेचे जाने के प्रमाण दस्तावेजों में मौजूद है।

# झारखंड कांग्रेस में आंतरिक विरोध तेज

## जिलाध्यक्षों की नयी सूची तैयार दलितों–मुस्लिम को भी जगह, क्या थम जायेगा विरोध

रांची, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। झारखंड कांग्रेस में अंदरूनी कलह एक बार फिर तेज है। कांग्रेस में जिलाध्यक्ष की सूची जारी होने के बाद पार्टी के अंदर बवाल मचा है। इस सूची में मुस्लिम या दलित चेहरे के नहीं होने से पार्टी के अंदर ही कार्यकर्ता विरोध कर रहे हैं।कांग्रेस इस पूरे विवाद से बचने के लिए नयी सूची जारी कर दी है। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल के हस्ताक्षर से नई सूची जारी की गई है। इस सूची में रामगढ़ जिला कांग्रेस का अध्यक्ष मुन्ना पासवान को पुनः बनाया गया है। वही गढ़वा का जिला अध्यक्ष ओबेदुल्ला हक अंसारी, साहिबगंज का जिला अध्यक्ष बरकतउल्ला खान और कोडरमा का जिला अध्यक्ष भागीरथ पासवान को बनाया गया है। रविवार को कांग्रेस ने 25 संगठनात्मक जिलों के नए अध्यक्षों की सूची जारी की थी। जिसमें लगभग 50 प्रतिशत पदों पर उच्च जातियों के लोगों को अध्यक्ष बना दिया गया था।

कांग्रेस पार्टी ने इस नियुक्ति को विवाद से बचाने की पूरी कोशिश की। नियुक्ति की प्रक्रिया भी इसी उद्देश्य से रखी गयी थी। उम्मीदवार से आवेदन मांगे गये थे। आईसीसी प्रभारी, पीसीसी अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्षों और सेवानिवृत रिटर्निंग अधिकारियों के नेतृत्व में एक पैनल बना था जो साक्षात्कार ले रहा था।

जारी की गई लिस्ट के खिलाफ सोशल मीडिया पर भी काफी विरोघ हुआ। कुछ नेताओं ने कांग्रेस आलाकमान तक यह बात पहुंचा भी दी।

# आज से छाएंगे बादल, 10 को बारिश

## मंडौस तूफान से बदलेगा छत्तीसगढ़ का मौसम, इसके बाद बढ़ेगी ठंड

रायपुर, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। बंगाल की खाड़ी में उठ रहा एक चक्रवाती तूफान छत्तीसगढ़ का मौसम बदलने वाला है। इसके प्रभाव से 8 दिसम्बर से प्रदेश के बस्तर और दुर्ग संभाग में बादल छा जाएंगे। अगले दिन तक इनका विस्तार पूरे प्रदेश में हो सकता है। संभावना जताई जा रही है कि 10 दिसम्बर को हल्की से मध्यम स्तर की बरसात हो सकती है।

मौसम विभाग के मुताबिक बंगाल की खाड़ी में उठा चक्रवाती तूफान मंडौस 8 दिसम्बर को तमिलनाडू के पास पहुंचने वाला है। यह पुडुचेरी और आंध्र प्रदेश के तटों को प्रभावित करेगा। इसकी वजह से तमिलनाडु, पुडुचेरी और आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों में भारी बरसात का अलर्ट जारी हुआ है। इसका असर छत्तीसगढ़ के मौसम पर भी पड़ेगा। रायपुर मौसम विज्ञान केंद्र के विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने बताया, इस तूफान के असर से छत्तीसगढ़ के दक्षिणी हिस्से में 8 दिसंबर को बादलों का आना शुरू हो जाएगा। यह मध्य और उत्तर छत्तीसगढ़ के इलाकों यानी दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर और सरगुजा संभाग तक भी पहुंचेगा। 10 दिसम्बर को प्रदेश में बरसात की संभावना बन रही है। दक्षिण छत्तीसगढ़ में अच्छी बरसात हो सकती है। जबकि सरगुजा संभाग के इलाकों में बूंदाबांदी तक ही सीमित रह सकता है। मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक सर्दी के मौसम में उत्तर से सूखी और ठंडी हवाओं का आना और दक्षिण से नमी युक्त हवा आकर एक बिंदु पर मिलने से बरसात की संभावना बढ़ जाती है। छत्तीसगढ़ में ऐसा 10 दिसम्बर को होने जा रहा है।

मंडौस नाम का यह तूफान 2022 का तीसरा चक्रवात है। इसका नामकरण संयुक्त अरब अमीरात ने किया है। इसका अरबी में अर्थ होता है खजाने का पिटारा। इस साल का पहला तूफान असानी था जो मई महीने में बंगाल की खाड़ी में बना था। इसका नामकरण श्रीलंका ने किया था। अक्टूबर के महीने में आया सितरंग चक्रवात बांग्लादेश में तबाही लाया था। इसको यह नाम थाईलैंड ने यह नाम दिया था।

मौसम विज्ञानियों के मुताबिक अगले तीन-चार दिनों तक तापमान में विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। हालांकि बादलों के आने से रात का तापमान अपेक्षाकृत गर्म होगा। बरसात के बाद मौसम अपेक्षाकृत ठंडा होगा। दिन के तापमान में गिरावट आ सकती है।

एक दिन पहले तक प्रदेश का अधिकतम तापमान 30.9 डिग्री सेल्सियस था जो दंतेवाड़ा में मापा गया। बुधवार को न्यूनतम तापमान 6.9 डिग्री सेल्सियस रहा जो कवर्धा में रिकॉर्ड हुआ है।

# बोले बाबूलाल, लंका दहन की बेला निकट आ पहुंची

## बाबूलाल का निशाना, एक दर्जन साथियों को जेल साथ लेकर जायेंगे हेमंत सोरेन ताकि दरबार सजा रहे

रांची, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यंमत्री बाबूलाल मरांडी के ट्वीट ने एक बार झारखंड में राजनीतिक हलचल तेज कर दी है। इस ट्वीट में बाबूलाल मरांडी ने लिखा है, हवा का रुख पहचानिए, लंका दहन की बेला निकट आ पहुंची है। उनके इस ट्वीट को लेकर राज्य की राजनीति गर्म है। एक बार फिर कयासों का दौर शुरू हो चुका है। बाबूलाल मरांडी ने एक चिट्ठी सोशल मीडिया पर जारी की है। इस चिट्ठी में उन्होंने लिखा है,मैं बार-बार बोल रहा हूं कि झारखंड के अधिकांश अधिकारी अच्छे है, सिर्फ चंद अफसर, जिनकी संख्या उंगली पर गिनने लायक है, उनकी वजह से पूरी ब्यूरोक्रेसी को बदनाम नहीं किया जा सकता वैसे अफसरों को भी अपना ठंडे दिमाग से सोचना चाहिए, किसी अपराधी को बचाने के लिए आप किस हद तक जा सकते हैं ? आप खुद तो जाएंगे ही, पूरी नौकरशाही आपके दामन पर लगे दाग के कारण बदनाम होगी, भगवान के घर देर है, अंधेर नहीं, एक दिन आपका नंबर भी आएगा झारखंड के कई अफसर अनौपचारिक बातचीत में बताते हैं कि वे खुद परेशान हैं इज्जत बचाना मुश्किल हो रहा है, चंद लोगों ने अपनी हद पार कर दी है। सरकारें आएगी और जाएगी, कोई भी हमेशा के लिए पद पर नहीं बना रह सकता, लेकिन जनता ऐसे कलंक लगाने वाले लोगों को माफ नहीं करती, कानून तो अपना काम करेगा ही, अहं इंसान का सबसे बड़ा नहीं करती, शत्रु है, झारखंड के भ्रष्टाचारियों को अब भी लगता है कि उनका कुछ नहीं बिगड़ेगा, इसी अहंकार ने बड़े-बड़ों का नाश किया है, हवा का रुख पहचानिए, लंका दहन की बेला निकट आ पहुंची है। गैंग्स ऑफ साहिबगंज के चूहे जहाज छोड़कर इधर-उधर भाग रहे है। क्योंकि उन्हें पता है कि जहाज का कैप्टन खुद तो डूबेगा ही, उन्हें भी डुबाएगा। सिर्फ इतना ही नहीं बाबूलाल मरांडी ने एक के बाद एक कई ट्वीट किये हैं। एक दूसरे ट्वीट में उन्होंने लिखा, जो कुछ देख-सुन रहा हूँ, तो सोचता हूँ कि कहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी एक दर्जन से भी ज्यादा सरकारी - ग़ैरसरकारी लूट के हमसफ़र "अपने" लोगों को अपने साथ जेल ले जाने की दूरगामी योजना पर तो काम नहीं कर रहे ?

ताकि वहाँ भी मन लगा रहे, "राजा का दरबार" सजे और अकेलापन का एहसास भी न हो।



# 70 हजार सैलरी वाले अफसर के जयपुर में 17 प्लॉट-होटल

## दो भ्रष्टाचारियों के पास 22 करोड़ की प्रॉपर्टी; ट्रांसफर होते ही नेता करा देते कैंसिल

जयपुर, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। एंटी करप्शन ब्यूरो ने जयपुर के दो सरकारी अफसरों के घर सर्च किए तो टीम भी चौंक गई। सर्च में मिली करोड़ों की प्रॉपर्टी में जयपुर के पॉश इलाकों में खाली जमीनें और एक लग्जरी होटल भी शामिल हैं। दोनों के पास करीब 6.5 करोड़ और 16.31 करोड़ की प्रॉपर्टी मिली है।

इनमें से एक सूचना एव तकनीकी विभाग में सूचना सहायक अभी सस्पेंड प्रतिभा कमल के घर सर्च के दौरान 6.5 करोड़ की संपत्ति मिली है। वहीं, जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड में 70 हजार सैलरी पाने वाले सहायक लेखाधिकारी दीपक गुप्ता के पास 16.31 करोड़ की संपत्तियां मिली हैं।

अब सर्च करने वाली टीमें दोनों भ्रष्टाचारियों के बैंक लॉकर का खुलने का इंतजार कर रही हैं। बताया जा रहा है कि इनके एक दर्जन से अधिक लॉकर हैं। सभी बैंक खातों में लॉकर लिए गए हैं।

प्रतिभा कमल के जयपुर में अलग-अलग बैंक में 11 खाते हैं। वहीं, दीपक गुप्ता के भी 4 बैंक खाते अभी तक सामने आए हैं। जिन्हें आज बैंक अधिकारियों की मौजूदगी में खोला जाएगा।

वहीं, दीपक गुप्ता के खिलाफ लगातार भ्रष्टाचार की शिकायतें विभागीय अधिकारियों को मिलती रही हैं, लेकिन उसका ट्रांसफर जयपुर से बाहर नहीं हुआ। सूत्रों के अनुसार उसका ट्रांसफर होते ही नेताओं के फोन बजने लगते थे। हाल ही में भी उसका ट्रांसफर शहर से बाहर हुआ, लेकिन उसने जॉइन नहीं किया।

दीपक गुप्ता के घर में छापे के दौरान एक अफ्रीकन ग्रे तोता भी मिला। जो ग्रे रंग का है। इसकी कीमत भी करीब 1 लाख रुपए है। जो भारत में आसानी से नहीं मिलता।

**दीपक और उसकी पत्नी के नाम से ये प्रॉपर्टी मिली**

**दीपक के नाम एसएफएस मानसरोवर में प्लॉट**

**पत्नी के नाम 252.55 वर्गगज का प्लाट चित्रकूट में**

**पत्नी के नाम 1 बीघा 99 बिस्सा फागी में जमीन**

**पत्नी के नाम फागी में ग्राम माधोराजपुरा तहसील में 1 बीघा जमीन**

**पत्नी के नाम से फागी में 1 बीघा बारानी जमीन**

**पत्नी के नाम से तहसील फागी जयपुर में कृषि भूमि 1 बीघा 9 बिस्वा जमीन**

**पत्नी के नाम से आवासीय योजना गोपाल विहार 319.86 वर्गगज जमीन**

दीपक गुप्ता के घर में छापे के दौरान एक अफ्रीकन ग्रे तोता भी मिला। जो ग्रे रंग का है। इसकी कीमत भी करीब 1 लाख रुपए है। जो भारत में आसानी से नहीं मिलता।

एसीबी डीजी बीएल सोनी ने बताया कि एसीबी की जांच में सामने आया है कि दीपक कुमार के पास आय से लगभग 1200 प्रतिशत ज्यादा प्रॉपर्टी मिली है। वहीं, प्रतिभा कमल के पास 1300 प्रतिशत प्रॉपर्टी ज्यादा है। दीपक के कुल पांच ठिकानों पर एसीबी ने



सर्च किया। इसमें दीपक के पास जयपुर में ही 17 प्लॉट मिले हैं। इनमें मकान, दुकान, जमीन और फ्लैट भी शामिल हैं। म्यूचुअल फंड, इंश्योरेंस आदि में इन्वेस्ट कर रखा है।

आरोपी दीपक ने चित्रकूट में एक आलीशान आधुनिक सुख-सुविधाओं वाला (होम थियेटर, लिफ्ट, जिम) बंगला बना रखा है। इसके अतिरिक्त मानसरोवर जयपुर में एक होटल भी है। आरोपी के जयपुर स्थित मकान से 14.33 लाख रुपए कैश, 1.30 किलो सोने के गहने मिले हैं। इन गहनों में 3 हार, दो ब्रेसलेट, छह सोने की चैन, सोने की चूडियां मिली हैं। वहीं, 20 किलो चांदी की ज्वेलरी भी मिली है।

**पत्नी के नाम से करतारपुरा में प्लाट नम्बर 40**

**पिता की जगह नौकरी मिली थी**

गुप्ता मूलतः बस्सी के बनाड़ा के रहने वाले हैं। 1995 में पिता की जगह एलडीसी पद पर अनुकंपा नियुक्ति में नौकरी लगी। विभागीय परीक्षा देकर 2005 में जूनियर अकाउंटेंट बने। जयपुर डिस्कॉम के एएओ दीपक कुमार को मृतक आश्रित कोटे से नौकरी मिली थी। पैसे की भूख और लग्जरी लाइफ ने दीपक के घर में भ्रष्टाचार फैला दिया था।

साल 2018 में चित्रकूट में ढाई सौ वर्गगज के प्लॉट में शानदार घर बनवाया है। इस लग्जरी घर में महंगा इंटीरियर करवाया है। इसके अलावा एफएसएफ मानसरोवर में 4 मंजिला मकान को किराए पर दे रखा है। आलीशान घर में लिफ्ट, सेंसर वाले पंखे-दरवाजे और लाइट वाला फव्वारा, लग्जरी होम थियेटर, चाउ-चाउ चाइनीज नस्ल के दो डॉगी, अफ्रीकन ग्रे नस्ल का तोता, सोने की दो घड़ियों सहित अन्य विदेशी घड़ियां, बेशकीमती झूमर, महंगे होम अपलाइंसेस, 13 एसी, लाइट वाला फाउंटेन व महंगे कारपेट मिले हैं।

गुप्ता के पास जेपीडीसी में परचेज व सीएलआरसी ऑर्डर के साथ बिल पास करने की जिम्मेदारी थी। शिकायतों के बाद 5 बार जेपीडीसी से तबादला हुआ, पर हर बार नेताओं की सिफारिश के बाद जेपीडीसी में पोस्टिंग ले ली।

# पूर्व मंत्री बीना काक के दामाद ने कांग्रेस पार्टी छोड़ी



भीलवाड़ा, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस की नेता व पूर्व मंत्री बीना काक के दामाद और भीलवाड़ा के बिजनेसमैन रिजू झुनझुनवाला ने कांग्रेस की सदस्यता से बुधवार को इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने बुधवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकाअर्जुन खड़गे को अपना इस्तीफा भेजा है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, सचिन पायलट और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को टैग कर इसकी जानकारी दी है।

राजस्थान में एक तरफ राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे है। वहीं दूसरी ओर झुनझुनवाला के अचानक कांग्रेस से इस्तीफा देने से भीलवाड़ा की राजनीति में हलचल मच गई है। झुनझुनवाला ने कांग्रेस के बैनर तले अजमेर से लोकसभा का चुनाव भी लड़ा है। जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

उनके इस्तीफे पर अभी तक कांग्रेस के किसी भी बड़े नेता की प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। मैं कांग्रेस पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा देने के अपने निर्णय से अवगत करवाना चाहता हूं। 2019 में अजमेर से लोकसभा चुनाव में प्रतिनिधित्व करने के लिए पार्टी द्वारा एक शानदार अवसर दिया गया था। मैंने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पार्टी की सेवा करने की पूरी कोशिश की लेकिन व्यर्थ। आने वाले समय में पूरे जोश के राजस्थान के लोगों की सेवा करने की अपनी प्रतिबद्धता जारी रखते हुए, मैं पार्टी के माध्यम से इस मिशन के प्रति कोई मूल्य जोड़ने से असमर्थ हूं।

मैं माननीय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जी का सदा आभारी रहूंगा, जो एक पिता के समान रहे है। यह अवसर देने के लिए मुझे, और सचिन पायलट जी को समर्थन देने और मुझ पर विश्वास करने के लिए। राजस्थान का सौभाग्य है कि उसके जैसा नेता मिला।

# ट्रक की टक्कर से वैन के उड़े परखच्चे

## ड्राइवर समेत 3 लोगों की मौत, 2 घायल, शादी समारोह से लौट रहे थे घर

टोंक, 7 दिसंबर (एजेंसियां)।जयपुर-कोटा नेशनल हाईवे-52 पर तेज रफ्तार ट्रक ने एक वैन को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में वैन के ड्राइवर समेत 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 2 लोग घायल हो गए। मृतक और घायल किसी परिचित के यहां शादी समारोह में शामिल होकर घर लौट रहे थे। इस दौरान देर रात को रास्ते में होटल पर चाय पीने रुके थे।

यहां से रवाना होकर हाईवे पर चढ़े ही थे कि जयपुर की तरफ आए तेज रफ्तार ट्रक ने वैन को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वैन के परखच्चे उड़ गए। हादसा टोंक जिले के मेहंदवास थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार टोंक निवासी राजेश ग्वाला (50), राजूलाल, दिनेश और प्रहलाद अपने किसी परिचित के यहां शादी में शामिल होने के लिए देवली गए थे। उन्होंने राकेश नायक (36) की वैन किराए पर ली थी। शादी समारोह में शामिल होने के बाद सभी लोग घर लौट रहे थे। इस दौरान रात करीब 1.30 बजे टोल से करीब आधा किलोमीटर पहले कोटा रोड पर घूम कर एक होटल पर चाय पीने रुके थे। चाय पीने के बाद सभी लोग रवाना हुए और हाईवे पर आने के बाद कट से टोंक की तरफ घूमने लगे।

इस दौरान पीछे से आए ट्रक ने टक्कर मार दी। ट्रक के टक्कर से वैन के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद होटल पर मौजूद लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। मेहंदवास थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि रात करीब 1.30 पुलिस को सूचना मिली थी कि टोल के पास एक ट्रक और वैन की भिड़ंत हो गई है। इस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और वैन में फंसे घायलों को बाहर निकालकर सआदत अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने राजेश और राजू लाल को मृत घोषित कर दिया।

हादसे में घायल 3 लोगों को जयपुर रेफर किया गया। इसमें घायल वैन ड्राइवर की रास्ते में मौत हो गई। पुलिस ने तीनों शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ट्रक को जब्त कर लिया है और ड्राइवर को पकड़ लिया है।

# सांसद हनुमान बेनीवाल को जेड प्लस सुरक्षा देने की मांग



जयपुर, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के अध्यक्ष और लोकसभा सांसद हनुमान बेनीवाल को जेड प्लस सिक्योरिटी देने की मांग आज सोशल मीडिया पर जोरों से चल रही है। रालोपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने ट्विटर पर हैशटेग जेड प्लस सुरक्षा हनुमान के साथ ट्रेंड कराया जो थोड़ी ही देर में ट्विटर के टॉप ट्रेंड में चल रहा है। ट्विटर ट्रेंड के जरिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से हनुमान बेनीवाल को तुरंत जेड प्लस सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की गई है। सोशल मीडिया पर हनुमान बेनीवाल को जेड प्लस सिक्योरिटी देने की मांग का समर्थन करते हुए समर्थक लगातार अपनी बात रख रहे हैं, जिसमें समर्थकों का दावा है कि हनुमान बेनीवाल उत्तर भारत में सबसे बड़े किसान नेता है और उन्हें आए दिन लगातार असामाजिक तत्वों की ओर से धमकियां दी जा रही हैं। सीकर हत्याकांड में पीड़ित परिवारों के पक्ष में आवाज उठाने पर भी उन्हें धमकियां दी जा रही हैं। इसलिए केंद्र सरकार और राज्य सरकार को तुरंत उनकी सुरक्षा बढ़ानी चाहिए। यही नहीं, समर्थकों का यह भी दावा है कि बाड़मेर में पहले भी दो बार उन पर जानलेवा हमला हो चुका है, ऐसे में उनकी सुरक्षा को लेकर उनके समर्थक भी चिंतित हैं।

**जेड प्लस सुरक्षा के समर्थन में 30 हजार से ज्यादा ट्वीट**

वहीं 'जेड प्लस सुरक्षा हनुमान हैशटेग' के जरिए समर्थकों ने दो घंटे में ही 30 हजार से ट्वीट के जरिए अपनी बात रखी है जिसमें उन्होंने हनुमान बेनीवाल को सुरक्षा देने की मांग सरकार से की है। ट्वीट करके बेनीवाल के समर्थक लिख रहे हैं कि राजस्थान में सबसे ज्यादा अपराध के खिलाफ अगर कोई नेता बोलता है तो वो हनुमान बेनीवाल है, ऐसे में हर वक्त सुरक्षा अति आवश्यक है, चूंकि उनके छोटे भाई को धमकी भरे पत्र मिल चुके हैं इसलिए उनको जेड प्लस सुरक्षा जरूरी है। उनके एक अन्य समर्थक ने लिखा कि हनुमान बेनीवाल जवान, किसान, शोषित, पीड़ित के लिए सरकार में बैठे भ्रष्टाचारियों से हर समय लड़ाई लड़ते रहते हैं।

# राजस्थान में 11 दिसंबर से कड़ाके की ठंड का अलर्ट

## माउंट के बाद सीकर में भी जमी बर्फ; कोटा-उदयपुर में भी दो डिग्री गिरा पारा

जयपुर, 7 दिसंबर (एजेंसियां)।राजस्थान के चूरू, फतेहपुर, भीलवाड़ा, जोधपुर समेत प्रदेश के कइ शहरों में तापमान गिरने से सर्दी के तेवर तेज हो गए। चूरू, भीलवाड़ा में आज सीजन का सबसे कम तापमान दर्ज हुआ। पिछले कुछ दिनों से लगातार पड़ रही सर्दी से अब लोगों की मुश्किलें बढ़ रही है। इधर सीकर के फतेहपुर में इस सीजन में पहली बार बर्फ जमी हुई दिखी। यहां न्यूनतम तापमान आज 2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इससे यहां मैदानों में ओस की बूंदे बर्फ में तब्दील हो गई। मौसम विशेषज्ञों की मानें तो 11 दिसंबर बाद से तापमान में गिरावट और ज्यादा हो सकती है, जिससे सर्दी और ज्यादा बढ़ेगी। मौसम केन्द्र जयपुर से जारी रिपोर्ट देखें तो आज चूरू में न्यूनतम तापमान 3.5, भीलवाड़ा में 6.5, जबकि फतेहपुर में 2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो इस सीजन का इन शहरों का सबसे कम तापमान रहा। इन शहरों के अलावा उदयपुर और कोटा में भी आज न्यूनतम तापमान 2 डिग्री सेल्सियस तक गिरा है। करौली न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। वहीं, बारां में भी तापमान 3 डिग्री सेल्सियस गिरकर 5.8 पर पहुंच गया। करौली और बारां में भी बीती रात इस सीजन में सबसे ठंडी रात रही।

**सामान्य से 5 डिग्री सेल्सियस नीचे आया तापमान**

कोटा में आज रात का पारा सामान्य से 5 डिग्री सेल्सियस नीचे गिरकर 8.8 पर दर्ज हुआ। यहां भी सुबह-शाम सूखी सर्दी के साथ हल्की ठंडी हवाओं के थपेड़ों से लोग परेशान है।

कोटा के अलावा चूरू में आज तापमान सामान्य 4, जबकि अजमेर और भीलवाड़ा में 2-2 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज हुआ।



माउंट के बाद फतेहपुर में जमी बर्फ राजस्थान में तापमान गिरने से कुछ समय पहले माउंट के मैदानों में बर्फ जमी दिखी थी, लेकिन आज फतेहपुर में भी बर्फ जमी दिखी। यहां सुबह-सुबह मैदानों में ओस की बूंदे बर्फ बन गई। हालांकि दिन निकलने और धूप तेज होने के साथ ही यह जल्दी पिघल गई। सीकर के कृषि अनुसंधान केंद्र फतेहपुर पर आज न्यूनतम तापमान 2.0 डिग्री दर्ज किया गया है।

इससे पहले मंगलवार को यहां न्यूनतम तापमान 2.8 डिग्री दर्ज किया गया था।

पिछले साल फतेहपुर में 7 दिसंबर का न्यूनतम तापमान 3.5 डिग्री दर्ज किया गया था।

# महिला के गले में फंसी 4 सेमी. की सुपारी

## एसएमएस हॉस्पिटल में बिना चीरा लगाए ब्रॉनकोस्कोपी से निकाली

जयपुर, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। जयपुर के सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में एक महिला की सांस लेने वाली नली में फंसी 4 सेमी. की सुपारी को बाहर निकाला है। महिला पिछले 2 महीने से परेशान थी और राजस्थान के अलग-अलग जिलों में हॉस्पिटल में दिखा चुकी थी, लेकिन हर जगह से डॉक्टरों ने उसकी नली में फंसे सुपारी के टुकड़े को निकालने में परेशानी बताई। बड़ी बात ये है कि इस ऑपरेशन में महिला के गले या चेहरे पर चीरा नहीं लगाया गया।

एसएमएस मेडिकल कॉलेज में ईएनटी डिपार्टमेंट के सीनियर प्रोफेसर डॉ. सुनील समधानी ने बताया कि बीकानेर की रहने वाली 47 साल की महिला के आज से 2 महीने पहले सुपारी का एक बड़ा टुकड़ा सांस की नली में फंस गया था। इसके बाद महिला ने बीकानेर मेडिकल कॉलेज के हॉस्पिटल में दिखाया और कुछ समय ट्रीटमेंट भी चला, लेकिन वहां डॉक्टर्स इस टुकड़े को निकाल नहीं सके और उन्हें जयपुर दिखाने के लिए कहा। जहां उसका आज ऑपरेशन करके सुपारी निकाली गई। डॉक्टर ने बताया कि इस ऑपरेशन में उनके साथ उनकी टीम के सदस्य डॉ. विकास रोहिला, डॉ. पूजा स्वामी, डॉ. कनिका शर्मा, डॉ. लोकेंद्र और एनिस्थिसिया डिपार्टमेंट से डॉ. ममता शर्मा और डॉ. समृद्धि भी साथ रही।

**2 महीने तक परेशानी के बाद जयपुर पहुंची**

बीकानेर दिखाने के बाद महिला ने कुछ जगहों पर भी दिखाया, लेकिन वहां भी डॉक्टर्स ने सुपारी निकालने में असमर्थता जाहिर की। क्योंकि इस ऑपरेशन में जान जाने का रिस्क ज्यादा था। 2 महीने परेशान होने के बाद महिला की समस्या बढ़ती गई और उसकी एक सांस नली पूरी तरह जाम हो गई, जबकि वह दूसरी सांस नली से ही सांस ले रही थी। क्योंकि सुपारी दो महिने के अंदर फूल कर बड़ी हो गई थी, जिससे सांस नली पूरी तरह ब्लॉक हो गई थी। पिछले दिनों जयपुर पहुंची और दिखाया। डॉ. समधानी ने बताया कि उनकी टीम के लिए भी ये ऑपरेशन करना बहुत जटिल था, लेकिन काफी डिस्कशन के बाद आखिर में ऑपरेट करने का फैसला किया गया।

**बिना चीरा लगाए पौन घंटे में निकाली सुपारी**

डॉक्टर समधानी ने बताया कि महिला का ऑपरेशन ब्रॉनकोस्कोपी तकनीक से किया गया। इसमें महिला के गले या चेहरे पर किसी तरह का चीरा नहीं लगाया। एंडोस्कॉपी मशीन के जरिए एक तार डालकर फंसी हुई सुपारी को निकाला गया।

# गोलमाल के कारण तुषार ने फिल्मों में काम करना छोड़ा

**इसलिए 5 साल तक बॉलीवुड में नहीं दिखे, जानें क्या करते रहे**

जयपुर,7 दिसंबर (एजेंसियां)।

5 साल फिल्मों से गायब रहने के बाद एकता कपूर के भाई एक्टर तुषार कपूर एक बार फिर सिल्वर स्क्रीन पर एंट्री कर रहे हैं।

उन्होंने फिल्में करना क्यों छोड़ दिया..? पिछले पांच साल से तुषार कपूर क्या कर रहे थे..? अब किस फिल्म से फिर बॉलीवुड में एंट्री कर रहे हैं..?

जयपुर पहुंचे तुषार कपूर ने इन सभी सवालों के जवाब दिए। वे मंगलवार को जयपुर में अपनी फिल्म प्रमोट करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने फिल्मों से ब्रेक लेने से लेकर वापस एंट्री तक के बारे में बताया।



तुषार कपूर ने कहा- मेरी लास्ट फिल्म गोलमाल अगेन थी। गोलमाल सीरीज में मैंने काम किया। मुझे खूब प्रशंसा मिली, लेकिन गोलमाल से मुझे सिर्फ कॉमेडी फिल्में मिलने लगीं। वैसे ही किरदार के रोल मिलने लगे। मैंने मैन स्ट्रीम फिल्में भी की हैं। वहां से भी मुझे खूब तारीफ मिली है, लेकिन मैं कॉमेडी जोनर में ही नहीं रहना चाहता था। इसलिए गोलमाल अगेन के बाद पांच साल मैंने काम नहीं किया।

**फिर 5 साल क्या करते रहे तुषार?**

तुषार ने बताया इस दौरान बतौर प्रोड्यूसर काम किया। अक्षय कुमार की फिल्म लक्ष्मी को प्रोड्यूस किया। जो मेरी बतौर प्रोड्यूसर पहली फिल्म रही। इससे मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला। यह कोविड के दौर में बनी और बहुत मुसीबतें झेलने को मिलीं। इसी दौरान मैंने वेब शो किया। वहां का एक्सपीरियंस भी बहुत अच्छा था।

**अब कौनसी फिल्म कर रहे?**

तुषार ने बताया- अब मारीच फिल्म से सिनेमा पर वापसी कर रहा हूं। इसमें बतौर प्रोड्यूसर भी जुड़ा हूं। जयपुर में इस फिल्म के प्रमोशन के दौरान उनके साथ एक्ट्रेस सीरत कपूर भी मौजूद रहीं। उन्होंने भी अपने फिल्मी सफर के बारे में चर्चा की।

दिल्ली में हुए श्रद्धा मर्डर केस में आफताब की भूमिका पर तुषार ने कहा- इस तरह की चीजें बहुत डरावनी हैं। जो समाज में गंदगी की तरह फैली हुई हैं। इसमें बॉलीवुड का कोई रोल नहीं है। बॉलीवुड किसी को भी इस तरह का काम करने के लिए प्रेरणा नहीं देता है। हम लोगों को आत्मचिंतन की जरूरत है कि हम समाज में किस तरह का माहौल बना रहे हैं। किस तरह की सोच दिमाग में भर ली है, इसे सुधारना होगा।

तुषार ने बताया- जयपुर हमारी पसंदीदा जगहों में से एक है। मेरी मां शोभा कपूर जयपुर के नाम पर हमेशा तैयार रहती हैं। 2017 में पापा का सरप्राइज बर्थडे मां ने जयपुर में मनाया था। इसमें पापा के दोस्त प्रेम चोपड़ा, राकेश रोशन सहित कई बड़े लोग आए थे। मैंने अपनी अधिकांश फिल्मों का प्रमोशन जयपुर से किया है। यहां से अनोखा रिश्ता है। बचपन में मां हमें वेकेशन पर जयपुर लाया करती थीं। यहां हमारे फैमिली फ्रेंड्स भी हैं, जिनमें फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर मधु जैन शामिल हैं। इनके साथ हमने काफी समय बिताया है। बहन एकता कपूर जब भी अजमेर दरगाह आती है, जयपुर में काले हनुमान मंदिर जरूर जाती हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी के अंदर एक मारीच है। जिसे हम देख नहीं सकते हैं। इसलिए लोगों को पहचानना बहुत मुश्किल होता है। कौन क्या करके आया है, उसका अतीत क्या है, यह जानना बहुत मुश्किल है। हमने इस फिल्म का टाइटल रामायण से नहीं लिया है। जो किरदार है, वह भी सामने नहीं आता। उसका भी रूप दिखता नहीं, ऐसे में मारीच से कनेक्ट करता है। यह फिल्म रहस्य और अप्रत्याशित घटनाओं के साथ एक अत्यंत रोमांचकारी कहानी कहती है। मैं अपने को बहुत भाग्यशाली महसूस करता हूं कि मुझे मारीच जैसे विषय पर फिल्म बनाने और इसमें अभिनय करने का अवसर मिला है।

तुषार कपूर ने बताया- लंबे समय बाद स्क्रीन पर कम बैक करना अच्छा लग रहा है। काफी समय से मैं एक अच्छी स्क्रिप्ट की तलाश में था। इसमें मुझे कुछ अलग करने को मिले। मुझे लगता है मारीच में पुलिस ऑफिसर राजीव दीक्षित की भूमिका में वे सारी बातें हैं, जिन्हें मैं करना चाह रहा था।

# जयपुर में स्कूल के बच्चों को बंदूक दिखाकर लूटी स्कूटी




जयपुर, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। जयपुर में बच्चे को बंदूक दिकाकर स्कूटी लूटने का मामला सामने आया है। स्कूटी लूटने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बदमाश के पास से लूटी गई स्कूटी और देशी कट्टा दो जिंदा कारतूस बरामद किया हैं। मामला विधायकपुरी थाने का है।

डीसीपी साउथ योगेश गोयल ने बताया कि 5 तारीख को दीपक खन्ना ने विधायकपुरी थाने में रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में बताया कि उनका बेटा और बेटी स्कूटी पर स्कूल से घर लौट रहे थे। इस दौरान चौमू हाउस के पास एक बदमाश ने उनकी स्कूटी रुकवाई। स्कूटी रुकने पर बदमाश ने दोनों बच्चों के साथ मारपीट की। फिर बदमाश ने बच्चो को बंदूक दिखाकर स्कूटी लूट ली। पुलिस ने मामले को समझ कर क्राइम सीन पर लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेज खंगाली तो बदमाश का पता चला। इस पर पुलिस ने टीम ने बदमाशों को पकड़ कर उसके पास से लूटी हुई स्कूटी और बंदूक बरामद कर ली।

आरोपी अरविन्द सिंह उर्फ सुनिल पुत्र खेमचन्द जाति बधेल उम्र 19 साल निवासी गांव जाटोली रतवान पुलिस थाना चिकसाना जिला भरतपुर का रहने वाला हैं। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी चोरी, लूट के कई मामले दर्ज हैं। आरोपी आदतन बदमाश है। लोगों को हथियार दिखाकर लूट की वारदात को अंजाम देता है। बदमाश से पूर्व में की गई लूट की वारदातों और लूटे माल को बेचने के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। बदमाश ने लूट के लिए हथियार कहां से लिया इस पर भी पुलिस काम कर रही है।

# बांसवाड़ा को जिला व मदनूर को डिवीजन मुख्यालय बनाने की मांग



मदनूर , 7 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पशु वैद्यकीय अधिकारी विजय बंडीवार सहयोग से बुधवार को आखिल पक्ष स्थानिक जनता व व्यापार संस्था के नेतृव में गांधी चौक से लेकर तहसील कार्यालय तक एक रैली निकालने के बाद तहसीलदार को एक अर्ज देते हुए अखिल पक्ष के विविध नेताओ ने तेलंगाना सरकार को संबोधित करते हुए बताए की पूर्व में मदनूर तालुका हेड कोटर्स था। यहां पर विविध गांव के सरपंच जनप्रतिनिधि, विविध शाखा के अधिकारी कामकाज के लिय आते थे। तेलंगाना बनने के बाद मदनूर मंडल से विविध शाखा के कार्यालय बिचकुंडा बांसवाड़ा मंडल को स्थानान्तरित हो गए। प्रदेश के मुख्यमंत्री जनता की सुविधा के लिय 10 जिले के साथ 33 तालुका को डिविजन मुख्यालय बनाया। जनता मांग को देखते हुए कुछ विधान सभा क्षेत्र में नया मंडल बनाया गया है। उन्होंने प्रदेश सरकार को संबोधित करते हुए आगे बताए की मदनूर मंडल केंद्र तेलंगाना राष्ट्र का मुख्य द्वार है जो भी लोग दूसरे राज्य से आते बार आते है तो उन्हें मदनूर मंडल से ही तेलंगाना में प्रवेश करना पड़ता है। मदनूर मंडल की जनता का कहना है की मदनूर मंडल को डिविजन मुख्यालय बनाकर बांसवाड़ा डिविजन को जिला केंद्र बनाया जाए। मदनूर मंडल से स्थानिक जनता को आपने कामकाज के कारण कामारेड्डी जिला केंद्र जाने के लिय कई समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

इस अवसर पर स्थानिक सरपंच सुरेश दरासवार, उप सरपंच विट्ठल, तेलंगाना राष्ट्र समिति मंडल अध्यक्ष संगमेश्वर, मदनूर सहकार सोसायटी अध्यक्ष श्रीनिवास पाटील, आत्म कमिटी अध्यक्ष गंगाधर भारतीय जनता पार्टी जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष यादवराव, कांग्रेस पार्टी मंडल अध्यक्ष रमेश वटनालवार बी एस पी मंडल अध्यक्ष करेवार रामलू सुलतान भगवान खुशाल के साथ अन्य लोग उपस्थित थे

# पुलिस भर्ती शारीरिक परीक्षण के लिए सभी व्यवस्थाएं पूरी

हैदराबाद, 7 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। वारंगल पुलिस आयुक्त एवी रंगनाथ ने कहा कि पुलिस ने यहां काकतीय विश्वविद्यालय परिसर के मैदान में वजीफा पुलिस कांस्टेबल और उप-निरीक्षकों के पदों के लिए इच्छुक लोगों के लिए शारीरिक फिटनेस परीक्षण के संचालन की सभी व्यवस्था की है। शारीरिक दक्षता परीक्षा 8 दिसंबर से 3 जनवरी तक आयोजित की जाएगी। वारंगल जिले के कुल 24,612 उम्मीदवार इन परीक्षाओं में शामिल हो रहे हैं। इनमें 19,651 पुरुष और 4961 महिलाएं हैं। ये परीक्षाएं गुरुवार सुबह पांच बजे से शुरू होंगी। हम इन परीक्षाओं के लिए उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों से अपील करते हैं कि वे एडमिट कार्ड, सूचना पत्र, उम्मीदवार के स्व-हस्ताक्षर, समुदाय, पूर्व-सेवा पुरुष प्रमाण पत्र के साथ मुद्रित आवेदन की मुद्रित प्रति लेकर आएं। मैदान में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। सभी अभ्यर्थी निगरानी में रहेंगे और अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच के बाद बायोमीट्रिक सत्यापन किया जाएगा। इसलिए उम्मीदवारों को सावधान रहना चाहिए कि उनकी उंगलियों पर मेहंदी और टैटू न हो। बायोमेट्रिक सत्यापन पूरा होने के बाद, प्रत्येक उम्मीदवार को डिजिटल रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन रिस्टबैंड सौंपे जाएंगे। यह उम्मीदवार के शरीर पर तब तक बना रहता है जब तक वह मैदान छोड़ नहीं देता। जांच के बाद अधिकारी की निगरानी में रिस्टबैंड को उतारा जाएगा। परीक्षा के दौरान रिस्ट बैंड को हटाने या क्षतिग्रस्त करने वाले उम्मीदवारों को अयोग्य घोषित किया जाएगा। पुरुष उम्मीदवारों के लिए 1600 मीटर दौड़ और महिलाओं के लिए 800 मीटर दौड़ आयोजित की जाएगी। दौड़ में अर्हता प्राप्त करने वाले उम्मीदवार ऊंचाई माप, लंबी कूद और शॉट पुट टेस्ट के लिए पात्र होते हैं। ये परीक्षाएं महिला उम्मीदवारों के लिए 10 से 14 दिसंबर तक आयोजित की जाएंगी।

# इंडियन रेसिंग लीग 10 और 11 को हैदराबाद में




हैदराबाद, 7 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद में 11 फरवरी को होने वाली पहली फॉर्मूला ई रेस के क्रम में, सिंगल-सीटर मोटर रेसिंग चैंपियनशिप, इंडियन रेसिंग लीग इस सप्ताह के अंत में 10 और 11 दिसंबर को हैदराबाद में होगी। आईआरएल के उद्घाटन दौर की मेजबानी 19 और 20 नवंबर को हैदराबाद में की गई थी। हालांकि, चेन्नई टर्बो राइडर्स और गोवा एसेस टीमों के ड्राइवरों के बीच हुई दुर्घटना के कारण आईआरएल का पहला दौर रद्द कर दिया गया था। इसके बाद यह आयोजन चेन्नई में स्थानांतरित हो गया, जिसने मद्रास इंटरनेशनल सर्किट में आईआरएल के राउंड 2 (दिसंबर 26 और 27) और राउंड 3 (दिसंबर 3 और 4) की मेजबानी की। और, हैदराबाद ब्लैकबर्ड्स की टीम आईआरएल के दूसरे और तीसरे दौर में विजयी हुई। इंडियन रेसिंग लीग के आधिकारिक ट्विटर हैंडल ने इस खबर को साझा करने और प्रशंसकों को इस आयोजन के बारे में याद दिलाने के लिए ट्विटर का सहारा लिया। "गुड आफ्टरनून हैदराबाद, आईआरएल मोतियों के शहर में वापस आ गया है! हमने पिछली बार बहुत मज़ा किया था, और इस सप्ताह के अंत में हैदराबाद स्ट्रीट सर्किट में प्रतिस्पर्धी दौड़ के साथ, चीजें गर्म होने वाली हैं! भीड़ को पकड़ने के लिए 10 और 11 दिसंबर को वहां रहें," आईआरएल ने ट्वीट किया।

# एजेंसी क्षेत्रों में आरईएसए अधिनियम को लागू करने के लिए ठोस कदम उठाए : वरुण रेड्डी



आसिफाबाद, 7 दिसंबर ( स्वतंत्र वार्ता)। आइटीडीए के पीओ के वरुण रेड्डी ने कहा कि एजेंसी क्षेत्रों में पंचायती राज अनुसूचित क्षेत्र विस्तार (पीईएसए) अधिनियम को सख्ती से लागू किया जाए। बुधवार को उटनूर में कुमरम भीम कॉम्प्लेक्स के मीटिंग हॉल में पेसा एक्ट के निर्माता डॉ. बीडी शर्मा की जयंती मनाने के लिए आयोजित ग्राम सभा अध्यक्ष व सचिवों की समन्वय समिति की बैठक में भाग लिया। इस कार्यक्रम की शुरुआत सबसे पहले ज्योति प्रज्वलित कर एवं बीडी शर्मा के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर की गई। इस मौके पर पीओ ने कहा कि संयुक्त आदिलाबाद जिले के एजेंसी क्षेत्रों में पेसा एक्ट को सख्ती से लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि पेसा एक्ट को लागू हुए 25 साल हो गए हैं। यह बताया गया कि पेसा अधिनियम ने ग्राम पंचायतों को जनजातीय क्षेत्रों के लोगों की संस्कृति, परंपराओं, रीति-रिवाजों और सामाजिक संसाधनों की रक्षा करने और संबंधित समस्याओं को हल करने के लिए विशेष अधिकार प्रदान किए हैं। ग्राम सभा के अध्यक्ष व सचिव ने कहा कि लोगों को पेसा एक्ट के प्रति जागरूक किया जाए। जनजातीय क्षेत्रों के विकास के लिए ग्राम सभाओं में निर्णय कर कार्यों को हाथ में लेने का सुझाव दिया। ट्राइबल एडवाइजरी वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष कनक लकी राव ने कहा कि पेसा एक्ट को लागू करने के लिए आदिवासी लोगों को जागरूक किया जाएगा।इस अधिनियम के माध्यम से एजेंसी क्षेत्रों में विभिन्न विकास कार्यों को करने के लिए कदम उठाने का सुझाव दिया गया है। इस मौके पर सभी को संयुक्त जिले के आदिवासी विकास के लिए कार्य करने को कहा गया। एपीओ (पीवीटीजी) आत्माराम भास्कर, दुर्गु पटेल, सेवानिवृत्त डॉ. चंदू, संयुक्त जिले के विभिन्न हिस्सों के अध्यक्षों, सचिवों और अन्य लोगों ने भाग लिया।

# फूड पॉइजनिंग से मां-बेटे की मौत

हैदराबाद ,7 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मेदक जिले के कौडिपल्ली मंडल के वेंकटराओपेटा गांव में कथित तौर पर विषाक्त भोजन के कारण एक व्यक्ति और उसकी मां की मौत हो गई। मरने वालों में श्रीनिवास (48) और वेंकटम्मा (68) शामिल है। क्षेत्र के अस्पताल नरसापुर में डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों और श्रीनिवास के परिजनों ने बुधवार को डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर अस्पताल में धरना दिया। उनके रिश्तेदारों के अनुसार, श्रीनिवास, उनकी पत्नी लक्ष्मी, बच्चे भानु और श्रीकांत, मां वेंकटम्मा, बहन ललिता और उनकी बेटी रूपाली ने सोमवार को खाना खाने के बाद सभी सात लोग बीमार हो गए। उन्हें मंगलवार को एरिया अस्पताल नरसापुर में स्थानांतरित कर दिया गया।

# आईआईटी हैदराबाद में हिन्दी कार्यशाला आयोजित



हैदराबाद, 7 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) हैदराबाद में बुधवार को हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में हैदराबाद विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर डॉ. जे. आत्माराम जी को अतिथि वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया। कार्यशाला में आमंत्रित अतिथि वक्ता का परिचय एवं कार्यशाला का संचालन हिन्दी प्रकोष्ठ के नवीन श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यशाला का विषय राजभाषा कार्यान्वयन का महत्त्व और हमारा कर्तव्य रखा गया। कार्यशाला में संस्थान के 21 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि वक्ता डॉ जे. आत्माराम द्वारा राजभाषा के प्रति अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों के प्रति सभी प्रतिभागियों को अवगत कराया गया और सरल ढंग से राजभाषा हिन्दी में कार्य करने हेतु प्रतिभागियों को प्रेरित भी किया गया। कार्यशाला में प्रतिभागियों द्वारा अपने विचार रखते हुए इसे बहुत लाभकारी बताया गया। हिन्दी प्रकोष्ठ के संकाय प्रभारी डॉ. अनुपम गुप्ता द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यशाला का समापन हुआ।



**हैदराबाद के नामपल्ली स्थित मदीना एजूकेशन सोसाइटी भवन के सभागार में बद्रीविशाल पित्ती की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में एक गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में समाजसेवी रामदास, समाजवादी नेता पीजे सूरी, पूर्व न्यायाधीश गोपाल सिंह, शंकर लाल यादव, मानवाधिकार अधिवक्ता दामोदर रेड्डी, युवा नेता घनश्याम यादव, गोपाल शर्मा, बंसीलाल आदि ने बद्रीविशाल पित्ती को श्रद्धांजलि अर्पित की।**

# लापरवाही के आरोप में शिक्षका निलंबित

हैदराबाद, 7 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कुमरम भीम आसिफाबाद चिंतलमनपल्ली मंडल के बाबापुर-गंगापुर गांवों में एक सरकारी स्कूल में काम करने वाली एक शिक्षिका को कर्तव्यों में कथित लापरवाही के आरोप में निलंबित कर दिया गया। इस आशय का आदेश जिला शिक्षा अधिकारी अशोक ने जारी किया। आदेश के अनुसार, बाबापुर-गंगापुर गांव के एक हाई स्कूल की सहायक स्कूल सहायिका पी सविता को कर्तव्यों में लापरवाही, स्कूल में प्रतिकूल रवैया और संस्था के सुचारू संचालन के मद्देनजर निलंबित कर दिया गया। वह कथित तौर पर छात्राओं की तस्वीरें और वीडियो बना रही थी और अज्ञात व्यक्तियों के साथ साझा कर रही थी। शिक्षका पर आरोप है कि उसने छात्रों के साथ शराब पीने की चर्चा की और उन्हें छोटे कपड़े पहनने के लिए प्रोत्साहित कर रहा था। उसने कथित तौर पर छात्रों को फोन पर अजनबियों से बात करने के लिए मजबूर किया, माता-पिता और छात्र संघ इससे नाराज हो गए। कुछ दिन पहले जब यूनियनों ने उनके निलंबन की मांग को लेकर धरना दिया तो उनकी करतूत का पर्दाफाश हो गया।



**हैदराबाद के केबीआर पार्क में बुधवार को गणेश की पूजा- आरती की गई। इस दौरान प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजेन्दर कुमार अग्रवाल, सुरेन्दर अग्रवाल, गोपाल बल्दवा, विजय कुमार, राजू, विजय कुमार एडवोकेट, दासारी नरायन, अनीता, पुष्पा, लता आदि ने दर्शनार्थियों का स्वागत किया।**

# मुख्य चुनाव अधिकारी से मिले शेख गैबुवली



अमरावती ,7 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश राज्य सचिवालय वेलगपूडि में मुख्य निर्वाचन अधिकारी मुकेश कुमार मीना के कार्यालय में पश्चिम रायलसीमा उपाधिधारी संघ के एम.एल.सी. शेख गैबुवली उनसे मिलकर एम.एल.सी. चुनाव में स्कूल तथा कॉलेज स्तर तक 15 वर्ष की अनिवार्य शिक्षा हटाने की मांग की। इसके बदले दूरस्थ शिक्षा डिग्री तथा डिप्लोमा कोर्स किए हुए लोगों को चुनाव में भाग लेने का अधिकार देने की मांग की। इस संदर्भ में प्रधान चुनाव अधिकारी मुकेश कुमार मीना ने पश्चिम रायलसीमा उपाधिधारी एम.एल.सी. प्रत्याशी शेक गैबुवली से कहा कि इस विषय को केंद्रीय चुनाव कमिशन के सामने रखने का अश्वासन दिया। इस कार्यक्रम में प्रमुख वकील सी. गोपाल आदि ने भाग लिया।

# मिधानि में 'एयरो मैटेरियल्स में चुनौतियाँ' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न




हैदराबाद ,7 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। रक्षा मंत्रालय के अंतरग्त भारत सरकार के उद्यम मिश्र धातु निगम लिमिटेड (मिधानि) ने बुधवार को 'एयरो मटीरियल्स में चुनौतियां' पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। रक्षा मंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार डॉ. जी. सतीश रेड्डी ने मुख्य अतिथि के रूप में इस कार्यशाला की शोभा बढ़ाई। वर्तमान और भविष्य के एयरो इंजनों के लिए भौतिक विकास में अवसरों पर विचार-विमर्श करने के लिए डिजाइनरों, उपयोगकर्ताओं, प्रमाणन एजेंसियों, गुणवत्ता आश्वासन एजेंसियों, अनुसंधान प्रयोगशालाओं, निर्माताओं और टेक्नोक्रेट्स के प्रतिनिधियों ने कार्यशाला में भाग लिया है। कार्यशाला के विषय काफी वस्तृत रहे। जैसे कि वर्तमान और भविष्य के एयरो इंजनों के लिए भौतिक विकास और प्रमाणन में चुनौतियां और अड़चनें; एयरो इंजन सामग्री के लिए उन्नत विनिर्माण प्रौद्योगिकियों का विकास व उपयोग; वांतरिक्ष के लिए सामग्री निर्माण में सुधार के लिए आवश्यक रणनीतियां/सुविधाएं; अगली पीढ़ी की सामग्रियों में अनुसंधान एवं विकास की भूमिका; भारतीय एयरो कार्यक्रमों के लिए उत्पादों के स्वदेशीकरण में आवश्यक सहयोगी दृष्टिकोण और सरकारी नीतियां; धातु सामग्री और विनिर्देश का युक्तिकरण आदि। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रक्षा मंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार डॉ. जी. सतीश रेड्डी ने स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर सभी मिधानियों को बधाई दी और मिधानि के आत्मनिर्भर भारत मिशन में निरंतर योगदान की भी सराहना की। मिधानि के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ एसके झा ने मुख्य अतिथि डॉ जी सतीश रेड्डी, रक्षा मंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार और जीटीआरई, एडीए, एचएएल इकाइयों, डीएमआरएल, सीईएमआईएलएसी, डीजीएक्यूए के सभी प्रतिनिधि का स्वागत किया। अपने स्वागत संबोधन में उन्होंने विभिन्न सामरिक कार्यक्रमों में मिधानि के योगदान, उत्पाद और उपकरणों में विस्तार कार्यक्रम की स्थिति, वैमानिकी सामग्री के स्वदेशीकरण में आने वाली चुनौतियों का उल्लेख किया। मिधानि द्वारा भारत को आत्मनिर्भर बनाने में किए जा रहे विभिन्न प्रयासों पर अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि 2023 मिधानि के लिए स्वर्ण जयंती वर्ष है।



**श्रीलिंगमपल्ली विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रभारी जी. योगानंद ने सेरलिंगमपल्ली के रिक्शा चालक कालोनी में डॉ. बीआर अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस कार्यक्रम में क्षेत्र सह संयोजक मणिभूषण, प्रदेश भाजपा ओबीसी मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य एकांत गौड़, मेडचल शहरी जिला भाजपा कार्यसमिति सदस्य गणेश गौड़, मेडचल शहरी जिला एससी मोर्चा के सचिव अशोक, भाजपा नेता भानु यादव सहित अन्य शामिल रहे।**

# अग्रणी महिला मंच ने की बैठक



हैदराबाद ,7 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अग्रणी महिला मंच की अध्यक्ष सुमन भुवानिया ने बताया बुधवार को हिमायत नगर स्थित कार्यालय में बैठक हुई। बैठक में आने वाले वर्ष में होने वाले कार्यक्रम पर चर्चा की गयी। बैठक में बबिता गर्ग, रितु गर्ग, सुनायन नरसरिया, टीना खंडेलवाल, श्वेता खंडेलवाल, प्रीति गोयल, संगीता जाजोदिया, मीनाक्षी अग्रवाल, रितु गोयल, स्मिता शाह , रूपा गुप्ता आदि उपस्थित थे।

# प्रथम पृष्ठ का शेष भाग...

## महाराष्ट्र में कर्नाटक ...

मैं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से आग्रह करती हूं कि वह अब इस मुद्दे पर दखल दें।

शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट के नेता संजय राउत ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर महाराष्ट्र को कुछ हुआ तो देश के गृह मंत्री जिम्मेदार होंगे। शिंदे सरकार को एक दिन के लिए भी सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है। यह सरकार कायर है। संजय ने शिंदे को याद दिलाया कि यह छत्रपति शिवाजी महाराज का महाराष्ट्र है। वह अब अपनी भाईगीरी दिखा दें, नहीं तो इस्तीफा दे दें।

## पीएम की अपील ...

कुछ दिन पहले जी-20 की मेजबानी मिली है, साथ ही अमृतकाल की शुरुआत भी है।

17 बैठकें होंगी, 29 दिसंबर को खत्म होगा सेशन

यह सत्र कुल 23 दिनों का होगा, जिसमें 17 बैठकें होंगी। इस मौके पर सरकार कुल 16 बिल पेश करेगी। इधर, विपक्ष सत्र के दौरान हर दिन एक नया मुद्दा लेकर चर्चा करने की रणनीति बना रही है। माना जा रहा है कि सत्र के दौरान संसद में महिला आरक्षण का मुद्दा फिर से उठ सकता है। इसके अलावा मोरबी हादसा, महंगाई, बेरोजगारी, चुनाव आयोग अरुण गोयल की नियुक्ति और जजों की नियुक्ति पर कॉलेजियम सिस्टम पर विपक्ष केंद्र को घेर सकता है। सदन की कार्यवाही 29 दिसंबर को समाप्त होगी।

सरकार ने जो 16 बिल लिस्ट किए हैं उनमें से कांग्रेस पार्टी तीन के सख्त खिलाफ है। कांग्रेस का कहना है कि बॉयोलॉजिकल डायवर्सिटी अमेंडमेन्ट बिल 2021, मल्टी स्टेट कोआपरेटिव सोसाइटी अमेंडमेन्ट बिल 2022 और फॉरेस्ट कन्सर्वेशन अमेंडमेंट बिल 2022 को स्थायी समितियों को सौंपा जाना चाहिए। वर्तमान रूप में इन विधेयक पर चर्चा नहीं की जा सकती और कांग्रेस पार्टी इनका समर्थन नहीं करती है।

## मंत्री का महिला ...

महिला का कहना है कि जब वह दो महीने पहले अपनी रिश्तेदारी में गई तो आरोपियों ने वीडियो वायरल करने की धमकी दी। साथ ही 25 लाख रुपए की मांग की और रिलेशन बनाने का प्रेशर डाला। इससे आहत होकर सुसाइड करने तक का मन बना लिया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने ब्लैकमेल करने वाले पंकज विश्नोई, विकास, रामजस विश्नोई, सुमित विश्नोई, रविन्द्र विश्नोई को पोकरण से गिरफ्तार किया है।

## मालाबार ज्वैलरी के ...

ईडी ने कहा कि जांच में पाया गया कि, "मलप्पुरम का अबूबकर पाजेदाथ आईएएस अधिकारी एम शिवशंकर (केरल के मुख्यमंत्री के पूर्व प्रधान सचिव) के संरक्षण में सरिथ पीएस, स्वप्ना सुरेश और संदीप नायर की अध्यक्षता वाली सोने की तस्करी सिंडिकेट का हिस्सा है और लाभार्थियों में से एक था। ईडी ने दावा किया, "05 जुलाई 2020 को सीमा शुल्क की ओर से जब्त किए गए तस्करी के सोने में से 3 किलोग्राम सोना अबुबकर पाजेदाथ का था।" एजेंसी के अनुसार पजेदाथ ने स्वीकार किया है कि सीमा शुल्क की ओर से जब्त किया गया तीन किलोग्राम सोना उसका है और इसके अलावा, उसने यह भी स्वीकार किया था कि उसने अतीत में इसी तरह से यूएई वाणिज्य दूतावास के राजनयिक सामान के माध्यम से छह किलोग्राम सोने की तस्करी की थी।

"उक्त तस्करी किए गए सोने को खरीदने के लिए राशि उनकी व्यावसायिक फर्मों (मालाबार ज्वेलरी, फाइन गोल्ड और एटलस गोल्ड सुपर मार्केट्स प्राइवेट लिमिटेड) से ली गई थी। पूछताछ में पाया गया है कि अबूबकर पाजेदाथ अब भी अपनी फर्मों के माध्यम से सोने की तस्करी से संबंधित गतिविधियों में लिप्त था। ईडी ने पाजेदाथ के फर्मों के साथ-साथ उसके आवासीय परिसरों की भी तलाशी ली। तलाशी के दौरान 3.79 लाख रुपये नकद के साथ एक कक्ष में 2.51 करोड़ रुपये का गुप्त रूप से रखा हुआ 5.058 किलोग्राम सोना बरामद हुआ।

## अग्नि-5 टेस्ट ...

पीके सहगल के मुताबिक, चीन इससे पहले भी भारतीय जहाजों और उसके मिसाइल की खुफिया जानकारी लेने अपने जासूसी जहाज भेज चुका है। पिछली बार जब उसका जासूसी जहाज श्रीलंका के हंबनटोटा में हमारी मिसाइल की टोह लेने आया था तो सेना ने गल्फ इलेक्ट्रॉनिक सिग्नल से उसके ट्रेसिंग सिस्टम को ब्लॉक कर दिया था। इस बार भी भारत कुछ ऐसा कदम उठा सकता है।

# वेटलिफ्टिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप में चानू ने जीता सिल्वर

## ओलिंपिक चैंपियन को पीछे छोड़ा, उठाया 200 किलो वेट




नई दिल्ली, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। भारत की स्टार वेटलिफ्टर मीराबाई चानू वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में कलाई की चोट की वजह से गोल्ड से चूक गईं। कोलंबिया में हो रहे वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में चानू अपना बेस्ट नहीं दे पाईं। चानू 49 किलो वेट कैटेगिरी में 200 किलो वेट उठाकर दूसरे स्थान पर रहीं। वे स्नैच में 87 किलो और क्लीन एंड जर्क में 113 किलो वेट ही उठा पाईं। चीन की जियांग हुइहुआ ने 206 किलो वेट उठाकर गोल्ड जीता।

जियांग ने स्नैच में 83 किलो वेट और क्लीन एंड जर्क में 113 किलो वेट को उठाया। टोक्यो ओलिंपिक की गोल्ड मेडलिस्ट होउ झिहुआ ने 198 किलो वेट (89 किग्रा+109 किग्रा) उठाकर ब्रॉन्ज मेडल जीता।

### कॉमनवेल्थ गेम्स के बाद यह बड़ा टूर्नामेंट

कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड जीतने के बाद मीराबाई चानू पहली बार किसी बड़े टूर्नामेंट में भाग लिया। चानू का स्नैच सेशन काफी खराब रहा। उन्होंने पहले चांस में 84 किलो वेट उठाया। दूसरे चांस में उठाए गए 87 किलोवेट को असफल माना गया। हालांकि, भारत की ओर से इसे चैलेंज नहीं किया गया। जजों का मानना था कि दूसरे चांस में 87 किलो वेट उठाते वक्त उनका हाथ डगमगा गया था। ऐसे में मीरा ने तीसरे चांस में 90 किलो वेट की जगह 87 किलो वेट ही उठाया।

क्लीन एंड जर्क में उन्होंने पहले चांस में 111 किलो वेट उठाया। पर इसे सही नहीं माना गया। भारत की ओर से चैलेंज किया गया था, पर फैसला बरकरार रहा। उन्होंने दूसरे चांस में 111 और तीसरे चांस में 113 वेट उठाया। उन्हें स्नैच कैटेगिरी में सिल्वर मेडल मिला, जबकि क्लीन एंड जर्क में गोल्ड। वर्ल्ड चैंपियनशिप में मेडल दोनों इवेंट के अलग-अलग के साथ ही ओवरऑल के भी दिए जाते हैं, जबकि ओलिंपिक में केवल ओवरऑल के मेडल मिलते हैं।

### चानू जीत चुकी हैं गोल्ड मेडल

चानू 2017 में वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीत चुकी हैं। चानू के सिल्वर मेडल जीतने के बाद कोच विजय शर्मा ने कहा कि हम इस प्रतियोगिता को लेकर ज्यादा चिंतित नहीं हैं। हमारा फोकस उनकी चोट पर है। अगामी टूर्नामेंट में अभी समय है। ऐसे में चानू धीरे-धीरे चोट से उबरते हुए वेट को और ज्यादा बढ़ाएंगी। चानू को प्रैक्टिस के दौरान चोट लग गई थी।

# बांग्लादेश में लगातार दूसरी बार सीरीज हारा भारत

## आखिरी दो गेंद पर दो छक्कों की थी जरूरत, रोहित 1 ही जमा सके

मीरपुर, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। टीम इंडिया को बांग्लादेश दौरे पर एक और करारी शिकस्त झेलनी पड़ी। मेजबान टीम ने उसे तीन वनडे मैचों की सीरीज के दूसरे मुकाबले में 5 रनों से हराया। हालांकि चोटिल कप्तान रोहित शर्मा ने टीम को जिताने के भरसक प्रयास किए। उन्होंने 9वें नंबर पर आकर नाबाद 51 रनों की पारी खेली।




एक समय टीम को 18 बॉल पर 40 रनों की जरूरत थी, लेकिन मोहम्मद सिराज 47वां ओवर मेडन खेल गए। मीरपुर के मैदान पर बुधवार को 272 रनों के टारगेट को चेज करने उतरी टीम इंडिया तय 50 ओवर में 266/9 रन ही बना सकी। उसकी ओर से श्रेयस अय्यर ने सबसे ज्यादा 82 रन बनाए। जबकि अक्षर पटेल ने 55 रनों का योगदान दिया। बांग्लादेश की ओर से इबादत हुसैन ने 3 विकेट झटके। मेहदी हसन और शाकिब अल हसन ने एक समान 2-2 विकेट मिले। जबकि मुस्ताफिजुर रहमान के हिस्से में एक विकेट आया। टॉस जीतकर बैटिंग करने उतरे बांग्लादेश ने 50 ओवर में 7 विकेट पर 271 रन बनाए। मेहदी हसन मिराज (100) उसकी ओर से टॉप स्कोरर रहे। जबकि महमूदुल्लाह ने 77 रन बनाए। भारत की ओर से वाशिंगटन सुंदर ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। जबकि उमरान मलिक और मोहम्मद सिराज को 2-2 सफलताएं मिलीं।

### अय्यर-पटेल के बीच शतकीय साझेदारी

विराट कोहली की जगह नंबर-3 पर खेलने आए श्रेयस अय्यर और चौथे नंबर पर उतरे अक्षर पटेल ने 5वें विकेट के लिए 101 गेंदों पर 107 रनों की पार्टनरशिप की। दोनों ने अर्धशतक जमाए। पहले श्रेयस ने 69 बॉलों पर अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 102 बॉल पर 82 रन बनाए। इस पारी में 6 चौके और 3 छक्के शामिल हैं। यह अय्यर का 14वां वनडे अर्धशतक है। अय्यर ने इस फॉर्मेट के पिछले 11 मैचों में 6 अर्धशतक और एक शतक जमाया है। श्रेयस के बाद अक्षर ने 50 बॉल में अपना तीसरा वनडे अर्धशतक पूरा किया। वे 56 रन बनाकर आउट हुए।

### ओपनर्स ने बनाए 13 रन

भारत की ओपनिंग जोड़ी 13 रन के टीम स्कोर पर पवेलियन लौट गई। विराट कोहली 5 रन बनाकर आउट हुए तो शिखर धवन ने 8 रन बनाए। कोहली लगातार दूसरे मुकाबले में दहाई के स्कोर तक नहीं पहुंच पाए। पिछले मैच में वे 9 रन ही बना सके थे। वे कप्तान रोहित शर्मा की जगह उतरे थे। रेगुलर ओपनर रोहित फील्डिंग के वक्त चोटिल हो गए थे। वे ओपनिंग के लिए नहीं आए।

# ब्लाइंड क्रिकेट वर्ल्ड-कप में भारत-पाक मैच रद्द

## भारतीय टीम गुड़गांव के होटल में, पाक टीम विदेश मंत्रालय की मंजूरी का इंतजार करती रही

दिल्ली, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। ब्लाइंड क्रिकेट टी-20 वर्ल्ड-कप में भारत-पाक का मैच रद्द कर दिया गया है। पाकिस्तानी टीम वीजा के लिए विदेश मंत्रालय से क्लीयरेंस नहीं मिल पाने की वजह से नहीं आ पाई। वर्ल्ड कप की शुरुआत 5 दिसंबर से हो चुकी है। फाइनल 17 दिसंबर को खेला जाएगा। इस वर्ल्ड कप में भारत, नेपाल, ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, साउथ अफ्रीका बांग्लादेश सहित पाकिस्तान टीम को भी भाग लेना था। पाकिस्तान को 7 दिसंबर को दिल्ली के श्रीफोर्ट में भारत के साथ मैच खेलना था। पाकिस्तानी टीम नहीं आ सकी, जिसकी वजह से मैच को रद्द कर दिया गया।

ब्लाइंड क्रिकेट एसोसिएशन के सेक्रेटरी जॉन डेविड ने बताया कि पाकिस्तान टीम को गृहमंत्रालय से क्लीयरेंस मिल गया, पर विदेश मंत्रालय से अभी तक क्लीयरेंस नहीं मिला है। जिसकी वजह से पाकिस्तान टीम भारत नहीं आ पाई। आज के मैच को रद्द कर दिया गया है। इससे पहले मंगलवार को साउथ अफ्रीका के साथ पाकिस्तान के मैच को रद्द कर दिया गया था। पाकिस्तान टीम का अगला मैच 9 दिसंबर को बांग्लादेश के साथ है। अगर टीम आती है, तो नहीं हो पाने वाले दो मैच रिशेड्यूल किए जाएंगे।

### पीबीसीसी ने दिया ये बयान

उधर पाकिस्तान ब्लाइंड क्रिकेट काउंसिल ने भी मंगलवार को सोशल मीडिया पर बयान जारी किया। पीबीसीसी ने कहा, 'इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना ने पाकिस्तान टीम को अधर में छोड़ दिया है। पाकिस्तान वर्ल्ड कप जीतने का दावेदार था क्योंकि पाकिस्तान 2012 और 2017 में रनरअप रहा है। वहीं भारत को साल 2021 और 2022 में हुए टी-20 के त्रिकोणीय सीरीज के दौरान हराया है।

# फीफा विश्व कप में अब सिर्फ आठ टीमों के बीच मुकाबला

कतर, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। फीफा विश्व कप 2022 में अंतिम 16 के मुकाबले खत्म हो चुके हैं। अब सिर्फ आठ टीमें इस टूर्नामेंट में बची हुई हैं। अब जीतने वाली टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। वहीं, हारने वाली चार टीमों का सफर इस टूर्नामेंट में खत्म हो जाएगा।

यह टूर्नामेंट अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुका है। अंतिम 16 का आखिरी मैच पुर्तगाल और स्विट्जरलैंड के बीच था। इस मुकाबले में पुर्तगाल ने स्विट्जरलैंड को 6-1 के अंतर से मात दी और क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। इसके साथ ही अंतिम आठ का पूरा शेड्यूल भी तय हो चुका है। अंतिम 16 मुकाबलों के आखिरी दिन बड़ा उलटफेर देखने को मिला।

# लाबुशेन बने नंबर-1 टेस्ट बल्लेबाज

## जो रूट नंबर-4 पर खिसके, ऋषभ पंत सबसे ऊंची रैंकिंग वाले भारतीय

दुबई, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन टेस्ट क्रिकेट में दुनिया के नंबर-1 बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इंग्लिश बल्लेबाज जो रूट से यह ताज छीन लिया है। ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ और पाकिस्तान के बाबर आजम की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। ऋषभ पंत पांचवें स्थान पर हैं और वे सबसे ऊंची रैंकिंग वाले भारतीय टेस्ट बल्लेबाज बने हुए हैं। आईसीसी ने बुधवार को नई रैंकिंग जारी की है।



### ऑस्ट्रेलिया अब टेस्ट की नंबर-1 टीम

वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले जो रूट से 2 अंकों से पीछे रहने वाले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज लाबुशेन को पहले टेस्ट में शानदार प्रदर्शन का फायदा मिला है। लाबुशेन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट में 204 और 104 रन नाबाद पारी खेली थी। अब उनके 935 पॉइंट्स हो गए हैं। उनकी ही टीम के स्टीव स्मिथ 893 पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर हैं। बाबर आजम 879 पॉइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर हैं। पिछले सप्ताह तक नंबर-1 रहे जो रूट अब 814 पॉइंट्स के साथ चौथे नंबर पर फिसल गए हैं। भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के 801 अंक हैं और वे पांचवें स्थान पर बरकरार है। ऑस्ट्रेलिया ने पहले टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज का मात दी थी। इस जीत के दम पर कंगारू टीम अब रैंकिंग में नंबर-3 से टॉप पर पहुंच गई। ऑस्ट्रेलिया के 128 पॉइंट्स हैं। भारत 114 पॉइंट्स के साथ दूसरे और साउथ अफ्रीका 104 पॉइंट्स के साथ तीसरे नंबर पर है।

### जेम्स एडरसन और ओली रॉबिनसन की रैंकिंग में सुधार

बॉलिंग में ऑस्ट्रेलियाई कैप्टन पैट कमिंस का जलवा बरकरार है। वे 887 पॉइंट्स के साथ पहले स्थान पर हैं। वहीं भारत के रविचंद्रन अश्विन 842 पॉइंट्स के साथ दूसरे स्थान पर बरकरार हैं। इंग्लिश गेंदबाज जेम्स एडरसन और ओली रॉबिनसन ने पाकिस्तान के खिलाफ उसके घर में पहले टेस्ट मैच में 5-5 विकेट लेकर अपनी रैंकिंग में सुधार किया है। एडरसन को 2 स्थान का फायदा हुआ है। वे 840 पॉइंट्स के साथ पांचवें से तीसरे स्थान पर आ गए हैं। वहीं ऑली भी टॉप-10 में पहुंच गए हैं। उन्हें 7 स्थान का फायदा हुआ है। वे आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### शाकिब अल हसन को भारत के खिलाफ प्रदर्शन का फायदा

आईसीसी वनडे में भी बदलाव हुए हैं। श्रीलंका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन के बाद अफगानिस्तानी स्पिनर राशिद खान वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ तीसरे और आखिरी वनडे में 4 विकेट लिए थे।

# स्टीव स्मिथ एक साल बाद संभालेंगे ऑस्ट्रेलिया की कमान

## पैट कमिंस के चोटिल होने से 33 साल के बॉलर की भी 'लॉटरी' लगी

नई दिल्ली, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। स्टीव स्मिथ को एक साल बाद ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम की कप्तानी सौंपी गई है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने पैट कमिंस के चोट से उबरने में नाकाम रहने के कारण स्टीव स्मिथ को वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए टीम की कमान सौंपी है। पैट कमिंस के चोटिल होने से 33 साल के गेंदबाज स्कॉट माइकल बोलैंड की भी एक तरह से लॉटरी लग गई।




दिसंबर 2021 में डेब्यू करने वाले स्कॉट बोलैंड करियर में अब तक 3 टेस्ट मैच ही खेल पाए हैं। बोलैंड ने आखिरी टेस्ट मैच में जनवरी 2022 में होबार्ट में इंग्लैंड के खिलाफ खेला था। उस मैच में बोलैंड ने 51 रन देकर 4 विकेट लिए थे। स्टीव स्मिथ ने इससे पहले आखिरी बार दिसंबर 2021 में ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम की कमान संभाली थी। वह टेस्ट मैच एडिलेड में इंग्लैंड के खिलाफ खेला गया था। ऑस्ट्रेलिया को उस मैच में 275 रन से जीत हासिल हुई थी। तब पैट कमिंस कोविड-19 प्रोटोकॉल के कारण बाहर होने के कारण स्टीव स्मिथ को टीम की कप्तानी करने की जिम्मेदारी मिली थी। स्टीव स्मिथ से मार्च 2018 में सैंडपेपर कांड के बाद कप्तानी ली गई थी। स्टीव स्मिथ ने अब तक 94 (35 टेस्ट, 51 एकदिवसीय और 8 टी20) अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में ऑस्ट्रेलिया की कमान संभाली है। इसमें से ऑस्ट्रेलिया ने 48 में जीत हासिल की है, जबकि 37 में हार झेली है। छह मुकाबले ड्रॉ रहे, जबकि 3 का नतीजा नहीं निकला।

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ कमिंस की जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव है। वह पहले टेस्ट के अंतिम दिन गेंदबाजी नहीं कर पाए थे। ऑस्ट्रेलिया ने पहला टेस्ट 164 रन से जीतकर दो मैच की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने 33 साल के स्कॉट बोलैंड को कमिंस के विकल्प के तौर पर टीम में शामिल किया है, जबकि स्मिथ को दिन-रात्रि टेस्ट में कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# डेविड वॉर्नर ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया पर बोला हमला

## कहा-मेरे लिए परिवार से बढ़कर खेल नहीं

नई दिल्ली, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के स्टार दिग्गज बल्लेबाज डेविड वॉर्नर पर बॉल टैम्परिंग के बाद एक साल का बैन लगाया गया था। जिसके बाद उन्हें फिर 2019 में ऑस्ट्रेलिया टीम में शामिल किया गया। जिसके बाद उन्होंने कप्तान बनने की इच्छा भी जाहिर की थी।

इसके बाद वॉर्नर ने लाइफटाइम कप्तानी बैन हटाने की भी मांग की थी। लेकिन वॉर्नर ने कप्तान बनने की अपनी दावेदारी वापस ले लिया। इसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर एक लंबा पोस्ट लिखा। इस पोस्ट में वॉर्नर ने क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया पर जमकर हमला बोला है और कहा है कि, परिवार से बड़ा कुछ नहीं है और उन्हें भविष्य में कप्तान भी नहीं बनना है। 'वॉर्नर ने अपने पोस्ट में कहा, क्रिकेट से बढ़क मेरे लिए मेरा परिवार है। केपटाउन में हुए तीसरे टेस्ट और पिछले 5 सालों के भीतर मेरे ऊपर काफी ज्यादा हमले किए गए। मुझे इस दौरान अपनी पत्नी कैंडीस और मेरी तीन बेटियां मे, इंडी रे और इस्ला रोज का समर्थन मिला। वो मेरी दुनिया हैं। उस टेस्ट के बाद मुझपर से कप्तानी का बैन नहीं हटाया गया। इसके बाद मैं खेल को एक अलग नजरिए से देखने लगा। मैं इस बैन को भुगत चुका हूं और इसकी सजा भी काट चुका हूं। पिछले 5 सालों में इसके चलते मेरे परिवार को काफी कुछ झेलना पड़ा और ये अब तक कम नहीं हुआ है।



# 60 साल का इंतजार खत्म, क्यूबा सरकार ने महिला बॉक्सिंग से प्रतिबंध हटाया



हवाना, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। बॉक्सिंग का दबदबा कहे जाने वाले क्यूबा की महिलाओं का बॉक्सिंग टूर्नामेंटों में हिस्सा लेने का लंबा इंतजार खत्म हो गया। 60 वर्षों में पहली बार क्यूबा की महिलाएं प्रतिस्पर्धी मुकाबलों में हिस्सा ले सकेंगी। क्यूबा के अधिकारियों ने महिला मुक्केबाजों को 60 वर्षों के प्रतिबंध के बाद प्रतिस्पर्धी मुकाबले खेलने की स्वीकृति देने की घोषणा की।

क्यूबा के राष्ट्रीय खेल संस्थान (आईएनडीईआर) के उपाध्यक्ष एरियल सैंज ने कहा कि क्यूबा में महिलाएं भी बॉक्सिंग करेंगी। महिलाएं क्यूबा का नाम पदक तालिका में आगे लेकर जाएंगी। हमारा एक कानून है। अब पुरुष और महिला के बीच समानता रहेगी।

आईएनडीईआर ने घोषणा की कि वे इस महीने 42 महिला मुक्केबाजों के बीच प्रतिस्पर्धा कराएंगे जिसके बाद 12 सदस्यीय महिला टीम का चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह टीम अल सल्वाडोर में मध्य अमेरिकी और कैरेबियाई खेलों के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदार्पण करेगी। अधिकारियों ने यह नहीं बताया कि क्यूबा में महिलाओं का बॉक्सिंग में प्रतिबंध क्यों लगा था, जबकि यहां महिलाओं को कुश्ती, भारोत्तोलन, कराटे, ताइकवांडो और जूडो में हिस्सा लेने की अनुमति है। प्रतिस्पर्धी मुक्केबाजी में शिरकत की स्वीकृति मिलने के बाद से लेगनिस काला मासो जैसी बॉक्सर बेहद खुश हैं जिन्हें सात साल पहले मुक्केबाजी शुरू करने के बाद से इस दिन का इंतजार था। काला मासो जैसी महिला मुक्केबाजों ने इस स्वीकृति को हासिल करने के लिए वर्षों से काफी संघर्ष किया है। काला मासो ने कहा, 'हमेशा से कहा जाता था कि मुक्केबाजी क्यूबा की महिलाओं के लिए नहीं है, यह हमेशा से समस्या रही थी। अब देखिए हम कहां हैं, हमने कभी नहीं सोचा था कि हम यहां पहुंचेंगे।'

# पुर्तगाल 16 साल बाद क्वार्टर फाइनल में

कतर, 7 दिसंबर (एजेंसियां)। कतर में खेले जा रहे फुटबॉल वर्ल्ड कप के प्री क्वार्टर फाइनल में पुर्तगाल ने गोंजालो रामोस की हैट्रिक की बदौलत स्विटजरलैंड को 6-1 से हराया। इसके साथ ही पुर्तगाल की टीम 16 साल बाद क्वार्टरफाइनल में पहुंच गई है। इससे पहले पुर्तगाल 2006 में सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था।




रामोस को पहली बार शुरुआती एकादश में क्रिस्टियानो रोनाल्डो की जगह शामिल किया गया था। इस मैच में किस्टियानो को रिप्लेसमेंट के तौर पर उतारा गया था। रोनाल्डो इस मैच में एक भी गोल नहीं कर पाए। पुर्तगाल की ओर से कुल 6 गोल किए गए थे। रामोस ने 17वें, 51वें और 67वें मिनट में गोल कर टूर्नामेंट की पहली हैट्रिक लगाई। इसके अलावा 39 वर्षीय डिफेंडर पेपे ने 33वें, राफेर गुएरेरो ने 55वें और राफेल लियायो ने इंजरी टाइम (90+2वें मिनट) में गोल किया। वहीं स्विटजरलैंड की ओर से एकमात्र गोल मैनुअल अकांजी ने 58वें मिनट में किया। पहले हाफ तक मैच में 2 गोल ही हुए थे। दोनों गोल पुर्तगाल की ओर से किए गए थे। वहीं हाफ टाइम के बाद 16 मिनट के अंदर 4 गोल हुए। इनमें से तीन गोल पुर्तगाल की ओर से किए गए, जबकि एक गोल स्विटजरलैंड की ओर से किया गया। मैच के 51वें मिनट में रामोस ने गोल कर टीम को 3-0 से आगे कर दिया। उनका मैच का यह दूसरा गोल था। वहीं चार मिनट बाद यानी 55वें मिनट में राफेल ने गोल कर पुर्तगाल को 4-0 की बढ़त दिला दी। इसके ठीक तीन मिनट बाद, यानी 58वें मिनट में स्विटजरलैंड की ओर से मैनुअल अंकाजी ने गोल कर बढ़त की अंतर को कम करके 4-1 कर दिया।

# पीएम का 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम विफल रहा : केसीआर



हैदराबाद, 7 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने कहा कि रैतू बंधु योजना के तहत नकद प्रोत्साहन अगले 10 दिनों में किसानों को दिया जाएगा। बुधवार को तेलंगाना के जगित्याल में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य मंत्रिमंडल की बैठक 10 दिसंबर को होगी और रैतू बंधु योजना के तहत किसानों के बैंक खातों में नकदी जमा करने का निर्णय लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा, "जब तक केसीआर मुख्यमंत्री के पद पर जीवित हैं, रैतू बंधु और रैतू बीमा योजना तेलंगाना में जारी रहेंगी।" उन्होंने कहा कि किसानों के कल्याण के लिए विभिन्न उपाय शुरू किए गए हैं। तेलंगाना केवल किसानों द्वारा उत्पादित धान के हर दाने को खरीदने वाला राज्य है और यह खरीद प्रक्रिया हमेशा के लिए जारी रहेगी। मुख्यमंत्री ने जगित्याल जिले में कोंडागट्टू मंदिर के विकास के लिए 100 करोड़ रुपये देने की भी घोषणा की।

केसीआर ने कहा, "राज्य सरकार पहले ही मंदिर के लिए 384 एकड़ जमीन आवंटित कर चुकी है। प्रस्तावित राशि से यदाद्री मंदिर की तर्ज पर मंदिर का विकास किया जाएगा।" मुख्यमंत्री ने करीमनगर और जगित्याल जिलों में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र को 10 करोड़ रुपये देने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि तेलंगाना में विकास के फल सभी वर्गों के लोगों तक पहुंच रहे हैं। तेलंगाना एकमात्र राज्य है जो बीड़ी श्रमिकों को मासिक पेंशन दे रहा है और विभिन्न समुदायों के लिए 1,000 से अधिक गुरुकुल स्कूल स्थापित कर रहा है। लोगों के खिलाफ असंतुलित नीतियों को लागू करने के लिए केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मेक इन इंडिया कार्यक्रम देश में बदलाव लाने में पूरी तरह से विफल रहा है। इस योजना के तहत पटाखे भी नहीं बन सके। उन्होंने जीवन बीमा निगम के निजीकरण पर केन्द्र सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि 25 लाख एजेंटों के साथ 35 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति है। मोदी ने अपने आठ साल के कार्यकाल के दौरान देश के लिए कुछ नहीं किया है और वह इतिहास में देश के सबसे अक्षम प्रधानमंत्री के रूप में बने रहेंगे।

## सीएम ने जगित्याल समाहरणालय परिसर का उद्घाटन किया

जगित्याल, 7 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने बुधवार को जगित्याल शहर में एकीकृत जिला कार्यालय परिसर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर बोलते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि तेलंगाना सरकार ने सभी 33 जिलों में नए कलेक्ट्रेट बनाने का फैसला किया है और इसके प्रयास के तहत, जगित्याल राज्य सरकार द्वारा निर्मित 14वां कलेक्ट्रेट परिसर है। शेष समाहरणालयों का निर्माण विभिन्न चरणों में है। इन्हें जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा और जल्द ही इनका उद्घाटन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि तेलंगाना राज्य के गठन के बाद से विभिन्न क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति देख रहा है। राज्य का सार्वजनिक व्यय (बजट) 2014 में सिर्फ 60,000 करोड़ रुपये था और यह 2022 में 2.20 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है। राज्य गठन के समय, तेलंगाना में बिजली आपूर्ति की कमी, सिंचाई और पीने के पानी की अनुपलब्धता, सूखा और पलायन सहित कई मुद्दे थे। हालांकि, प्रभावी योजना और सर्वोत्तम प्रशासन के समर्थन के साथ, हम कर सकते थे कम समय में उन सभी को हल करने में सक्षम और अब, हम भारत में अन्य राज्यों के लिए एक रोल मॉडल खड़े हैं। हेलीकॉप्टर से जिला मुख्यालय पहुंचे मुख्यमंत्री समाहरणालय परिसर में उतरे, जहां से उन्होंने टीआरएस पार्टी के नए जिला कार्यालय की ओर प्रस्थान किया और इसका उद्घाटन किया। बाद में उन्होंने प्रस्तावित जगत्याल मेडिकल कॉलेज भवन की आधारशिला रखी।

# राजभवन मार्च करने वाले कई भाकपा नेता पुलिस हिरासत में

## सीपीआई नेताओं व पुलिस के बीच तीखी बहस हुई



हैदराबाद, 7 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भाकपा के राज्य सचिव के संबाशिव राव और कई अन्य नेताओं को बुधवार को देश में राज्यपाल प्रणाली को खत्म करने की मांग को लेकर पार्टी द्वारा आयोजित चलो राजभवन मार्च के दौरान हिरासत में ले लिया गया। मार्च को खैरताबाद जंक्शन पर पुलिस ने रोक दिया, जिसके बाद पुलिस और सीपीआई नेताओं के बीच तीखी बहस हुई और पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। इससे पहले मीडिया से बात करते हुए संबाशिव राव ने आरोप लगाया कि राज्यपाल केंद्र के एजेंट की तरह काम कर रहे हैं और गैर-भाजपा सरकारों को अस्थिर करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कि राज्यपाल प्रणाली को समाप्त करने की तत्काल आवश्यकता है। उन्होंने दावा किया कि यह सुझाव देने के लिए कोई सबूत या रिकॉर्ड नहीं है कि राज्यपाल प्रणाली ने देश में लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने में कोई ठोस भूमिका निभाई है। वास्तव में, राज्यपाल प्रणाली देश में लोकतंत्र के लिए खतरा बन गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासन में भी राज्यपाल के पद का दुरूपयोग किया जाता था, लेकिन मोदी सरकार के दौरान यह अनियंत्रित हो गया था और लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई गैर-भाजपा सरकारों के लिए खतरा बन गया था। उन्होंने कहा, "यह सही समय है कि केंद्र को राज्यपाल प्रणाली को समाप्त कर देना चाहिए, जो केंद्र में सत्ताधारी पार्टी के लिए लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित सरकारों को अस्थिर करने का एक उपकरण बन गया है।"

# नेल्लोर रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास कार्य तेजी से शुरू

## मई 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य



हैदराबाद, 7 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। रेल मंत्रालय ने सुरुचिपूर्ण सुविधाओं के साथ विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के लिए 'रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास' की प्रतिष्ठित परियोजना शुरू की है। इसके हिस्से के रूप में, दक्षिण मध्य रेलवे द्वारा नेल्लोर स्टेशन का प्रमुख उन्नयन शुरू किया गया है। तदनुसार, इस महत्वपूर्ण कार्य विकास कार्यों को करने का ठेका अगस्त 2022 में दिया गया है। इसे 21 महीने की अवधि के भीतर यानी मई, 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य है। नेल्लोर रेलवे स्टेशन महत्वपूर्ण ग्रैंड ट्रंक मार्ग के साथ स्थित है और आंध्र प्रदेश राज्य के महत्वपूर्ण जिला मुख्यालयों में से एक है। शिक्षा, तीर्थयात्री और व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए यात्रा करने वाले बड़ी संख्या में रेल यात्रियों के साथ इसका विशेष महत्व है। वर्तमान में, स्टेशन लगभग 30,000 यात्रियों की आवाजाही को संभालता है और इसके और बढ़ने की संभावना है। इन सभी कारकों को ध्यान में रखते हुए, वर्तमान और भविष्य के यात्री यातायात दोनों को संभालने के लिए ईपीसी मोड के तहत स्टेशन उन्नयन की योजना बनाई गई है। निर्धारित समय के भीतर स्टेशन के उन्नयन को पूरा करने के लिए काम शुरू हो चुका है। अब तक सामग्री के ढेर के लिए साइट कार्यालय, कंक्रीट प्रयोगशाला और भंडारण शेड की स्थापना के लिए आवश्यक निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। कुल स्टेशन परिसर के लिए सर्वेक्षण और मृदा परीक्षण, जल तालिका स्थिति और मानक असर क्षमता परीक्षण के संबंध में भूवैज्ञानिक जांच पूरी कर ली गई है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि स्टेशन परिसर में स्थित न्यायालय की कार्यवाही बाधित न हो, न्यायालय के साथ-साथ जीआरपी कार्यालय के कामकाज के लिए एक अस्थायी निर्माण पूरा किया गया है। साथ ही स्थायी न्यायालय भवन निर्माण के लिए मार्किंग भी कर दी गई है। प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर सीओपी प्रदान करने के लिए 4 पैडस्टल का निर्माण पूरा हो चुका है और सीओपी आश्रयों का निर्माण प्रगति पर है। आगामी ईस्ट साइड स्टेशन बिल्डिंग की डिजाइनिंग पूरी कर ली गई है और इसे प्रूफ चेकिंग के लिए आईआईटी मद्रास को सौंप दिया गया है। दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक अरुण कुमार जैन ने कहा है कि नेल्लोर स्टेशन पर उन्नयन कार्य शुरू हो गया है और इस महत्वपूर्ण परियोजना की प्रगति की हर स्तर पर निगरानी की जा रही है। महाप्रबंधक ने कहा कि उन्नयन कार्य ईपीसी मोड के तहत आवंटित किया गया है ताकि इसे निर्धारित लक्ष्य समय के भीतर पूरा किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए पूर्ण सहयोग देने का भी निर्देश दिया कि सभी आवश्यक आधुनिक यात्री सुविधाएं जल्द से जल्द समय सीमा में चालू हों।

# पुलिस भर्ती शारीरिक परीक्षण में शामिल होंगे 24,733 उम्मीदवार



हैदराबाद ,7 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। खम्मम पुलिस आयुक्त विष्णु एस वारियर ने बताया कि एसआई/कांस्टेबल उम्मीदवारों के लिए शारीरिक क्षमता परीक्षण आयोजित करने के लिए सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। कुल 24,733 उम्मीदवार-20,033 पुरुष और 4,700 महिलाएं- खम्मम और कोत्तागुडेम जिलों से 8 दिसंबर से 3 जनवरी, 2023 तक खम्मम में पुलिस परेड मैदान में शारीरिक परीक्षण के लिए उपस्थित होंगे। बुधवार को यहां एक बैठक में सीपी ने ड्यूटी कर्मियों को परीक्षणों के संचालन में अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं के बारे में निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में शारीरिक क्षमता परीक्षण (पीईटी) और शारीरिक माप परीक्षण (पीएमटी) कराए जाएंगे। दो अतिरिक्त डीसीपी, 11 एसीपी, 17 सीआई के साथ ही भारी संख्या में पुलिसकर्मियों तथा होमगार्डो की तैनाती की गई है। वारियर ने कहा कि पीएमटी/पीईटी स्थल पर पहुंचने वाले उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन और बायोमेट्रिक्स से गुजरना होगा, जिसके बाद उन्हें चिप के साथ एक रिस्टबैंड दिया जाएगा और प्रत्येक उम्मीदवार को डिजिटल चिप के साथ आरएफआईडी जैकेट दी जाएगी।



तेलंगाना के मुख्य सचिव सोमेश कुमार ने आज बीआरकेआर भवन, सिकंदराबाद में सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर दान दिया। इस अवसर कर्नल पी रमेश कुमार (सेवानिवृत्त) निदेशक सैनिक कल्याण भी उपस्थित थे।

## 15 दिसंबर को एससीआर पेंशन अदालत

हैदराबाद, 7 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों की शिकायतों के निवारण के लिए दक्षिण मध्य रेलवे की पेंशन अदालत 15 दिसंबर को दक्षिण मध्य रेल मुख्यालय और ज़ोन के सभी छह मंडलों यानी सिकंदराबाद, हैदराबाद, विजयवाड़ा, गुंटकल, गुंटूर और नांदेड़, कार्यशालाओं और अन्य इकाइयों में अलग-अलग आयोजित की जाएगी। दमरे से मिली जानकारी के अनुसार अदालत की अधिसूचना दक्षिण मध्य रेलवे की वेबसाइट 'हाइपरलिंक "http://www.scr.indian-railways.gov.in"www.scr.indianrailways.gov.in' पर भी दी गई है। रेलवे पेंशनभोगी द्वारा निर्धारित प्रोफार्मा में शिकायतें प्रस्तुत की जा सकती हैं।






# सीएम केसीआर के निर्देशन में ग्रीन इंडिया हासिल करेंगे : संतोष

## सांसद ने फॉरेस्ट कॉलेज में पौधारोपण किया



हैदराबाद, 7 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्यसभा सांसद जोगीनापल्ली संतोष कुमार ने कहा कि तेलंगाना आंदोलन के शुभारंभ के बाद से, टीआरएस सुप्रीमो और मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव वांछित परिणाम प्राप्त करने के लिए विचारों को आकांक्षाओं में ढालने का अभ्यास कर रहे हैं। हम सीएम केसीआर की भावना से प्रेरणा लेकर ग्रीन इंडिया चैलेंज प्रोग्राम लागू कर रहे हैं। अपने जन्मदिन के अवसर पर मुलुगु फॉरेस्ट कॉलेज एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट (एफसीआरआई) में वृक्षारोपण करने के बाद सांसद ने कहा कि वन महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्रों के बीच आज आकर बहुत खुशी हो रही है। उन्होंने कहा कि सीएम केसीआर हरितहारम को बढ़ावा दे रहे है। तत्कालीन आंध्र प्रदेश के शासकों के समय तेलंगाना क्षेत्र बंजर था। आज तेलंगाना हराभरा है। ग्रीन इंडिया चैलेंज देश के सभी राज्यों में फैल गया है। सभी लोग स्वेच्छा से इस कार्यक्रम में भाग ले रहे है। इस अवसर पर एमएलसी नवीन कुमार, वीसी आयोग के सदस्य किशोर गौड़, वन महाविद्यालय की डीन प्रियंका वर्गीस, करूणाकर रेड्डी आदि उपस्थित रहे।

## ऑटो चालक का अपहरण , जमकर की गई पिटाई

हैदराबाद, 7 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद में एक गिरोह ने ऑटो चालक का अपहरण कर जमकर पिटाई की। ऑटो चालक इमरान की शिकायत पर राजेंद्रनगर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है। इस मामले में पुलिस का कहना है कि दो प्रतिद्वंद्वी समूहों के बीच पुरानी दुश्मनी के कारण यह घटना होने का संदेह है। पीड़ित मो. इमरान राजेंद्रनगर का रहने वाला है। वह एक ऑटो-रिक्शा चालक है। अपहरण करने वालें इमरान को राजेंद्रनगर में एक सुनसान जगह पर ले गए और कथित तौर पर उसके कपड़े उतारकर उसकी पिटाई की गई।

मौके से भागने से पहले उन्होंने उसे गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी। इमरान की शिकायत पर राजेंद्रनगर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है।

# कुख्यात पेशेवर 6 वाहन चोर गिरफ्तार, 13 बाइक बरामद





हैदराबाद, 7 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राचकोंडा की वनस्थलीपुरम् थाने की पुलिस ने कुख्यात 6 वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को गिरफ्तार आरोपियों के पास से 13 बाइक, एक कार, मोबाइल फोन आदि बरामद हुआ है। गिरफ्तार आरोपियों में वनस्थलीपुरम् का बांद्रावल्ली राकेश, आरटीसी कालोनी मौलालि का मोहम्मद सोहेल खान, रेड्डी कालोनी, रंगारेड्डी का बनालाअजय, नलगोंडा का कोप्पुशिवा, रंगारेड्डी का देवरपग शिव कुमार, मीरपेट का नेकोंडा संतोष शामिल है। सभी आरोपी मिलकर वाहन चोरी करते है और बेच देते थे। इनमें प्रमुख आरोपी के खिलाफ कई मामले विभिन्न थानों में दर्ज है।

## तेलंगाना में कोयला ब्लॉकों का निजीकरण बंद किया जाएः उत्तम

हैदराबाद/नई दिल्ली,7 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस सांसद कैप्टन एन. उत्तम कुमार रेड्डी ने बुधवार को मांग की कि केंद्र सरकार तेलंगाना में चार कोयला ब्लॉकों के निजीकरण को रोके और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड को आवंटित करे। लोकसभा में मामले को 'तत्काल सार्वजनिक महत्व का मामला' बताते हुए उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा कि तेलंगाना के लोग चार कोयला ब्लॉक कल्याण खानी ब्लॉक-6, कोत्तागुडेम ब्लॉक-3, सत्तुपल्ली ब्लॉक की नीलामी का कड़ा विरोध कर रहे है।

ये कोयला ब्लॉक 100 साल पुरानी सार्वजनिक क्षेत्र की कोयला खनन कंपनी एसएससीएल की मौजूदा कोयला खदानों के साथ स्थित हैं। उन्होंने कहा कि सिंगरेनी लाभ कमाने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की खनन कंपनी है जो पिछले 20 वर्षों से लगातार मुनाफा दर्ज कर रही है। "एक बहुत ही तर्कहीन और विचित्र निर्णय में, भारत सरकार ने सिंगरेनी कोयला ब्लॉकों से सटे कोयला ब्लॉकों की नीलामी की घोषणा की है। अब तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक और तमिलनाडु के थर्मल पावर स्टेशनों को कोयले की आपूर्ति करती है। इसके बजाय। उत्तम कुमार रेड्डी ने लोकसभा में कहा कि इन कोयला ब्लॉकों को एससीसीएल को आवंटित करने के लिए कोयला मंत्रालय उन्हें नीलामी के लिए रख रहा है जो एक तर्कहीन और आपत्तिजनक फैसला है। कांग्रेस सांसद ने मांग की कि कोयला ब्लॉकों की नीलामी रद्द की जाए और उन्हें सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एसएससीएल को आवंटित किया जाए।







स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com



SHOP FOR SALE
20X25, GROUND FLOOR, GVMC PLAN APPROVAL, East Facing at BRTS Main Road, Nr. Ramatakies, Vizag. LOAN AVAILABLE.
9885823578


# बीसी कल्याण पर तेजी से काम : वाईएस जगन



विजयवाड़ा, 7 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने बीसी को पिछड़ा वर्ग नहीं बल्कि रीढ़ की हड्डी वाला वर्ग करार दिया। विजयवाड़ा के इंदिरा गांधी स्टेडियम में जयहो बीसी महासभा को संबोधित करते हुए सीएम वाईएस जगन ने कहा कि राज्य सरकार पिछले साढ़े तीन साल से पिछड़ा वर्ग के कल्याण के लिए काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने बीसी लोगों से किए गए वादों को पूरा नहीं करके उन्हें धोखा दिया है। उन्होंने सभी से 2019 में एलुरु बीसी घोषणा को याद करने के लिए कहा और उन्होंने बीसी से किए गए सभी वादों को कैसे पूरा किया। उन्होंने कहा कि वाईएस जगन सरकार देश में पहली बार एक स्थायी बीसी आयोग लाई।

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.